# जन एक्सप्रेस

लखनऊ
वर्षः 15 | अंकः 199
मूल्यः ₹3.00/-
पेज : 12

@janexpressnews | janexpresslive | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper

शुक्रवार | 03 मई, 2024


## फिरोजाबाद में सीएम योगी आदित्यनाथ का राहुल पर निशाना, बोले

# दादी के नारे को तोता की तरह रट रहा पोता

- इंडी गठबंधन को मिलने वाला वोट पाप में भागीदार बनने जैसा, ये लोग राम मंदिर में रोड़ा थे
- मैनपुरी में बोले, भारत को गुलामी की ओर धकेलने की साजिश का हिस्सा है सपा-कांग्रेस गठबंधन
- सीएम योगी बोले, इंडी गठबंधन को वोट देने का मतलब भारत की आस्था के साथ खिलवाड़

जन एक्सप्रेस। फिरोजाबाद-मैनपुरी

फिरोजाबाद में गुरुवार को सिरसागंज स्थित गिरधारी इंटर कालेज के मैदान पर भाजपा प्रत्याशी विश्वदीप सिंह के पक्ष में चुनावी जनसभा को संबोधित करने पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सिरसागंज वाले बाबा कालेश्वर की जय। बाबा नीम करौली की जय जयकार करते हुए संबोधन शुरू किया। उन्होंने कहा कि मुझे दूसरी बार फिरोजाबाद आने का सौभाप्य मिला है। दो चरण पूरे हो चुके हैं। तीसरे चरण के चुनाव में आपको मतदान करके इसमें सहभागी बनना है। दो चरणों के चुनाव में आठ राज्यों में मैं गया हूं। एक ही स्वर गूंज रहा है। फिर एक बार मोदी सरकार का। मोदी जी के नेतृत्व में 10 सालों के अंदर जो अभूतपूर्व कार्य हुआ है। यहां से गठबंधन और बसपा ने भी अपने प्रत्याशी उतारे हैं। विकास मुख्य मुद्दा है। क्या कांग्रेस और सपा के लोग राम मंदिर का निर्माण कर पाते। राम मंदिर बनने से सभी खुश हैं। राम मंदिर निर्माण में सबसे बड़े रोड़े कांग्रेस, सपा और बसपा थे। इन रोड़ों को आप ताज पहनाएंगे क्या। जो लोग ये कहते थे कि राम हुए ही नहीं।



### कांग्रेस वाले कहते हैं कि वह विरासत टैक्स लगाएंगे

सपा के लोग कहते थे कि अयोध्या में परिंदा भी पर नहीं मार सकता। अयोध्या में राम मंदिर और काशी में काशी विश्वनाथ का निर्माण हो गया है। मथुरा में जितनी भी भूमि है, वह भगवान कृष्ण की भूमि है। कांग्रेस वाले कहते हैं कि वह विरासत टैक्स लगाएंगे। वह औरंगजेब के भी पिता हो गए हैं। उसने जजिया कर लगाया, ये विरासत टैक्स लगाएंगे। ये आपके हक पर डकैती है। धार्मिकता के आधार पर देश का विभाजन हुआ था। कांग्रेस कहती है कि ओबीसी और एससी के आरक्षण के एक हिस्से को काटकर मुसलमानों को दे देंगे।

### आतंकवाद और नक्सलवाद सिर चढ़कर बोल रहा था

जब ये सत्ता में थे तब कुछ नहीं कर पाए। देश की सीमाएं असुरक्षित थीं। आतंकवाद और नक्सलवाद सिर चढ़कर बोल रहा था। गरीब कल्याणकारी योजनाओं में डकैती पड़ती थी। गरीबों को मिलता ही नहीं था। दुनिया में सम्मान मिला है। आतंकवाद नक्सलवाद समाप्त हुआ है। देश की धमक है। मजबूत हाथों में देश होता है तो दुनियां नजरें झुकाती हैं। मजबूर हाथ में होता है तो दुनियां आंखें दिखाती है। इंदिरा गांधी ने 1970 में नारा दिया था गरीबी हटाओ। गरीबी नहीं हटी। 54 वर्ष बाद उनका नाती नारा दे रहा है कि गरीबी हटाएंगे। कैसे हटाएंगे। दादी के नारे को पोता तोता की तरह रट रहा है। कोरोना संकट आने पर राहुल देश छोड़कर चले गए। चुनाव जैसे आते हैं ये लोग बड़ी बड़ी घोषणाएं करते हैं। नए भारत में निश्शुल्क राशन, फ्री इलाज, जन धन खाता खुलवाए। मोदी जी ने सबका साथ सबका विकास को लेकर सभी के लिए काम किया है। नए भारत को आत्मनिर्भर और विकसित भारत बनाना है।

### माफियाओं का कर दिया राम नाम सत्य

रामलला मंदिर में विराजमान हो गए और बड़े बड़े माफियाओं का राम नाम सत्य कर दिया गया। सपा और बसपा के समय में क्या होता था। कांग्रेस, सपा, बसपा सुरक्षा नहीं दे सकते। सुशासन नहीं दे सकते। विकास नहीं करा सकते। गरीब कल्याणकारी योजनाएं नहीं दे सकते। फिर ऐसे बोझा को ढोने से क्या फायदा। कांग्रेस कहती है अल्पसंख्यकों को मनमाना खाने को देंगे। कुछ लोग गो हत्या को बढ़ाने का काम करेंगे। आने वाली पीढ़ियां कोसेंगी। इंडी गठबंधन को मिलने वाला वोट पाप में भागीदार बनने जैसा है। आपको सावधान करने आया हूं। भाजपा पूरे देश के अंदर चुनाव लड़ रही है। मोदी जी को तीसरा कार्यकाल देना होगा। इसके लिए विश्वदीप को जिताकर भेजना होगा। सात मई को चुनाव है। चार जून को परिणाम आएगा। फिरोजाबाद गिलास के माध्यम से दुनिया में जाना जाता है। भारत माता की जय के साथ संबोधन को समाप्त किया। अंत में जयश्रीराम के नारे लगाए।

### योगी के रोड शो में 50 बुलडोजर

**मैनपुरी।** सीएम योगी ने गुरुवार को मैनपुरी में ढाई किलोमीटर का रोड शो किया। इसमें 50 बुलडोजर भी शामिल हुए। उन्होंने कहा- सपा और कांग्रेस गठबंधन भारत को गुलामी की ओर धकेलने की साजिश का हिस्सा है। रोड शो में सीएम पर मुस्लिम समुदाय के लोगों ने फूल बरसाए। सीएम ने भी हाथ हिलाकर लोगों को अभिवादन स्वीकार किया। मैनपुरी से सीएम एटा पहुंचे। उन्होंने कहा- सपा-कांग्रेस कहती थी कि तारीख बताओ। हमने तो राम मंदिर भी बना दिया। सपा ने कल्याण सिंह का भी अपमान किया था, उसे वोट पाने का अधिकार नहीं है। चुनाव में जाति धर्म नहीं सिर्फ मोदी को देखिए। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह गुरुवार को बरेली पहुंचे और जनसभा को संबोधित किया। अखिलेश यादव के परिवारवाद राजनीति पर हमला बोला है। उन्होंने कहा, अखिलेश जी खुद मुख्यमंत्री बनना चाहते हैं, और अपने बेटे, पत्नी, भतीजे को मुख्यमंत्री बनाने के लिए राजनीति में हैं। वो क्या किसी का भला कर सकते हैं। वो क्या नौजवानों का भला कर सकते हैं। गरीब घर का भला सिर्फ गरीब घर से आने वाले नरेंद्र मोदी ही कर सकते हैं। ष्टरू योगी आदित्यनाथ ने कहा, लोकसभा चुनाव को लेकर पूरे देश में जो माहौल है उसी को ध्यान में रखते हुए मैनपुरी भी इस बार परिवर्तन की राह पर चल रहा है। सपा और कांग्रेस का ये गठबंधन भारत को एक बार फिर से गुलामी की ओर धकेलने की साजिश का हिस्सा है। इनके द्वारा कैसे भी हो देश के अंदर एससी,एसटी और ओबीसी के आरक्षण के अधिकार पर सेंध लगाकर अल्पसंख्यकों को बांटने की साजिश हो रही है। इंडिया गठबंधन को वोट देने का मतलब भारत की आस्था के साथ खिलवाड़ और कोई भी सच्चा भारतीय जो अपनी आस्था को सम्मान करते हैं वे कांग्रेस गठबंधन की इस साजिश को कतई सफल नहीं होने देगा।

संबंधित खबर पेज 11 पर

### ये चुनाव राष्ट्र विरोधी राष्ट्रवादी पार्टी के बीच है: बघेल

केंद्रीय राज्य मंत्री प्रोफेसर एसपी सिंह बघेल ने संबोधन में कहा कि आगरा लोकसभा के साथ फिरोजाबाद में भी चुनाव है। मैं अपनी लोकसभा का चुनाव प्रचार छोड़कर सहायता के लिये फिरोजाबाद आया हूं। ये चुनाव राष्ट्र विरोधी राष्ट्रवादी पार्टी के बीच है। जनता ने कहा कि जिस पेड़ से मकनरूपी फल किसान सम्मान निधि का फल ले रहे हैं। हम पेड़ को संचित करेंगे। हम कालिदास नहीं जो उसे काटने का काम करेंगे। ये प्रतज्ञ राष्ट्र है यदि भारत में जातिवाद न होता यदि भारत मे अंधभक्त न होते तो 80 सीट पर कमल खिलेगा। सपा बसपा के लोगो से कहूंगा आवास देना सरकार का कर्त्तव्य है। यदि मोदी जी गरीब घर में पैदा न होते तो ये योजना न होती। मुंशी प्रेम चंद की कहानी याद कर लोग 90 प्रतिशत नंबर लाते हैं।

# कांग्रेस सरकार आई तो खन्म कर देगी किसान सम्मान निधि: जयंत

जन एक्सप्रेस | हाथरस

- यूपीए-2 में चौधरी अजित सिंह बहुत छोटे कार्यकाल के लिए मंत्री रहे थे, मनमोहन सिंह प्रधानमंत्री थे

राष्ट्रीय लोकदल के अध्यक्ष जयंत चौधरी ने 2 मई को कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। कहा, कांग्रेस की सरकार आई तो प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना को खत्म कर देगी। कांग्रेस किसानों का वोट तो लेना चाहती है, मगर उसके चुनावी घोषणापत्र में किसान सम्मान निधि का जिक्र नहीं है। सादाबाद के छाबी मियां के बाग में भाजपा प्रत्याशी अनूप प्रधान के समर्थन में चुनावी जनसभा में जयंत चौधरी ने कहा कि हमने विपक्षी दल के रूप में एक बार कहा था, किसान की लागत बढ़ गई है, उसकी निधि में वृद्धि की जाए। यही विपक्षी पार्टी का काम होता है। उन्होंने कहा, मैंने कांग्रेस के घोषणा पत्र की एक-एक लाइन पढ़ी है। कांग्रेस महिलाओं, छात्रों को योजनाओं का लाभ देगी। लेकिन लाभ देने से पहले जीएसटी से कटौती करेगी या अन्य स्थानों से वसूली करेगी। जयंत चौधरी ने कहा, पहले योजनाओं का सीधा लाभ लोगों को नहीं मिलता था, आज 10 साल में यह अंतर आया है। यूपीए-2 में चौधरी अजित सिंह बहुत छोटे कार्यकाल के लिए मंत्री रहे थे, मनमोहन सिंह प्रधानमंत्री थे। उस समय यह प्रस्ताव बनाया गया था कि सीधे लाभार्थी के खाते में लाभ को पहुंचाया जाए, लेकिन उस समय निर्णय लेने की इच्छाशक्ति नहीं थी, क्षमता नहीं थी।

# जिला पंचायत की भूमि पर कब्जे को लेकर उच्च न्यायालय की दो टूक

## दो माह में मामले का निपटारा करें उप जिलाधिकारी: उच्च न्यायालय

- फर्जी हलफनामा देने वाले राजस्व निरीक्षक पर अब तक नहीं हुई कोई कार्यवाही
- उप जिलाधिकारी न्यायालय सरोजनीनगर में लंबित है मामला

जन एक्सप्रेस | विश्वामित्र पांडेय

**सरोजनीनगर/लखनऊ।** बंथरा सिकंदरपुर स्थित जिला पंचायत के आयुर्वेदिक चिकित्सालय की भूमि पर कब्जे को लेकर दाखिल की गई जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए उच्च न्यायालय लखनऊ खंडपीठ ने संबंधित अधिकारियों को मामले के निस्तारण हेतु दो माह का समय देते हुए याचिका का निस्तारण कर दिया। बताते चलें कि लखनऊ कानपुर राजमार्ग पर स्थित बंथरा सिकंदरपुर में आयुर्वेदिक चिकित्सालय के नाम दर्ज खसरा संख्या 544/2021 क्षेत्रफल 0.177 हे. भूमि पर कथित भूमाफियाओं द्वारा कब्जा कर दुकानें व शोरूम संचालित किया जा रहे हैं। उक्त मामले में जहां जिला पंचायत ने संज्ञान लेते हुए लोक संपत्ति क्षति निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कराते हुए अन्य विधिक कार्यवाही की है वहीं उच्च न्यायालय लखनऊ खंडपीठ में एक जनहित याचिका भी दायर की गई थी। दो जजों की बेंच ने मामले की सुनवाई करते हुए विभिन्न पहलुओं पर टिप्पणी किए बगैर जिला पंचायत की भूमि के मामले को दो माह के भीतर निस्तारित करने का आदेश देते हुए याचिका निस्तारित कर दी है।



शुभम गुप्ता

### पेशबंदी के तौर पर शुभम गुप्ता ने राजस्व कर्मचारियों के खिलाफ की थी झूठी शिकायत

जिला पंचायत की भूमि पर कब्जे की शिकायत के बाद हरकत में आए सरकारी अमले और राजस्व विभाग द्वारा की जा रही कार्यवाही को प्रभावित करने के लिए उक्त भूमि के एक कब्जेदार शुभम गुप्ता ने राजस्व कर्मचारियों व अधिकारियों पर विभागीय कार्यवाही किए जाने हेतु एक शिकायत की थी, जिस पर तत्कालीन लेखपाल धर्मेंद्र कुमार से जांच आख्या मांगी गई थी। उक्त शिकायत पर तत्कालीन लेखपाल धर्मेंद्र कुमार ने अपनी आख्या प्रस्तुत करते हुए यह कहा था कि शुभम गुप्ता द्वारा जिला पंचायत की भूमि पर कब्जा किए जाने के संबंध में तहसील प्रशासन द्वारा की जा रही कार्यवाही से क्षुब्ध होकर उपरोक्त शिकायत की गई थी।

### कई बार हुई जांच, हर बार पाया गया अवैध कब्जा

कब्जे की शिकायत के बाद तत्कालीन क्षेत्रीय लेखपाल संजय शुक्ला द्वारा की गई जांच रिपोर्ट के अनुसार जिला पंचायत की भूमि पर अन्य लोगों द्वारा अवैध कब्जा पाया गया। आईजीआरएस पर लेखपाल द्वारा लगाई गई रिपोर्ट के बाद उप जिलाधिकारी सरोजनीनगर द्वारा छः सदस्यीय टीम बनाकर उक्त मामले की जांच कराई गई। राजस्व टीम की जांच में भी उक्त भूमि खसरा संख्या 544/2021 क्षेत्रफल 0.177 हे0 पर अन्य लोगों का कब्जा पाया गया। राजस्व टीम की जांचोपरांत अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत द्वारा अतिक्रमण हटाए जाने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। तत्कालीन अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत लखनऊ प्रणव पांडेय के निर्देश पर तत्कालीन राजस्व निरीक्षक जिला पंचायत सुनील कुमार राम द्वारा स्थानीय थाने में अवैध कब्जेदारों का कृत्य भूमाफियाओं जैसा बताते हुए दश लोगों के विरुद्ध लोक संपत्ति क्षति निवारण अधिनियम की धारा 2/3 व आईपीसी की धारा 447 के तहत प्राथमिक की दर्ज कराई गई।

### राजस्व निरीक्षक द्वारा दिया गया था झूठा हलफनामा

उक्त मामले में बंथरा थाने में दर्ज मु. अ.सं 68/2023 में पुलिस द्वारा मामले की जांच के दौरान तत्कालीन जिला पंचायत राजस्व निरीक्षक सुनील कुमार राम द्वारा बिना अधिकारियों के निर्देश के ही जांच अधिकारी को झूठा हलफनामा देकर पुलिस की जांच को गुमराह कर मुकदमे में एफआर लगवा दी गई थी। जब यह प्रकरण अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत लखनऊ के संज्ञान में आया तब उच्च अधिकारियों द्वारा राजस्व निरीक्षक सुनील कुमार राम के द्वारा दिए गए हलफनामे को नजर अंदाज करते हुए पुनः जांच करने का निर्देश दिया गया, जिसके बाद नए सिरे से पुलिस द्वारा मामले में जांच शुरू की गई। फिलहाल सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस की जांच में भी उक्त सभी कब्जेदार दोषी पाए गए हैं। जबकि राजस्व निरीक्षक सुनील कुमार राम के विरुद्ध जिला पंचायत द्वारा आज तक कोई कार्यवाही नहीं नहीं की गई।

## कैसरगंज सीट से बृजभूषण शरण सिंह का टिकट कटा, भाजपा ने उनके बेटे करण पर जताया भरोसा

जन एक्सप्रेस | गोंडा

भारतीय जनता पार्टी ने गुरुवार को कैसरगंज प्रत्याशी घोषित कर तमाम तरह के कयासों पर विराम लगा दिया। कैसरगंज के बहुचर्चित सांसद बृजभूषण शरण सिंह का टिकट काट दिया गया है। उनके बेटे करण भूषण सिंह को पार्टी ने प्रत्याशी बनाया है। ऐसे में करण भूषण सिंह पहली बार लोकसभा चुनाव में भाजपा के टिकट पर किस्मत अजमाएंगे। शुक्रवार नामांकन के लिए आखिरी तिथि निर्धारित है। करण भूषण सिंह उत्तर प्रदेश कुश्ती संघ के अध्यक्ष हैं।

## अवैध मदरसे से 21 बच्चों को कराया गया मुक्त, मासूमों को दी जाती थी कट्टरपंथी तालीम

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

दुबग्गा के अवैध मदरसे से बाल आयोग की टीम ने 21 बच्चों को मुक्त कराया। इनमें से अधिकतर बच्चे बिहार के हैं, जिन्हें दस दिन पहले ही यहां लाया गया था। ग्रामीणों की शिकायत पर टीम ने यह कार्रवाई की। अंधे की चौकी के कशमंडी रोड स्थित लालनगर खेड़ा गांव में बिना रजिस्ट्रेशन के मदरसा जमी आतुल कासिम अल इस्लामिया चल रहा था। ग्रामीणों ने बाल आयोग को शिकायत कर बताया कि मदरसे में छोटे-छोटे बच्चों को रखकर कट्टरपंथी तालीम दी जा रही है। दो कमरों के मदरसे में बच्चे मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। इस पर बाल आयोग की टीम बुधवार शाम यहां पहुंची। टीम ने देखा कि दो कमरों में 24 बच्चे रह रहे हैं। इनमें से 21 को मुक्त करवाकर बाल आयोग भेजा गया। बचे तीन बच्चे मदरसा संचालक मौलाना इरफान के हैं, जो उन्हें सौंप दिए गए। मौलाना का साथी शिक्षक सैफुल्लह भी यहां काम करता है। दोनों बिहार के दरभंगा के गयारी थाना बिरौल के रहने वाले हैं। बाल आयोग की सदस्य सुचिता चतुर्वेदी ने बताया कि इरफान आजमगढ़ के दरियापुर गांव निवासी जीशान का मकान किराये पर लेकर मदरसा चला रहे थे।

**रिपोर्ट** सुप्रीम कोर्ट ने अपने निर्णय में स्पष्ट किया, वैध रस्मों को पूरा किए बिना किसी शादी को हिंदू विवाह अधिनियम के तहत मान्यता नहीं दी जा सकती

# नाच-गाना, खाना-शराब-दहेज नहीं, रस्मों से बना पवित्र रिश्ता है शादी

जन एक्सप्रेस | डॉ.वैभव शर्मा

- जस्टिस बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने कहा कि हिंदू विवाह एक संस्कार और पवित्र बंधन है
- दरअसल, दो प्रशिक्षित वाणिज्यिक पायलटों ने वैध रस्मों से विवाह किए बिना ही तलाक के लिए मंजूरी मांगी थी

**लखनऊ।** सुप्रीम कोर्ट ने हिंदू विवाह की रस्मों के महत्व को न सिर्फ रेखांकित किया है बल्कि सुखी परिवार और अच्छे समाज के लिए रस्मों को समझने और उन पर अमल करने के लिए समाज और विशेष रूप से युवाओं से अपील भी की है। एक महत्?वपूर्ण फैसले में सर्वोच्च अदालत नए कहा है कि हिंदू विवाह नाचने-गाने और खाने-पीने या वाणिज्यिक लेनदेन का अवसर नहीं है। वैध रस्मों को पूरा किए बिना किसी शादी को हिंदू विवाह अधिनियम के तहत मान्यता नहीं दी जा सकती है। जस्टिस बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने कहा कि हिंदू विवाह एक संस्कार और पवित्र बंधन है, जिसे भारतीय समाज में काफी महत्व दिया जाता है। सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने यह टिप्पणी दो प्रशिक्षित वाणिज्यिक पायलटों के मामले में की है। दोनों पायलटों ने वैध रस्मों से विवाह किए बिना ही तलाक के लिए मंजूरी मांगी थी।

### युवा इसके बारे में गहराई से विचार करें

अपने आदेश में पीठ ने युवक-युवतियों से आग्रह किया कि वे विवाह की संस्था में प्रवेश करने से पहले ही इसके बारे में गहराई से विचार करें, क्योंकि भारतीय समाज में विवाह एक पवित्र बंधन है।



### बिना विवाह रस्मों के पति और पत्नी होने का दर्जा हासिल करना गलत

पीठ ने शादी को पवित्र बताया क्योंकि यह दो लोगों को आजीवन, गरिमापूर्ण, समान, सहमतिपूर्ण और स्वस्थ मिलन प्रदान करती है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हिंदू विवाह परिवार की इकाई को मजबूत करता है और विभिन्न समुदायों के भीतर भाईचारे की भावना को मजबूत करता है। दो जजों की बेंच ने कहा, 'हम उन युवा पुरुषों और महिलाओं के चलन की निंदा करते हैं जो (हिन्दू विवाह) अधिनियम के प्रावधानों के तहत वैध विवाह समारोह के अभाव में एक-दूसरे के लिए पति और पत्नी होने का दर्जा हासिल करना चाहते हैं और इसलिए कथित तौर पर शादी कर रहे हैं'।

> "सुप्रीम कोर्ट का निर्णय स्वागत योग्य है। समाज को इससे प्रेरणा लेनी चाहिए। बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि रस्मों और उनके महत्व को दरकिनार कर शादी समारोह को बाजार की भेंट चढ़ा दिया गया है। सभी का ध्यान खाने-पीने, लहंगा-शेरवानी-शराब, नाचने-गाने,बैंड-बाजा पर रहता है। शादी का मूल आधार रस्म औपचारिकताओं तक निपटती जा रही हैं। सात फेरे और विवाह की अन्य रस्म ही दो लोगों परिवारों और कुल का मिलन कराती है। इसके बाद परिवार की नई इकाई के रूप में संतान प्राप्ति होती है। इसी से स्वस्थ समाज का निर्माण होता है।
>
> **प्रोफेसर विंध्येश्वरी प्रसाद मिश्र 'विनय'**
> (सेवानिवृत्त)
> डिपार्टमेंट ऑफ़ वैदिक साइंसेज
> बनारस हिंदू विश्वविद्यालय

### जयमाल हिंदू विवाह की रस्म नहीं

प्रोफेसर विंध्येश्वरी प्रसाद ने जन एक्सप्रेस से कहा आश्चर्य की बात है कि सात फेरों से ज्यादा महत्व आज जयमाल को दिया जा रहा है। जबकि जयमाल हिंदू विवाह की रस्म का हिस्सा नहीं है। यह दरअसल स्वयंवर के तहत एक प्रक्रिया थी जिसमें एक महिला अपने लिए पति के रूप में वीर और पराक्रमी पुरुष का चयन करती थी। जैसे माता सीता ने प्रभु राम का वरण किया था। उस दिशा में तो यह ठीक था। लेकिन आज जयमाल को बेवजह हर शादी में अधिक महत्व दिया जा रहा है। जबकि पुरोहित से शादी की रस्म जल्द से जल्द निपटाने को कहा जाता है।

### रात की जगह दिन में शादी की रस्म बेहतर, मुहूर्त का है महत्व

प्रोफेसर विंध्येश्वरी प्रसाद ने बताया कि व्यवस्था के तहत शादी की रस्म दिन में किया जाना बेहतर और प्रशस्त है। हालांकि शादी की रस्म में अधिक महत्व मुहूर्त का होता है। दिन में होने वाली शादी में वर-वधु को भगवान सूर्य के दर्शन कराए जाते हैं। इसी तरह अगर मुहूर्त रात का निकला है तो वर-वधु को ध्रुव तारे का दर्शन कराया जाता है। इन महत्व को किनारे कर रात में शादी का फैशन सा बन गया है।

### सात फेरे नहीं तो विवाह मान्य नहीं

पीठ ने 19 अप्रैल के अपने आदेश में कहा कि जहां हिंदू विवाह सप्तपदी (दूल्हा एवं दुल्हन द्वारा पवित्र अग्नि के समक्ष सात फेरे लेना) जैसे संस्कारों या रस्मों के अनुसार नहीं किया गया हो, उस विवाह को हिंदू विवाह नहीं माना जाएगा। सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला अपने आप में महत्?वपूर्ण है। इससे हिन्?दू विवाह को लेकर कई तरह की बातों को स्?पष्?ट किया गया है।

### शादी कोई वाणिज्यिक लेनदेन नहीं

सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने कहा, 'शादी नाचने-गाने और खाने-पीने का आयोजन या अनुचित दबाव डालकर दहेज और उपहारों की मांग करने का अवसर नहीं है। इसके बाद आपराधिक कार्यवाही शुरू हो सकती है। शादी कोई वाणिज्यिक लेनदेन नहीं है। यह एक पवित्र बंधन है जो एक पुरुष और एक महिला के बीच संबंध स्थापित करने के लिए है, जो भविष्य में एक विकसित परिवार के लिए पति और पत्नी का दर्जा प्राप्त करते हैं, जो भारतीय समाज की एक बुनियादी इकाई है'।



# प्रदूषण से कराहती मन्दाकिनी वर्षों से भुगत रही कालापानी की सजा!

**मोक्षदायिनी मांग रही न्याय...मन्दाकिनी को निर्मल बनाने को लोकसभा में आज तक नहीं उठा मुद्दा, करोड़ों लोगों की आस्था का केंद्र मन्दाकिनी गिन रही अंतिम सांसें**

जन एक्सप्रेस । सचिन वन्दन

**चित्रकूट।** पावन पवित्र धाम चित्रकूट में भगवान श्री राम ने अपने वनवास काल का सबसे अधिक समय यहीं व्यतीत किया है।

६ ६ ६ श्री रामचरित मानस में बाबा तुलसीदास ने लिखा है,

**'राम कथा मंदाकिनी, चित्रकूट चित चारु।**
**तुलसी सुभग सुनेह बन, सिय रघुवीर बिहारु॥'**

इसका अर्थ है, की श्री राम जी की कथा मंदाकिनी नदी है, सुंदर (भक्ति से पूर्ण निर्दोष) चित्त चित्रकूट है, और स्नेह ही सुंदर वन है जिसमें सीताराम जी विहार करते हैं। ८ ८ ८ चित्रकूट में प्रवाहित पुण्य सलिला मन्दाकिनी इन दिनों प्रदूषण से कराहती हुई अंतिम सांसे गिन रही है। सनातनियों के आस्था का प्रमुख केंद्र मन्दाकिनी अपने अस्तित्व की लम्बे समय से लड़ाई लड़ रही है। लेकिन सिसकती मंदाकिनी की दुर्दशा कोई देखने और सुनने कोई तैयार नहीं है।मृत्युशय्या पर पड़ी मन्दाकिनी संजीवनी मांग रही है। वनवास काल के दौरान भगवान श्री राम माता सीता और भ्राता लक्ष्मण के सहित इसी सदानीरा मे स्नान किया करते थे। महाकवि तुलसीदास को भी इसी नदी के तट पर रामघाट में भगवान श्री राम के दर्शन हुए थे। धार्मिक दृष्टि से मंदाकिनी बेहद महत्वपूर्ण नदी है। लेकिन सियासत का शिकार हुई मंदाकिनी झूंठे वादों मे हर बार छली गई। न जाने मंदाकिनी किस बात की कालापानी की सजा भुगत रही है। साधू-संतों ने कई बार मंदाकिनी की दुर्दशा ले द्यकर धरना भी दिया। मध्य प्रदेश के तात्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह ने खुद आकर साधुओं से मुलाकात कर मंदाकिनी को प्रदूषण मुक्त करने का विश्वास दिलाया लेकिन सरकार की तरफ से कोई ध्यान नहीं दिया गया। उधर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधानसभा चुनाव में मन्दाकिनी नदी को प्रदूषणमुक्त करने का वादा किया था। 2017 विधानसभा चुनाव के बाद 2022 तक बार-बार दोहराया गया। दोबारा सरकार बन गई और मुख्यमंत्री चित्रकूट का कई बार दौरा भी किया और मन्दाकिनी को बचाने की हुंकार भरी लेकिन मतलबी स्थानीय जनप्रतिनिधियों के उदासीनता के चलते हालात और भी बद्तर हो चुके हैं। लोकसभा चुनाव होने को हैं। प्रत्याशी लंबी चौड़ा घोषणापत्र जारी कर रहे हैं, लेकिन उन घोषणा पत्रों मे कहीं भी मंदाकिनी का जिक्र नहीं है। चित्रकूट की जीवन रेखा किसी को याद नहीं।

### कुर्सी मिलते ही कर दिया जाता नजरअंदाज

सिस्टम के पहरुओं ने सियासी जमीन पर इसकी दुर्दशा को मुद्दा तो बनाया लेकिन मखमली कुर्सियों पर आसीन होते ही इस पतित पावनी को नजर अंदाज कर दिया जाता है। जबकि मंदाकिनी चित्रकूट की सांसे हैं। इसके सूखने से पेयजल के लिए हाहाकार मच जाएगा। जलस्तर गिरने के साथ कई बड़े नुकसान उठाने होंगे।




### अच्छा खासा बजट खर्च, फिर भी नहीं बदली सूरत

नदी के सफाई के नाम पर अच्छा खासा बजट भी खर्च हो गया। फिरी भी कोई परिवर्तन नहीं दिखा। सबसे बडा सवाल यह है कि पांच सालों में मन्दाकिनी के लिए सिस्टम के पहरुओं ने क्या प्रयास किये हैं? सिंचाई विभाग नमामि गंगे योजना के तहत मंदाकिनी सफाई के नाम पर करोडों रूपये खर्च हो गए लेकिन फिरी भी प्रदूषण से कराहती मंदाकिनी जीवनदान मांग रही है। अगर इसी तरह से मंदाकिनी सफाई के नामपर खानापूर्ति होती रही तो मंदाकिनी की सांसें टूटने मे समय नहीं लगेगा।

### जर्जर पुल कभी भी हो सकता है धराशायी

मन्दाकिनी पुल टूटने से बड़ी जनहानि हो सकती है, लेकिन जनप्रतिनिधि द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा, इस मार्ग पर सबसे अधिक ट्रक दौड़ते हैं। इस पुल के ऊपर से झांसी-मिर्जापुर हाइवे निकला है, जिससे रातदिन बराबर ओवरलोड ट्रकों के चलने से भारी खतरा बना हुआ है। वैसे भी इस पुल मे पेड उगने से कई जगह दरारें आ गई हैं। इस पुल की जैकटिंग नहीं होने से काफी कमजोर हो चुका है। बावजूद जिम्मेदारों द्वारा कोई प्रयास नहीं किये गए। इससे यही अंदाजा लगाया जा सकता है कि जिम्मेदारों को किसी बडी घटना का इंतजार है।

### पुनर्जीवन को लेकर लोकसभा में कभी नहीं किया प्रश्न

मंदाकिनी पुनरोत्थान के लिए बातें तो बड़ी-बड़ी की गई लेकिन प्रयास रत्तीभर भी नहीं किए गए।जनप्रतिनिधियों ने धर्म की राजनीति तो खूब की लेकिन धार्मिक चीजों के संरक्षण की ओर जरा भी ध्यान नहीं दिया। उच्च स्तर पर कार्य होने पर ही मंदाकिनी को प्रदूषण मुक्त किया जा सकता है। लेकिन स्थानीय जनप्रतिनिधि मंदाकिनी की दुर्दशा पर कभी भी गंभीर नहीं दिखे। मंदाकिनी की टूटती सांसों को लेकर सदन मे कभी भी यह मुद्दा नहीं उठाया गया। जिससे मोक्षदायिनी का जीवन सुरक्षित किया जा सके। यहां तक की प्रत्यासियों द्वारा अपने घोषणापत्र मे भी मंदाकिनी को शामिल नहीं किया गया है।

# मतदान ड्यूटी में गैर जनपद से आने वाले जवान पांच स्थानों पर ठहरेंगे

जन एक्सप्रेस । कालपी




आगामी 20 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव के मतदान को लेकर स्थानीय प्रशासन तथा पुलिस विभाग के द्वारा तैयारियां तेज कर दी गई है। गैर जनपदों से चुनाव ड्यूटी में कालपी विधानसभा क्षेत्र में आने वाले अर्द्धसैनिक बलों, पुलिस कर्मियों तथा होमगार्ड के जवानों के ठहराव के लिए पांच भवनों को चयनित किया गया है।

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक कामता प्रसाद तथा अतिरिक्त निरीक्षक मोहम्मद अशरफ तथा वरिष्ठ उपनिरीक्षक राजेश कुमार के द्वारा ठहराव स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। विभागिग सूत्रों के अनुसार नगर पालिका के द्वारा संचालित शेल्टर होम, फातिमा माता विद्यालय लंगरपुर में अर्द्ध सैनिक बल के जवानों को ठहराया जाएगा। कालपी कालेज कालपी में पुलिस कर्मी ठहरेंगे तथा जोल्हूपुर स्थित इंटर कॉलेज में होमगार्ड के जवानों का ठहराव स्थल रहेगा। इसके अलावा सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज बड़ा बाजार में भी फोर्स का ठहराव किया जाएगा। कोतवाल कामता प्रसाद ने थानेदारों के साथ शेल्टर होम, इंटर कॉलेज तथा डिग्री कालेज का घूम-घूमकर निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बिजली, पानी, शौचालय, जनरेटर तथा साफ सफाई की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिन-जिन भवनों में फोर्स का ठहराव होगा उन जगहों में व्यवस्थाओं को चुस्त दुरुस्त किया जा रहा है, जिससे जवानों को किसी भी प्रकार की समस्याओं का सामना ना करना पड़े।

## अवैध शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार



जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर लोकसभा चुनाव-2024 के दृष्टिगत अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम में चैकी प्रभारी शिवरामपुर सत्यमपित त्रिपाठी तथा उप निरीक्षक यूटी कुंवर प्रखर सिंह, आरक्षी श्यामू द्वारा संदीप कुमार निवासी शिवरामपुर को 43 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। आरोपी के विरुद्ध कोतवाली कर्वी में आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

# मध्यस्थता केन्द्र में हुआ पति-पत्नी के विवाद का निस्तारण



जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष जनपद न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम के मार्गदर्शन में गुरूवार को मध्यस्थता केन्द्र में पति-पत्नी के बीच चल रहे विवाद का मुकदमा समाप्त कराया गया। साथ ही दोनों को एक साथ सुलह के बाद घर भेजा गया।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की प्रभारी सचिव अपर जिला जज नीलू मेनवाल ने बताया कि परिवार न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश के यहां दीक्षा पटेल उर्फ काजल बनाम रोहित पटेल का मामला धारा 498 ए, 323, 506 आईपीसी व 3/4 दहेज प्रतिषेध अधिनियम व धारा 13 हिन्दू विवाह अधिनियम के मामले चल रहे थे। जिसमें परिवार न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश द्वारा इन पत्रावलियों को सुलह समझौता के लिए संदर्भित किया गया था। मध्यस्थता केन्द्र के मध्यस्थ अधिवक्ता रविशंकर शुक्ला ने इन दोनों पत्रावलियों को सुलह समझौते के लिए प्रस्तुत किया था। उनके प्रयास से दोनों पक्ष सुलह के बाद एक साथ रहने के लिए सहमत हो गए और सुलहनामा दाखिल किया गया। साथ ही दोनों पक्षों के परिवारीजनों ने भी सुलह कराने में सहयोग किया।

# अली हैदर काशिफ बने कांग्रेस सेवा दल के कार्यवाहक जिला मुख्य संगठक



जन एक्सप्रेस । उरई

प्रमोद कुमार पांडे प्रदेश मुख्य संगठक की संस्तुति पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष धीरेंद्र शुक्ला ने कांग्रेस सेवा दल के कार्यवाहक जिला मुख्य संगठक की जिम्मेदारी युवा अली हैदर काशिफ निवासी मोहल्ला कबीर नगर उरई को दी। इसके बाद युवा अली हैदर को उनके घर बधाई देने के लिए बड़ी संख्या में कांग्रेसी पहुंचे जिसमें इशरत अली रिज़्वी, चांद मियां बेचैन, पप्पू अंसारी (मुर्गे वाले), मोहम्मद इमरान (डब्बू भाई), शैलेंद्र सिंह, अमित कुमार, मुख्तार खान (माइकल), राजा खान, विजय अदनानी, अरुण कुमार द्विवेदी, नन्हे, रिंकू, नईम, बबलू दीक्षित और एहसान मंसूरी मौजूद रहे।

## डिप्टी सीएम केशव बोले: संविधान खतरे में नहीं, सपा, बसपा और कांग्रेस का अस्तित्व खतरे में है

**जन एक्सप्रेस/कौशांबी।** कौशाम्बी के भाजपा प्रत्याशी विनोद सोनकर का नामांकन पत्र दाखिल कराने के बाद डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा की भाजपा की सरकार तीसरी बार केंद्र में पूर्ण बहुमत के साथ बनने जा रही है। मोदी एक बार फिर प्रधानमंत्री बनेंगे। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि 2014 प्रधानमंत्री मोदी के नाम की लहर चल रही थी फिर 2019 में मोदी के नाम की आंधी थी, लेकिन 2024 मोदी के नाम की सुनामी चल रही है। सपा समाप्तवादी पार्टी बन जाएगी। बसपा और कांग्रेस का राजनीतिक अस्तित्व खतरे में आ गया है। भाजपा यूपी में सभी 80 सीटों पर जीत दर्ज करने जा रही है। मौर्य बुधवार को कौशाम्बी के भाजपा प्रत्याशी विनोद सोनकर का नामांकन पत्र दाखिल कराने के बाद जनसभा को संबोधित कर रहे थे।

# शादी का झांसा देकर घर में बंधक बनाने वाला आरोपी गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम के लिए अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी एवं क्षेत्राधिकारी मऊ जयकरन सिंह के पर्यवेक्षण में मानिकपुर पुलिस ने धोखाधडी कर शादी का झांसा देकर घर में बंधक बनाकर मारपीट कर मृत्यु का भय दिखाकर टेबलेट व नगदी ले लेने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया।



मानिकपुर थाना प्रभारी निरीक्षक रीता सिंह ने बताया कि बीती 30 अप्रैल को वादी शिवकान्त शर्मा पुत्र रामनिवास निवासी सुजौनी थाना पिछौर जनपद शिवपुरी मध्य प्रदेश ने थाना मानकिपुर में सूचना दी कि ग्राम डांडी चमरौडी में उनके साथ धोखाधडी कर शादी का झांसा देकर घर में बंधक बनाकर मारपीट व गाली गलौज कर मृत्यु का भय दिखाकर टैबलेट व नगदी ले ली है। इस सूचना पर थाना मानिकपुर में आरोपी के विरूद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया। प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर ने घटना को तत्काल संज्ञान में लेकर उप निरीक्षक मुकेश सिंह परिहार को निर्देशित किया। उप निरीक्षक मुकेश सिंह परिहार तथा उनकी टीम द्वारा राजनारायन निवासी डांडी चमरौडी मजरा चुरेह केशरुवा को गिरफ्तार किया गया। आरोपी की जामा तलाशी से उसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त चाकू बरामद किया गया। साथ ही उसकी निशादेही पर उसके घर से एक बैग में टैबलेट व 2500 रुपये बरामद किये गये।

गिरफ्तार के दौरान उप निरीक्षक राजोल नागर, आरक्षी दीपेश यादव, अजीजुद्दीन, दीपक कुमार, अंकित राजपूत आदि मौजूद रहे।

# तीन साल बाद एनडीपीएस के आरोपित को हुआ चार वर्ष का कारावास

**न्यायाधीश ने फैसले के साथ दस हजार रूपए का लगाया जुर्माना**

जन एक्सप्रेस । उरई

न्यायालय ने करीब तीन वर्ष से अधिक ट्रायल पर चले एनडीपीएस एक्ट के मामले में आरोपी को चार वर्ष की सजा सुनाई गई। न्यायधीश ने गवाहों व साक्ष्यों के आधार पर फैसला सुनाया और दस हजार रुपए के अर्थदंड से भी दंडित किया।



शासकीय अधिवक्ता रामलखन ने बताया की एट थाना पुलिस 16 फरवरी 2020 को थाना क्षेत्र में चेकिंग अभियान चला रही थी। तभी मुखबिर की सूचना मिली कि ग्राम धगवा कला के पास एक युवक हाथ में लिए झोला जिसमे कुछ नशीला पदार्थ है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई, तभी पुलिस को देकर युवक ने भागने लगा। युवक के भागने पर पुलिस को शक हुआ और पुलिस ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। पूछताछ के दौरान पकड़े गए युवक ने अपना नाम दारा सिंह बताया। पुलिस ने उसकी तलाशी ली तो उसके पास से नशीला पदार्थ बरामद हुआ, और पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर उसे जेल भेज दिया था। पकड़े गए युवक की जांच पड़ताल कर उसके खिलाफ न्यायालय में चार्जशीट दाखिल कर दी थी। जिसका ट्रायल अपर जिला जज राजीव सरन की अदालत में चल रहा था। जिसकी सुनवाई गुरुवार को पूरी हुई जिसमे दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं की बहस गवाहों बयानों और साक्षयो के आधार उसे दोषी पाया गया। दोष सिद्ध हो जाने के बाद न्यायाधीश ने आरोपित को चार साल की सजा सुनाई, बल्कि दस हजार रूपये जुर्माना भी लगाया। जुर्माना अदा न करने पर अतिरिक्त कारावास भुगतना पड़ेगा।

# विद्यार्थियों के जरिए मतदाताओं को जागरूक करें शिक्षक

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 में 20 मई को अधिक से अधिक मतदान कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहे हैं। इसी क्रम में नोडल अधिकारी स्वीप मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर ने जनपद के सीबीएसई बोर्ड एवं यूपी बोर्ड के माध्यमिक व बेसिक विद्यालयों के प्रधानाचार्यों की बैठक कर निर्देश दिए कि सभी छात्र-छात्राओं के अभिभावकों के साथ बैठक करके उन्हें मतदान करने के लिए प्रेरित करें। साथ ही बूथों में मिलने वाली सुविधाओं शुद्ध पेयजल, छाया, प्राथमिक चिकित्सा, शौचालय आदि को भी बताएं। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि शिक्षक की बडी भूमिका समाज को बदलने की होती है। शिक्षक की हर बात छात्र-छात्राएं मानते हैं। साथ ही अपने माता-पिता अभिभावकों से शिक्षकों की बात मानवाते भी हैं। ऐसी स्थिति में इससे अच्छा और कोई माध्यम नहीं हो सकता की इस लोकतंत्र के त्योहार में सभी की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए अभिभावकों को मतदान के लिए प्रेरित किया जाय। उन्होंने कहा कि छोटे-छोटे प्रयास से बडा कार्य होता है यदि जनपद के समस्त विद्यालयों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं के अभिभावक अपने इस अधिकार का प्रयोग करेंगे व अन्य मतदाताओं को जागरूक करेंगें तो निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए 70 प्रतिशत से अधिक मतदान के लक्ष्य को आसानी से प्राप्त कर लिया जाएगा, जो जनपद के लिए गौरव की बात होगी।

# विद्यार्थी परिषद ने चलाया मतदाता जागरूकता का अभियान

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कानपुर प्रांत द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान के तहत पहाडी नगर इकाई के अंतर्गत रघुवीर प्रसाद इण्टर कॉलिज में मतदाता जागरूकता रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय की छात्राओं द्वारा मतदाताओं को जागरूक करने के लिए रंगोली बनाई गई। जिसके माध्यम से शत प्रतिशत मतदान करने का आग्रह किया गया। साथ ही सभी छात्रों, शिक्षकों को मतदान के प्रति अपनी जिम्मेदारी का निर्वाह करने के लिए बताया। साथ ही देश के विकास के लिए नक्सलवाद को दूर करने के लिए क्षेत्रवाद, जातिवाद से ऊपर राष्ट्रवाद का नारा दिया। साथ ही छात्रों को मतदान के महत्व को बताया एवं उनको अपने समाज व घरों में 18 साल की उम्र से यदि कोई बडा है तो उसके लिए मतदान के महत्व के बारे में जानकारी दी गयी।



## फास्ट फॉरवर्ड

### लाठियों से हमला कर हत्या के मामले में आधा दर्जन के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**जन एक्सप्रेस/कालपी।** बीते 5 दिन पहले मोटरसाइकिल की टक्कर लगने के बाद मोटरसाइकिल चालक को लाठियां से मार-मारकर हत्या करने की घटना के मामले में पीड़ित पक्ष ने आधा दर्जन लोगों के खिलाफ कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया। इस प्रकरण की पुलिस विवेचना करने में जुट गई है। मामले को लेकर वादी मनोज कुमार पांडेय पुत्र स्व. रामबाबू निवासी मोहल्ला मिर्जामंडी कालपी ने मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि प्रार्थी के चाचा लड़का प्रसन्न पांडेय उर्फ़ शानू पुत्र स्व. चंद्रभान पांडेय 28 अप्रैल को ग्राम गुढ़ाखास स्थित शराब की दुकान में सैल्समैनी करके अपने घर वापस मोटरसाइकिल से लौट रहा था। तभी व्यास मंदिर मदारपुर की समीप आरोपी मुन्ना वाचर निवासी मोहल्ला हरीगंज कालपी ने नशे की हालत में साइकिल को बाइक से टकरा दिया। इस पर शानू ने जब इसका विरोध किया तो गाली गलौज करने लगा तथा फोन के माध्यम से अपने मोहल्ले के चार-पांच लोगों को लाठी डंडे सहित मौके पर बुला लिया। मौके पर पहुँचकर मुन्ना वाचर व 4-5 अज्ञात लोगों ने शानू के ऊपर लाठी डंडों से हमला कर दिया। इस हमले में शानू गम्भीर रूप से घायल हो गया। घायल शानू को उपचार के लिए उरई भर्ती कराया गया जहां हालत ज्यादा गम्भीर होने पर कानपुर के लिए रिफर कर दिया। इलाज के दौरान शानू की मौत हो गई। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करके विवेचना शुरू कर दी है।

### आबकारी अधिनियम के तहत आरोपी को सजा

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** सहायक अभियोजन अधिकारी हरिओम सिंह ने बताया कि आबकारी अधिनियम के आरोपी राजापुर के हनुमानगंज निवासी राकेश सोनकर को न्यायालय ने सजा सुनाई है। सिविल जज सीडि/एफटीसी सोनम गुप्ता ने दोष सिद्ध होने पर आरोपी राकेश सोनकर को 500 रूपए अर्थदण्ड और न्यायालय उठने तक की सजा सुनाई है।

### कलयुगी बेटे ने मां को मार डाला, शव को बगीचे में छिपाया, चरित्र पर करता था शक

**जन एक्सप्रेस/कौशांबी।** ईंट भट्टे पर मजदूरी करने वाले बेटे ने चरित्र पर शक होने पर मां की पिटाई करने के बाद गला दबाकर उसकी हत्या कर दी। घटना छोटे बेटे के सामने हुई। बदहवास छोटे बेटे ने थाने पहुंचकर घटना की जानकारी दी तो पुलिस भी सन्न रह गई। शव को पुलिस ने घर से कुछ दूर स्थित बगीचे से बरामद किया। घटना के बाद आरोपी फरार हो गया, जिसे बुधवार दोपहर पुलिस ने पकड़ लिया। संदीपन घाट कोतवाली के कोइलहा स्थित एक ईंट भट्टे पर कलयुगी बेटे ने पिटाई करने के बाद अपनी मां की गला दबाकर हत्या कर दी। शव को घर से कुछ दूर यूके लिप्टस के बगीचे में छिपा दिया। घटना की सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया है। आरोपी बेटे को पुलिस ने दोपहर गिरफ्तार कर लिया। पिपरी थाना क्षेत्र के चायल इलाके के रहने वाली संगीता (38) पत्नी स्व. नत्थू संदीपनघाट थाना क्षेत्र के कोइलहा गांव में स्थित एचबीएफ ईंट भट्टे पर अपने दो बेटों अजय (22) और जैकी (15) के साथ रहती है। मंगलवार की रात आठ बजे संगीता का उसके बेटे अजय से विवाद हो गया। छोटे बेटे जैकी के अनुसार बड़े भाई अजय ने मां की पिटाई करते हुए उसकी गला दबाकर हत्या कर दी। इसके बाद शव को ले जाकर घर से कुछ दूर पर स्थित यूकेलिप्टस के बगीचे में छिपा दिया। छोटे बेटे ने थाने जाकर घटना की जानकारी दी तो पुलिस भी सकते में आ गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के बाद से आरोपी अजय फरार हो गया। दूसरे दिन पुलिस ने उसे गिरफ्तर कर लिया। जैकी की तहरीर पर अजय के खिलाफ हत्या सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। घटना के चश्मदीद छोटे बेटे जैकी ने बताया कि उसका बड़ा भाई अजय मां के चरित्र पर शक करता था। इसको लेकर आए दिन दोनों के बीच कहा सुनी होती थी। मंगलवार की रात भी इसी बात को लेकर कहासुनी हुई जो मारपीट में बदल गई। इसके बाद बेटे ने मां की गला दबाकर हत्या कर दी। पुलिस को छानबीन में पता चला है कि संगीता का पति नत्थू भी पत्नी के चरित्र पर शक करता था। आरोप है कि पत्नी की इन्हीं हरकतों से तंग आग कर उसने एक साल पहले मनौरी वाले घर में फांसी लगाकर जान दे दी थी। संगीता पत्नी स्व. नत्थू सरोज के सात बच्चे हैं। उसने तीन साल पहले बड़ी बेटी काजल की शादी कर दी थी। नत्थू की मौते बाद मां संगीता ही बच्चों का सहारा थी और मजदूरी करके बच्चों का पालन पोषण करती थी। संगीता की मौत के बाद उसके छह बच्चे अजय (20), जैकी (18), शनि (14), सोनी (11), रानी (06), गुड़िया (03) अनाथ हो गए हैं। चरित्रहीन होने के शक पर विवाद के बाद बड़े बेटे ने अपनी मां की गला दबाकर हत्या कर दी है। छोटे बेटे की तहरीर पर आरोपी को हिरासत में ले लिया गया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। - भुवनेश चौबे, थाना प्रभारी, संदीपन घाट कोतवाली।

### टेस्ट ड्राइव के बहाने तमंचा सटाकर लूटी कार, रेत में फंसने पर छोड़कर हुए फरार

**जन एक्सप्रेस/कौशांबी।** सरायअकिल के दरहा गांव निवासी आर्य सिंह ने बताया कि कुछ महीने पहले उसने होंडा कंपनी की एक सेकेंड हैंड कार खरीदी थी। कार बेचने के लिए उसने अपना नाम पता और वाहन की फोटो आदि डालकर कुछ दिन पहले फेसबुक पर मैसेज पोस्ट किया था। सरायअकिल कोतवाली के पुरखास गांव के समीप बुधवार को कार खरीदने आए बदमाशों ने टेस्ट ड्राइव के बहाने तमंचा सटाकर कार व मोबाइल फोन लूट लिया। यमुना नदी के पीपा पुल पर बिछी चकर्ड प्लेट से फिसलकर रेत में फंसने के कारण बदमाश कार छोड़ कर भाग गए गए। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने कार बरामद कर बदमाशों की छानबीन कर रही है। सरायअकिल के दरहा गांव निवासी आर्य सिंह ने बताया कि कुछ महीने पहले उसने होंडा कंपनी की एक सेकेंड हैंड कार खरीदी थी। कार बेचने के लिए उसने अपना नाम पता और वाहन की फोटो आदि डालकर कुछ दिन पहले फेसबुक पर मैसेज पोस्ट किया था। उसकी पोस्ट देखकर बुधवार दोपहर एक नई स्विफ्ट डिजायर कार से चार युवक कार खरीदने दरहा गांव आए। एक लाख 40 हजार रुपया में कार का सौदा तय होने पर दो युवकों ने टेस्ट ड्राइव के बहाने आर्य सिंह को कार पर बैठा लिया। जबकि दो युवक उनकी खुद की कार पर बैठ गए। आरोप है कि टेस्ट ड्राइव करते करते जैसे ही कार तिल्हापुर चौकी क्षेत्र के पुरखास गांव स्थित एक पेट्रोल पंप के समीप पहुंची बदमाशों ने उसकी कनपटी पर तमंचा सटाकर उसका स्मार्टफोन छीन लिया। इसके बाद कार धीमी कर उसे नीचे धकेल दिया और कार लेकर नंदा का पुरवा गांव की ओर तेजी से भागने लगे। शोर मचाने पर स्थानीय ग्रामीणों ने बदमाशों का पीछा किया। आपाधापी में बदमाशों की कार यमुना नदी के नंदा का पुरवा गांव में बने पीपा के पुल वाले रास्ते पर बिछी लोहे की चकर्ड प्लेट से फिसलकर रेत में फंस गई। मजबूरन बदमाशों को कार छोड़कर भागना पड़ा। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक बदमाश पीपा के पुल से होते हुए यमुना नदी के उस पार प्रतापपुर की ओर भागे हैं।

**मौसम पूर्वानुमान**

**पूर्वानुमान**
भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त मौसम पूर्वानुमान के अनुसार, अगले पांच दिनों में हल्के से मध्यम बादल छाए रहने के आसार हैं मध्य तेज हवाओं एवं मेघ गर्जना के साथ स्थानीय स्तर पर हल्की से मध्यम बारिश की कोई संभावना है।

अधिकतम (डिग्री0से0) : 39.2 (-0.6)
न्यूनतम तापमान (डिग्री0से0) : 23.0 (-0.5)
सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम : 41 प्रतिशत
सापेक्षिक आर्द्रता न्यूनतम : 18 प्रतिशत
हवा की औसत गति : 4.5 कि0मी0/घंटा
हवा की दिशा- उत्तर पश्चिम
वर्षा (मि0मी0) : 0.0

- कृषि मौसम वैज्ञानिक

# मुख्तार बाबा को पुलिस ने दिया झटका, 19 करोड़ की संपत्ति कुर्क







जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

शहर के थाना बेकनगंज क्षेत्र स्थित नई सड़क पर बीती 3 जून 2022 को घटित हुई सांप्रदायिक हिंसा के मामले में नामित आरोपी रहे मुख्तार बाबा उर्फ़ बाबा बिरियानी की 19 करोड़ रुपए की नाजायज संपत्ति को बीते दिन गुरुवार को बजरिया कोतवाल की अगुवाई में जनपद उन्नाव में कुर्क किया गया। हालांकि मुख्तार बाबा की संपत्ति को कुर्क करने में पुलिस ने काफी समय लगाया है, साथ ही साथ इसी मुकदमे में नामित आरोपी हाजी वसी की अभी कई अवैध संपत्तियों पर पुलिस विभाग ने नजरे इनायत नहीं की हैं। अगर ई. डी कानपुर में नहीं आती तो शायद मुख्तार बाबा की उन्नाव की जो संपत्ति कल कुर्क की गई है उसका नंबर भी नहीं आता।

### डी टू गैंग की मदद लेकर हाता खाली करवाने की रची गई थी साजिश

जैसे-जैसे पुलिस जांच कानपुर हिंसा के मामले में आगे बढ़ी चौंकाने वाले खुलासे हुए। पुलिस जांच में सामने निकाल करके आया कि चंदेश्वर का हाता खाली करवाने के लिए चर्चित बिल्डर हाजी वसी और मुख्तार बाबा समेत कई अन्य ने डी टू गैंग के बदमाशो का सहयोग लेकर सांप्रदायिक हिंसा की साजिश रची थी। जिस पर तत्काल काबू पा लिया गया था।

### हाजी वसी पर एनएसए और मुख्तार पर हुई थी गैंगस्टर की कार्रवाई

कानपुर हिंसा मामले में जफर हयात हाशमी, हाजी वसी, जावेद समेत दो अन्य पर एनएसए की कार्रवाई की गई थी, वहीं एक मुकदमा गैंगस्टर एक्ट में हाजी वसी, मुख्तार बाबा वा अन्य के विरुद्ध दर्ज़ किया गया था। इसी मुकदमे में तत्कालीन अधिकारियों ने दावा किया था कि गैंगस्टर एक्ट की धारा 14(1)के अंतर्गत सभी की नाजायज संपत्तियां कुर्क की जाएंगी लेकीन ऐसा नहीं किया गया। इस बीच जन एक्सप्रेस ने खुलासा किया कि सपा विधायक इरफान सोलंकी की गुमनाम कंपनी हमराज कंस्ट्रक्शन में हाजी वसी, इरफ़ान की पत्नी और चाचा के साथ बराबर का हकदार और डायरेक्टर है तब पुलिस ने थोड़े बहुत हाथ पर चलाए लेकिन चुप होकर बैठ गई। लेकिन कुछ ही दिनों बाद थाना जाजमऊ में नजीर फातिमा की तहरीर पर जब सपा विधायक इरफान सोलंकी के विरुद्ध अग्निकांड का मुकदमा दर्ज हुआ तो पुलिस जागी और इरफान की संपत्तियों को कुर्क करने के साथ ही थोड़ी बहुत संपत्ति हाजी वसी की कुर्क कि लेकिन मुख्तार बाबा की संपत्ति को छुआ तक नहीं। अभी हाल ही में जब ई डी ने छापेमारी की कार्रवाई की तो पुलिस हरकत में आई और कल गुरुवार को बजरिया इंस्पेक्टर अपनी पुलिस टीम के साथ पहुंचे और जनपद उन्नाव के पीपर खेड़ा में मुख्तार बाबा की लगभग 19 करोड़ की संपत्ति को कुर्क करने का बोर्ड लगाया। साथ ही साथ डुगडुगी पिटवाकर वहां की जनता को सचेत भी किया।

ज्ञातव्य हो की बीते वर्ष 3 जून 2022 को जब देश के पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कानपुर देहात में आए हुए थे।

उस समय नूपुर शर्मा के एक बयान को विवादित बताकर कार्रवाई न होने का आरोप लगाते हुए सांप्रदायिक हिंसा को भड़काकर शहर को दंगे की आग में झोंककर फूंकने का काम किया गया था।

कानपुर के पुलिस प्रशासन ने महज कुछ ही घंटे में हिंसा पर काबू पा लिया था।

तत्काल कार्रवाई करते हुए थाना बेकनगंज में तीन मुक़दमे दर्ज किए गए थे और एक सप्ताह के अंदर पांच दर्जन आरोपियों को जेल भी भेजा गया था।

# पत्नी और सालों की पिटाई से युवक की मौत, मुक़दमा दर्ज




जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

थाना बेकनगंज क्षेत्र में निवास करने वाले युवक को उसकी पत्नी और सालों द्वारा इतना पीटा गया कि उसकी पिटाई के कारण मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम भेजने के साथ ही परिजनों से तहरीर लेकर आरोपी सालों और पत्नी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई आरंभ कर दी है।

मिली जानकारी के अनुसार मृतक मोहम्मद अफजल थाना बेकनगंज क्षेत्र का निवासी था। मोहम्मद अफजल टेलर था मृतक के भाई शाह फैसल ने बताया कि बीती 30 अप्रैल को भाई अफजल भाभी कायनात ऊर्फ सनी और उनके दोनों साले मुन्नू व लल्लू जाजमऊ में नुमाइश देखने गए थे इसके बाद यह सभी लोग लाल कॉलोनी किदवई नगर स्थित ससुराल चले गए थे। पत्नी के देर रात तक घर से बाहर रहने को लेकर मोहम्मद अफजल ने विरोध किया इसी बात को लेकर पत्नी ने कह दिया कि तुम्हारी कमाई से तो मेरे खर्चे पूरे नहीं हो पाएंगे मैं तो जॉब करूंगी और देर रात तक मुझे घर से बाहर भी रहना ही पड़ेगा इसी बात को लेकर विवाद इतना बढ़ गया कि मोहम्मद अफजल को पत्नी कायनात उर्फ सनी और दोनों साले मुन्नू और लालू ने इतना पीटा की उसकी हालत बिगड़ गई। इसके बाद इलाज के लिए उसे उर्सला हॉस्पिटल में एडमिट कराया गया जहां पर डॉक्टरों ने हैलट रेफर कर दिया लेकिन पत्नी और सालों ने रेफर नहीं कराया इसके चलते झगड़े की मारपीट में गंभीर रूप से घायल मोहम्मद अफजाल की गुरुवार को मौत हो गई। मौत के बाद परिवार के लोगों ने हत्या की सूचना बेकनगंज पुलिस को दी पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

मृतक के भाई शाह फैसल, सद्दाम अहमद, मोहम्मद फाजिल समेत परिवार के अन्य लोग पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे। इस दौरान फैजल ने बताया की मौत के बाद पत्नी और साले सभी घर छोड़कर भाग निकले हैं। एसीपी अनवरगंज ने बताया की मुकदमा दर्ज आई हत्यारोपियो की तलाश में दबिश दी जा रही है।

# प्रेमिका के गो टू हेल लिखने पर प्रेमी फांसी पर झूला

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

रावतपुर के मस्वानपुर में रहने वाले जय सिंह रोडवेज जीएम के स्टेनो हैं। परिवार में पत्नी उमा देवी और दो बेटे दीपक सिंह 22 व समीर थे। दीपक शिवली स्थित एक कॉलेज में बी.एस.सी. सेकेंड ईयर का छात्र था परिवार वालों ने बताया कि दीपक के प्रेम संबंध लखनऊ में रहने वाली एक युवती से चल रहे थे। इस अफेयर की जानकारी दीपक की मां को थी परिवार वालों ने बताया कि दीपक और उसकी मां युवती के घर लखनऊ शादी की बात करने गए थे दोनों पक्ष शादी के लिए तैयार भी थे लेकिन इसी बीच प्रेमिका ने नौकरी लगने के बाद शादी की शर्त रख दी उधर लड़की के मा बाप ने फोन करके कॉल पर बातचीत भी बंद करने की बात कहते हुए फटकार लगाई इसके बाद प्रेमिका ने फोन रिसीव करना बंद कर दिया था। प्रेमिका के बात न करने पर दीपक डिप्रेशन में चल रहा था उसने कई बार फोन पर बात करने की कोशिश भी की लेकिन प्रेमिका बात नहीं कर रही थी इस वजह से दीपक ने बुधवार शाम को खाना नहीं खाया बिना किसी से कुछ कहे अपने कमरे में गया और मां के दुपट्टे के सहारे फांसी लगाकर जान दे दी सूचना पर पहुंची रावतपुर थाने की पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बात करने के ज्यादा प्रयास करने पर प्रेमिका ने मैसेज में लिखा को गो टू हेल इससे आहत होकर युवक ने जान दे दी।

# शराबी युवक की बंद कमरे में पड़ी मिली लाश

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

शहर के पनकी थाना क्षेत्र स्थित रतनपुर डूडा कॉलोनी में गुरुवार शाम एक युवक का शव उसके घर में पड़ा मिला। युवक की मां ने पुलिस को जानकारी दी तो पुलिस ने पहुंचकर जांच पड़ताल की है। पनकी थाना क्षेत्र निवासी 28 वर्षीय अंकुश चौहान रतनपुर में स्थित डूडा कॉलोनी में रहता था। अंकुश की एक वर्ष पूर्व शादी हुई थी। पत्नी कुछ दिन बाद छोड़ कर चली गई। नशे का आदी होने के कारण मां शशि चौहान भी रूरा के गहोलिया गांव में रहने लगी।पड़ोसियों को मकान से दुर्गंध आने पर उन्होंने मां को फोन कर सूचना दी। मां ने आकर देखा तो अंकुश मृत अवस्था में मिला। पनकी थाना प्रभारी मानवेंद्र सिंह ने बताया कि मृतक शराब का लती था। शव दो दिन पुराना लग रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# सांसद प्रन्याशी लड़ाने महासभा की टास्क फोर्स लेकर गहमरी पहुंचे बलिया



जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

अखिल भारतीय भोजपुरी महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष गहमरी भोजपुरी महासभा की टीम को लेकर कानपुर से पूर्वांचल में लोकसभा प्रत्याशियों को चुनाव लड़ाने पहुंचे हैं। श्री गहमरी ने बताया कि भोजपुरी महासभा की टास्क फोर्स बनाकर पूर्वांचल में लोकसभा प्रत्याशियों को चुनाव लड़वाने जाएगी। कल बलिया में पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चंद्रशेखर के पुत्र लोकसभा प्रत्याशी नीरज शेखर के चुनाव में गांव-गांव जाकर भोजपुरी महासभा के लोगों ने नीरज शेखर को जीतने के लिए वोट मांगा मोदी योगी के किए गए कार्यों को बताया साथ में सुशील वर्मा सनम ठाकुर सरवन पाठक अरमान खान हरिहर घनश्याम करन अजय सोनू सरदार आदि भोजपुरी महासभा के लोग शामिल थे।

# गर्मी के मौसम में लू से बचाव के लिए जारी की एडवाइजरी

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के अधीन संचालित कृषि विज्ञान केंद्र दिलीप नगर की गृह वैज्ञानिक डॉ. निमिषा अवस्थी ने गुरुवार को गर्मी के मौसम में लू से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी की। उन्होंने बताया कि बढ़ती गर्मी में लू लगना मौसम से जुड़ी एक स्वास्थ्य समस्या है। लू लगने यानि हीट स्ट्रोक के कारण कई बार स्थिति गंभीर हो सकती है। लंबे समय तक धूप में रहने या शरीर में डिहाइड्रेशन की स्थिति पैदा होने पर लू लगने का खतरा बढ़ जाता है व लू लगने के संकेत तुरंत नहीं समझने पर परेशानी हो सकती है और परेशानी ज्यादा बढ़ने पर ब्रेन स्ट्रोक हो सकता है। उन्होंने बताया कि हेल्थ एक्सपर्ट के मुताबिक गर्मी बढ़ने के कारण शरीर खुद को ठंडा ठीक से नहीं कर पाता है. इसके कारण ब्लड थिक होने लगता है जिसे हाइपरकोएगुएबल स्टेट कहते हैं। गर्मी ज्यादा बढ़ने के कारण ब्लड क्लॉट होने का खतरा बढ़ जाता है जिसके कारण स्ट्रोक का जोखिम बढ़ता है इसलिए गर्मी में जरूरी है कि खुद को हाइड्रेट रखें। उन्होंने लू लगने के लक्षणो के बारे में बताते हुए कहा कि शरीर का तापमान 104एफ़ (40एष्ट) से ज्यादा होने पर और टेंपरेचर को कंट्रोल न होने पर, बहुत भ्रम और चिड़चिड़ापन जैसी स्थिति होने पर स्किन का रंग लाल, गर्म और डाई होना,हार्ट संबंधी तनाव पैदा होना, तंत्रिका से जुड़ी समस्याएं होने पर संभवत लू लगी हो सकती है।

# रैली के दौरान कार ने बाइक में मारी टक्कर, दो घायल





जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

बीते दिन गुरुवार को ग्राम टिकरा थाना क्षेत्र बिठूर स्थित अंग्रेजी शराब ठेके के सामने गाड़ी नंबर यूपी 78 एम 1313 ने हीरो स्पलेंडर मोटर साइकिल पर सवार दो युवकों को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी की दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए राहगीरों ने टक्कर मारने वाले वाहन को पकड़ लिया। सूत्रों के मुताबिक मुलाजिम पुत्र नसीर उम्र 30 वर्ष निवासी टिकरा एवं सरवन पुत्र सुभाष कमल उम्र 30 वर्ष निवासी ग्राम फतेहपुर को साइड से टक्कर लग जाने के फल स्वरुप गाड़ी के नीचे आने से दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए जिनको स्थानीय अस्पताल निजी हॉस्पिटल में प्राथमिक उपचार के बाद एंबुलेंस के माध्यम से हैलेट अस्पताल इलाज के लिए भेज दिया गया वहीं वाहन चालक मौके से फरार हो गया। बिठूर थाना प्रभारी जितेंद्र सिंह ने बताया कि दोनों घायलों की स्थिति ठीक है। बात कर रहे हैं। फॉर्च्यूनर गाड़ी स्थानी प्रत्याशी लोकसभा निर्वाचन देवेंद्र सिंह भोला के काफिले में शामिल थी जो कि काफिले से पीछे चल रही थी।जिस पर पीछे ब्लॉक प्रमुख चौबेपुर लिखा हुआ है। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने गाड़ी को रोकने का प्रयास किया और जब गाड़ी नहीं की रुकी तो उसे पर प्रभाव कर दिया इससे गाड़ी का शीशा टूट गया। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंचे बिठूर पुलिस में आकर्षित परिजनों को समझाकर भेज दिया दिया है।

# सहारा जिसने गरीबों का पैसा नहीं लौटाया उसके मुलाजिम पर जनता कैसे करे विश्वास: अजय मिश्रा

**महंगी शिक्षा देने वाला कांग्रेस का प्रत्याशी कैसे करेगा गरीबों का उद्धार**



जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

वर्षों से मंदिरों की रक्षा कर रही सनातन वैदिक रामराज परिषद ने कानपुर लोकसभा में सांसदी के उम्मीदवार के रुप में अजय कुमार मिश्रा को मैदान में उतारा है। और उनका सहयोग करने के लिए जनसंघ पार्टी ने भी ऐलान कर दिया है। चुनाव चिन्ह आवंटित हो जाने के बाद गुरुवार को राष्ट्रीय कार्यालय में प्रेस वार्ता कर संपूर्ण रूप से जानकारी दी गई है।

सनातन वैदिक रामराज परिषद के सर्वोदय नगर स्थित कार्यालय में गुरुवार को प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। जिसमें संस्था के महामंत्री वीपी सिंह एवं जनसंघ पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री राकेश दीक्षित की अगुवाई में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। जानकारी देते हुए बताया गया कि लोकसभा चुनाव 2024 में कानपुर लोकसभा सीट से निर्दलीय प्रत्याशी अजय कुमार मिश्रा की विचारधारा एवं दोनों संगठनों की विचारधारा सामान होने पर दोनों संगठनों के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने अजय कुमार मिश्रा सनातन वैदिक रामराज परिषद को अपना पूर्ण समर्थन देने का ऐलान किया है। वार्ता में एसपी चतुर्वेदी योगेश श्रीवास्तव अमित शर्मा रमेश चंद्र दीक्षित, राजीव अग्निहोत्री बीपी सिंह अशोक कुमार गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

### मलिन बस्तियों को मालिकाना हक दिलाने के साथ शिक्षा चिकित्सा पर हो रही लूट पर कसेंगे नकेल

प्रेस वार्ता के दौरान अजय कुमार मिश्रा ने बताया कि उन्हें चुनाव चिन्ह नागरिक आवंटित हुआ है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में कोई भी पार्टी का प्रत्याशी मलिन बस्तियों को मालिकाना हक दिलाने की बात नहीं कर रहा है,मंहगी हो चुकी शिक्षा और चिकित्सा पर भी कोई बात नहीं कर रहा है। वह सांसद बने तो मलिन बस्तियों को मालिकाना हक दिलाने के साथ-साथ शिक्षा और चिकित्सा पर हो रही लूट पर नकेल कसने का काम करेंगे।

### भाजपा और इंडी गठबंधन के प्रत्याशी पर साधा निशाना

प्रेस वार्ता में अजय कुमार मिश्रा ने भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस सपा के समर्थन लड़ रहे प्रत्याशी पर जमकर निशाना साधा। श्री मिश्रा का कहना था कि भारतीय जनता पार्टी ने जिन्हें उम्मीदवार बनाया है वह प्रत्याशी रमेश अवस्थी लोकल के नहीं हैं सहारा नाम की कंपनी के मुलाजिम थे जिसने देश के गरीबों का जमा किया हुआ पैसा अभी तक वापस नहीं किया है ऐसे में जनता इन पर कैसे विश्वास करे।वहीं दूसरी और कांग्रेस के आलोक मिश्रा के लिए कहते हुए बताया कि शिक्षा जगत में उनके कारनामे इतने ज्यादा चर्चित है कि बताते बताते सालों बीत जाएंगे। यह भी कहा कि महंगी शिक्षा देने वाला गरीबों का कैसे कैसे उद्धार करेगा यह जनता को सोचना चाहिए।

# कल आ रहे हैं पीएम मोदी, स्वागत को तैयार है कंपू

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर




भाजपा दक्षिण जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह ने गुरुवार को दक्षिण पार्टी कार्यालय में हुई प्रेस वार्ता मे जानकारी दी कि कानपुर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने 4 मई को होने वाले प्रथम रोड शो की शुरुआत गुरुद्वारे में माथा टेकने से करेंगे। जिसके लिए पार्षद ,नेता और पार्टी कार्यकर्ता अपने-अपने क्षेत्र में लोगों को पीले चावल देकर पीएम मोदी के रोड शो में आने का निमंत्रण देंगे। उन्होंने बताया कि लोगों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को नजदीक से देखने, मिलने के लिए सड़क किनारे 40 ब्लॉक बनाए जायेंगे। प्रत्येक ब्लॉक में एक हजार लोगों के बैठने की व्यवस्था है। सभी ब्लॉकों में पेयजल की समुचित व्यवस्था करने के साथ किसी की अचानक तबियत बिगड़ने पर तत्काल चिकित्सा सुविधा देने के लिए चिकित्सकों की टीम मौजूद रहेगी। अलग-अलग समाज के लोगों के लिए अलग अलग ब्लॉक बनाए जायेंगे। इन ब्लॉकों में अलग अलग समुदाय एवं वर्ग के लोग अपने पारंपरिक वेशभूषा में मोदी का स्वागत करेंगे। उन्होंने बताया कि देश को विश्व स्तर पर वैश्विक पहचान दिलाकर देशवासियों को गौरवान्वित करने, पं दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय के सपने को साकार करने के लिए देश में 80 करोड लोगों को निशुल्क राशन वितरण से लाभान्वित करने, आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत 22 करोड लोगों को 5 लाख तक मुफ्त इलाज की सुविधा देने, कश्मीर में धारा 370 हटाकर वहां तिरंगा फहराने का अधिकार देने, काशी विश्वनाथ मंदिर कॉरिडोर का निर्माण एवं अयोध्या में 500 वर्षों के इंतजार के बाद प्रभु श्रीराम का भव्य मंदिर निर्माण कराकर देश में सनातन धर्म को मजबूत करने, गरीबों के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने के लिए लाखों लोग पीएम नरेंद्र मोदी को धन्यवाद देंगे।

पीएम मोदी के रोड शो के प्रचार प्रसार के लिए सोशल मीडिया की टीम को जिम्मेदारी सौंपी गई है।पत्रकार वार्ता में विधायक महेश त्रिवेदी, एमएलसी अरुण पाठक, रघुनंदन भदौरिया, मनीष त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

# सरसौल में आग ने दिखाया तांडव, ग्यारह दुकानें जलकर खाक

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

सरसौल क्षेत्र में बुधवार की देर रात हाईवे किनारे की दुकानों में अचानक आग लग गयी। आग शॉर्ट सर्किट के कारण एक मिठाई की दुकान में लगी थी और देखते ही देखते आग ने तेजी के साथ फैलते हुए आस-पास की लगभग एक दर्जन दुकानों को अपनी चपेट में ले लिया।

सूचना पाकर मौके पर पहुंची दमकल की टीम ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। मिली जानकारी के अनुसार सरसौल में हाईवे के किनारे विनोद कुमार साहू की एक मिठाई की दुकान है।

दुकान के अंदर देर रात अचानक शॉर्ट सर्किट के कारण आग लग गयी और जल्द ही आग ने अन्य दुकानों को अपनी चपेट में ले लिया।

# आरबीआईओ की भूमिका और समाधान के तरीके को किया उजागर

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर



बीते दिन गुरूवार को भारतीय रिज़र्व बैंक लोकपाल कार्यालय, भारतीय रिज़र्व बैंक, कानपुर के तत्वाधान मे डेफ एंड एनविजन स्कूल साकेत नगर मे एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता हेमंती सरकार उपलोकपाल ने की। कार्यक्रम का संचालन आर बी आई ओ के प्रतिनिधियों रवि मीना, योगेन्द्र सिंह, आदित्य कुमार, हर्ष ग्रोवर, आशी अग्रवाल व शिवांश द्वारा किया गया। योगेन्द्र सिंह (आरबीआई लोकपाल के प्रतिनिधि) ने प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम की शुरुआत की। उपलोकपाल ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए अपने भाषण मे छात्रों को मूल बैंकिंग सेवाओं के बारे मे संवेदनशील किया। उसके बाद उन्होंने आरबी-आईओएस 2021 के तहत आरबीआईओ की भूमिका और समाधान के तरीके को उजागर किया। श्री हर्ष ग्रोवर ने रिज़र्व बैंक इंटीग्रेटेड स्कीम के महत्वपूर्ण पहलुओं पर विस्तार से चर्चा करते हुए पुरानी और नई स्कीम के बीच महत्वपूर्ण अंतर पर प्रकाश डाला। इस श्रृंखला मे आशी अग्रवाल ने बताया कि आरबीआई के सीएमएस पोर्टल और योजना के तहत अन्य माध्यमों से शिकायत कैसे दर्ज करें। आदित्य कुमार ने विभिन्न धोखाधड़ी आदि से संबंधित मामलों और निवारक उपायों के बारे मे बताया।

### सुग्रीव किला से लता चौक तक पीएम करेंगे रोड-शो

# 40 ब्लाकों में बांटा गया रोड शो मार्ग जगह-जगह होंगे सांस्कृतिक कार्यक्रम

**तीन मई से होगी स्वच्छता अभियान की शुरूआत**

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**




प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पांच मई को रामनगरी में होने वाले रोड शो की रूपरेखा तय हो गई है। पीएम का रोड-शो सुग्रीव किला, निकट रामजन्मभूमि प्रवेश द्वार रामपथ से लता चौक तक जाएगा। रोड-शो शाम 4 बजे प्रारम्भ होगा। दो किलोमीटर के रोड शो को ऐतिहासिक बनाने के लिए भाजपा ने जोर-शोर से तैयारियां शुरू कर दी है। तैयारियों को लेकर लोकसभा केन्द्रीय चुनाव कार्यालय में व्यवस्था प्रमुखों की बैठक हुई। जिसमें तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। रोड-शो के पूरे मार्ग को 40 ब्लाक में बांटा गया है। 50 मीटर की दूरी पर एक ब्लाक बनाया बनेगा। हर ब्लाक का एक प्रमुख बनाया गया है। जो उस ब्लाक की व्यवस्थाओं को देखेगा। महिला, किसान, व्यापारी सहित समाज विभिन्न वर्गों के अनुसार ब्लाक बनाए जाएंगे। हर ब्लाक में सांस्कृतिक कार्यक्रम लाइटिंग, साउंड सिस्टम की व्यवस्था की जाएगी। पूरे रोड-शो के मार्ग को फूलों से सजाया जाएगा। इस दौरान पूरे मार्ग पर पुष्प वर्षा के माध्यम से दोनों पटरियों पर खड़े लोग पीएम का अभिवादन करेंगे। तीन स्थलों पर चिकित्सीय व्यवस्था के लिए कैम्प लगेंगे। पीएम के आगमन से पूर्व स्वच्छता अभियान चलाया जाता है। 3 मई से यह स्वच्छता अभियान प्रारम्भ होगा।

बैठक में सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि पीएम का रोड शो ऐतिहासिक हो सभी पदाधिकारी इस व्यवस्था में जुट जाएं। रोड-शो पर पूरे विश्व की निगाहें है इसलिए पदाधिकारी अपनी जिम्मेदारी का पूर्णरूप से पालन करें। क्षेत्रीय महामंत्री व महानगर प्रभारी विजय प्रताप सिंह ने कहा रोड शो में हर बूथ से लोगों की सहभागिता हो। सभी पदाधिकारी इसका प्रयास करें। रामनगरी का चुनाव विशेष है। रोड शो के लिए सभी जिम्मेदारियां तय कर दी गई है। सभी व्यवस्था प्रमुख अपनी टीम बना लें जिससे व्यवस्था में कोई कमी न आए।

बैठक में लोक सभा संयोजक बांके बिहारी मणि त्रिपाठी, प्रभारी श्रीकृष्ण शास्त्री, महापौर गिरीश पति त्रिपाठी, महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव, जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, ओम प्रकाश सिंह, अवधेश पाण्डेय बादल, अभिषेक मिश्र, रामेश दास, अनुज दास, राघवेन्द्र पाण्डेय, पूर्व चेयर मैन विजय गुप्ता, अशोक कसौधन, अभय सिंह, शैलेन्द्र कोरी, तिलकराम मौर्या, दिवाकर सिंह, इंद्रभान सिंह, अभय श्रीवास्तव, सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### रायबरेली विकास प्राधिकरण की शह पर हो रहा है पूरे शहर में अवैध निर्माण

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** सरकार जाम से निजात दिलाने के लिए चाहे जितने ही प्रश्न क्यों न कर ले लेकिन विकास प्राधिकरण के और अधिकारियों की मनमानिया के चलते लगातार अवैध बिल्डिंगों का निर्माण हो रहा है। खबर रायबरेली से है जहां पर विकास प्राधिकरण के सए पर अवैध बिल्डिंगों का निर्माण हो रहा है आलम यह है कि अवैध बिल्डिंग के निर्माण के कारण पूरे शहर में जाम की स्थिति बनी रहती है लेकिन विकास प्राधिकरण के जेई और अधिकारी अपने व्यक्तिगत लाभ के लिए आंखें मूंद कर बैठे हैं। शहर का सुपरमार्केट हो मुंशीगंज हो या फिर डिग्री कॉलेज चौराहा यहां पर जितनी भी इमारतें बनी हुई है वह मानक के अनुरूप बननी चाहिए थी लेकिन कहीं ना कहीं बिना पार्किंग के चल रह।

इस समय विकास प्राधिकरण में जेई के पद पर धनेश कुमार और सुनील कुमार त्यागी बिल्डर के सबसे पसंदीदा और चहेते अधिकारी बने हुए हैं शायद यह लोग अपने व्यक्तिगत लाभ के लिए पूरे शहर में अव्यवस्थाओं के सबसे बड़े कारण हैं यह जय बिल्डरों से बहुत अच्छी तरह से साथ गांठ कर लेते हैं।

# लोकसभा चुनाव के दौरान वाहन व्यवस्था को लेकर एआरटीओ ने की बैठक

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**



लोकसभा चुनाव के मद्देनजर वाहन व्यवस्था को लेकर एआरटीओ ने बृहस्पतिवार को सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी कार्यालय में समन्वय बैठक किया।बैठक में सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी, जिला पूर्ति कार्यालय के अधिकारियों एवं अन्य के द्वारा हल्के व भारी वाहन व्यवस्थाओं से सम्बन्धित विभिन्न पहलुओं पर प्रतिभाग करते हुए विस्तृत चर्चा की गयी।इस सम्बन्ध में उन्होंने बताया कि निर्वाचन में लगभग 417 बसों की आवश्यकता का आगणन किया गया और लगभग 650 हल्के वाहन जैसे बोलेरो, टाटा सूमो आदि की आवश्यकता है।

इसके लिए जनपद के वाहन स्वामियों को वाहन के अधिग्रहण आदेश पुलिस व प्रवर्तन स्टाफ द्वारा तामील करा दिया गया है। सम्बन्धित वाहन बोलेरो, सूमो, स्कार्पियो आदि को सायं सोलह मई तथा बस, डीसीएम, ट्रक, मैजिक को पूर्वान्ह् सत्रह मई को जवाहर नवोदय विद्यालय गौरीगंज भेजना होगा। उन्होंने बताया कि बैठक में निर्णय लिया गया कि उक्त तामीला की वर्गवार सूची तैयार करा ली जाय। जिससे वाहन उपलब्ध न कराने की स्थिति में निर्वाचन की गम्भीरता के दृष्टिगत तत्काल विधिक कार्यवाही के तहत वाहन स्वामी व चालक के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करा दिया जायेगा।उन्होंने बताया कि जनपद में अधिकांश उपलब्ध बसें स्कूलों से सम्बन्धित हैं। जिसके लिए समस्त विद्यालयों, कॉलेजों से परिवहन विभाग द्वारा व्यक्तिगत रूप से सम्पर्क कर उक्त तामीला प्राप्त कराया गया है।एवं निर्वाचन की प्रक्रिया में पूर्ण गम्भीरता एवं प्रतिबद्धता प्रदर्शित करते हुये वाहन व्यवस्था में पूर्ण योगदान की अपेक्षा की गई है।

## रायबरेली से दिनेश प्रताप सिंह पर भाजपा ने जताया भरोसा, लड़ेंगे लोकसभा चुनाव

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**



लंबे इंतजार के बाद जनपद रायबरेली को लेकर पार्टी ने दिनेश प्रताप सिंह पर भरोसा जताते हुए उन्हें 36-लोकसभा रायबरेली से भारतीय जनता पार्टी का प्रत्याशी घोषित किया। दिनेश प्रताप सिंह के भाजपा से उम्मीदवार बनते ही उनके समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। लोगों ने आपस में मिठाई बांटकर खुशी का इजहार किया।इस मौके पर दिनेश प्रताप सिंह ने मीडिया को कहा कि आम जनमानस अपने आप को ठगा हुआ महसूस कर रहा है और यही वजह है कि रायबरेली में इस बार कमल खिलेगा और कांग्रेस को धूल चटाकर वापस भेजेगा। मुझे खुशी हुई है कि भारतीय जनता पार्टी ने मुझ पर एक बार फिर भरोसा जताया है और मैं इस पर पूरी तरीके से खरा उतरूंगा।इस बार रायबरेली से कांग्रेस को हराकर भेजेंगे। उन्होंने आगे कहा कि कोई भी गांधी यहां से आएगा वह हर कर वापस जाएगा।

# कांग्रेस के युवराज ने अमेठी की जनता को छलने का काम किया : स्मृति ईरानी

**स्मृति ईरानी के चुनाव अभियान में मृगांकेश्वर शरण सिंह ने झोकी ताकत, उमडा जनसैलाब**

**जन एक्सप्रेस । तिलोई, अमेठी**



भाजपा प्रत्याशी अमेठी सांसद केंद्रीय मंत्री स्मृति जुबिन ईरानी ने तिलोई स्थित हनुमानगढ़ी मंदिर पर कुंवर मृगांकेश्वर शरण सिंह द्वारा आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि तिलोई के युवराज समाज के लिए जहां अपनी जमीन दान करके विकास को जन-जन तक पहुंचाने का काम कर रहे हैं।वहीं कांग्रेस के युवराज गरीबों की जमीनों को हड़पने में जुटे हुए थे। उन्होंने कहा कि अमेठी के कांग्रेस के युवराज अमेठी की जनता को छलने का काम कर रहे हैं। बृहस्पतिवार को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत तिलोई स्टेट के युवराज कुंवर मृगांकेश्वर शरण सिंह द्वारा आयोजित विशाल जनसभा में पहुंची भाजपा प्रत्याशी स्मृति ईरानी ने जनता को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा जनता के लिए जनकल्याणकारी योजनाओं को चलाकर समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति के दरवाजे पर विकास पहुंचा।वहीं कुंवर मृगांकेश्वर शरण सिंह की सराहना करते हुए कहा एक यह तिलोई के युवराज हैं।जिनके परिवार समाज के लिए अपनी जमीन तक दान में दे दिया।

वहीं कांग्रेस के युवराज ने अमेठी के गरीबो एव किसानों की जमीन कौड़ियों के भाव में खरीद कर जनता को छलने का काम किया है। जिसे जानता उखाड़ फेकनें का काम बीस तारीख को कमल का बटन दबाकर जनता करेगी उन्होंने आम जनमानस के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का विस्तार से जनता को जानकारी दी। कार्यक्रम में मौजूद प्रदेश के राज्य मंत्री राजा मयंकेश्वर शरण सिंह ने कांग्रेस के घोषणा पत्र को जिक्र करते हुए कहा कि गरीबों के घर में जो बचा कुछ धन है। उसे भी कांग्रेस निकालकर अपने चहेतों में बांट देगी। कांग्रेस को बहुत देखा गया है।जिसने हर वर्ग की कमर तोड़ने का काम किया है।वही नरेंद्र मोदी द्वारा आम जनमानस के लिए जन कल्याणकारी योजनाएं चलाकर गरीबों को लाभ पहुंचाने का काम किया है। वहीं विधान सभा के ब्लॉक सिंहपुर के कस्बा शिवरतन गंज में स्थित रामलीला मैदान में जनता को संबोधित करते हुए कांग्रेस के युवराज से होशियार रहने की जनता से अपील किया।

कार्यक्रम को संबोधित करने वालों में कुंवर मृगांकेश्वर शरण सिंह ब्लॉक प्रमुख तिलोई प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सिंह मुन्ना वरिष्ठ भाजपा नेता कुंवर अवनिंद्र प्रताप सिंह जिला पंचायत सदस्य रामकृष्ण भारती, दिनेश जायसवाल, ब्लॉक प्रमुख सिंह पर अंकित पासी, मंडल अध्यक्ष सिंहपुर गौरव श्रीवास्तव, श्याम मूरत यादव, नंदकिशोर मौर्य, अनिरुद्ध तिवारी, राहुल गुप्ता आदि हजारो की संख्या में लोग मौजूद रहे।

# योग गुरु स्वामी महेश योगी की भीष्म प्रतिज्ञा

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**



सिद्धपीठ श्री हनुमानगढ़ी बसंतिया पट्टी अयोध्या के लोकप्रिय संत, हठयोगी महेश दास उर्फ स्वामी महेश योगी की हनुमानगढ़ी निज आश्रम पर 2 अप्रैल 2024 से भोजन का त्यागकर अनवरत 11 घंटे प्रतिदिन कपालभाति की कठोर साधना निरंतर जारी हैं। प्रतिदिन 11 घंटे में उन्होंने एक लाख स्ट्रोक कपालभाति करने का लक्ष्य निर्धारित कर रखा है।

गौर तलब है कि स्वामी जी ने आज 30 दिन की अनवरत साधना पूर्ण करने के साथ-साथ 30 लाख कपालभाति करने का एक नया आयाम स्थापित किया हैं किंतु यह अभी विराम नहीं हुआ है। लगभग एक करोड़ 51 लाख स्ट्रोक कपालभाति करने हेतु उनकी यह साधना अभी अनवरत 6 माह तक जारी रहेगी।

भारत के चारों दिशाओं में चार दिव्य योग धाम ( हनुमान जी की चार धर्मपीठ ) तथा अयोध्या में इन सभी योगपीठ के केंद्र के रूप में ब्रह्मर्षि वशिष्ठ योगपीठ की स्थापना करने हेतु 22 नवंबर 2022 को सिद्धपीठ हनुमानगढ़ी में अयोध्या के वरिष्ठ संत जनों की उपस्थिति में अपने पूज्य गुरुदेव भगवान की सहमति से स्वामी महेश योगी ने श्री हनुमान जी का आशिर्वाद लेकर 14 वर्ष के अंतराल में यानी सन 2036 तक भारत के चारों दिशाओं में (पश्चिम भारत गुजरात में रूद्र धाम, उत्तर भारत जम्मू कश्मीर में हनुमत धाम, दक्षिण भारत केरल में रामेष्ठ धाम यथा पूर्वी भारत मेघालय में पिगाक्ष धाम ) इन चार दिव्य योग धाम की स्थापना का संकल्प लिया था। इस महनीय उद्देश्य की पूर्ति के लिए स्वामी महेश योगी जी ने 14 वर्षीय यात्रा को सफल आयाम तक ले जाने हेतु पांच संकल्प लिए थे जिसमें से एक 11 दिवस तक अनवरत कपालभाति करने का भी संकल्प रहा। जिसका आयोजन सितंबर 2024 राजधानी दिल्ली में होना सुनिश्चित है। दिल्ली में महेश योगी अनवरत दिन - रात 11 दिवस तक ( यानी 264 घंटे ) लगातार लगभग 21 लाख स्ट्रोक कपालभाति करने का संकल्प पूर्ण करने के उद्देश्य से अयोध्या श्री हनुमानगढ़ी अपने निज आश्रम पर 2 अप्रैल 2024 से भोजन का त्याग कर अनवरत कपालभाति की कठोर हठ योग साधना कर रहे हैं।

योग, कला, साहित्य व अध्यात्म के क्षेत्र में पहले भी अनेकों विश्व कीर्तिमान बनाकर आपने विश्व पटल पर भारत का गौरव बढ़ाया है।

आपके द्वारा बनाए गए विशेष कीर्तिमानों में अनवरत 76 घंटे तक योग मैराथन करने का विश्व रिकॉर्ड, अनवरत 51 घंटे कपालभाति करने का विश्व रिकॉर्ड, 1 मिनट में 21 बार सूर्य नमस्कार करने का विश्व रिकॉर्ड, एक घंटा 15 मिनट शीर्षासन में कपालभाति करने का विश्व रिकॉर्ड, अयोध्या मां सरयू की गोद में लगातार 2378 बार डुबकियां लगाने का विश्व रिकॉर्ड, चित्रकला के क्षेत्र में दुनिया की सबसे बड़ी व्यक्ति चित्र श्रृंखला बनाने का विश्व रिकॉर्ड, अब तक 11000 चित्रों का सृजन करने का रिकॉर्ड तथा दिव्य भारत गौरव ग्रंथ एवं भारत ऋषि ज्ञान एनसाइक्लोपीडिया के लेखन कार्य जैसे अनेकों विशिष्ठ कीर्तिमान महेश योगी जी के नाम से दर्ज हैं।

### साकेत महाविद्यालय छात्रसंघ महामंत्री भाजपा में शामिल

**जन एक्सप्रेस/अयोध्या।** साकेत महाविद्यालय के छात्रसंघ महामंत्री शशांक पाण्डेय बसपा छोड़कर भाजपा में शामिल हो गए। उनके साथ दर्जनों युवाओं ने भाजपा का दामन थामा। लोक सभा कैम्प कार्यालय सहादतगंज में सांसद व प्रत्याशी लल्लू सिंह ने पार्टी का ध्वज देकर पार्टी में शामिल कराया। इस दौरान सांसद व प्रत्याशी लल्लू सिंह ने कहा कि भाजपा के राष्ट्रहित सर्वोपरि के सिंद्वात से प्रभावित होकर लगातार दूसरी पार्टियों के कार्यकर्ता भाजपा में शामिल हो रहे है। जिससे पार्टी की विचार धारा का विस्तार हो रहा है। शामिल होने वाले युवाओं को चुनावी अभियान में लगाया जाएगा।

छात्रसंघ महामंत्री ने कहा पीएम मोदी की नीतियों तथा विकास कार्यो से प्रभावित होकर भाजपा में शामिल हुए है। पार्टी जिस अभियान में जो कार्य देगी उसे पूरा किया जाएगा।

इस दौरान चन्द्रेश पाण्डेय, रोहित मिश्र, अमन यादव, आनंद मिश्र, शुभम् मिश्र, विनीत सिंह, अनुराग दूबे, विकास दूबे, हर्षवर्धन सिंह, हिमांशु भारती, सत्यम मिश्र, दीपक मिश्र, श्याम कुमार तिवारी सहित दर्जनों युवाओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

# मजदूर दिवस पर निर्धन बच्चों को वितरण किया शिक्षा सामग्री

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**



मां शांति सेवा फाउंडेशन ने मजदूर दिवस के अवसर पर संरक्षक बसंत राम के नेतृत्व में अध्यक्ष नेहा कुमारी, कार्यकारी अध्यक्ष प्रज्ञा श्रीवास्तव एवम सदस्य डॉ विनय प्रकाश मौर्य ने नाका स्थित सागर कला के नेतृत्व में चल रहे निर्धन बच्चों की निःशुल्क शिक्षण कर रहे बच्चों को मां शांति सेवा फाउंडेशन के सदस्यों ने मजदूर दिवस के अवसर पर शिक्षा सामग्री कॉपी पेंसिल आदि का वितरण किया। संरक्षक बसंत राम ने बताया कि समाज में उत्सव या दिवसो के अवसर पर निर्धन एवं जरूरतमंदों को सहयोग कर जन लोगों को जागरूक करने की जरूरत है सहयोग करने से आत्म संतुष्टि मिलती है और बच्चों को शिक्षा के प्रति जागरूक किया। अध्यक्ष नेहा कुमारी ने बच्चों को सामग्री वितरण करते समय भावुक होकर कहा कि बच्चों में शिक्षा के प्रति जागरूक करना अत्यंत जरूरी है। कार्यकारी अध्यक्ष प्रज्ञा श्रीवास्तव ने कहा कि सब कुछ चोरी हो सकता है पर ज्ञान नहीं इसलिए हर नागरिक को शिक्षा जरूरी है। कार्यक्रम में श्री लक्ष्मी चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष आशीष श्री, मंत्री जितेंद्र प्रजापति, कोषाध्यक्ष रिंकी यादव, सागर कला के अध्यक्ष एस बी सागर प्रजापति, रोली श्रीवास्तव, प्रतिभा यादव, मीना देवी, हरिश्चंद्र, आदि उपस्थित रहे।

### विद्यालय में अनियमित नियुक्तियों को लेकर जिला अधिकारी से शिकायत

**जन एक्सप्रेस/पूरा बाजार-अयोध्या।** शिक्षा क्षेत्र पूरा बाजार अंतर्गत ग्रामोदय किसान विद्यालय कुरौली पिलखवा में अनियमित नियुक्तियो के संबंध में जिला अधिकारी अयोध्या से शिकायत किया गया है शिकायतकर्ता विकास वर्मा पुत्र जंग बहादुर वर्मा निवासी ललाई का पुरवा ज्ञानापुर अयोध्या ने बताया कि यह संस्था ग्रामोदय प्रतिष्ठान द्वारा ग्रामोदय किसान विद्यालय का संचालन किया जा रहा है जो बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा मान्यता प्राप्त व उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा वित्त पोषित विद्यालय है विद्यालय के संस्था प्रबंधन समिति द्वारा सुरेंद्र कुमार पांडे को प्रधानाध्यापक तथा विवेक कुमार शरण एवं रंजना कुमारी सहायक अध्यापक पद पर नियुक्त किया गया इन लोगों की शैक्षिक प्रमाण पत्र की पत्रावली उपलब्धता हेतु शिकायतकर्ता अपने अधिवक्ता के माध्यम से 13 /09/ 2018 को जन सूचना के माध्यम से उपरोक्त नियुक्तियां की वी.ए. वी.एड. टीईटी के प्रमाण पत्र की छाया प्रति उपलब्ध कराने की मांग की गई तो जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अयोध्या 08/ 10/ 2018 द्वारा कहा गया कि संबंधित अभिलेख पत्रावली में न होने के कारण अदेय है।

## अन्तर्जनपदीय अभियुक्त अवैध स्मैक बेचते हुए गिरफ्तार



**जन एक्सप्रेस । अम्बेडकर नगर**

जनपद पुलिस द्वारा अपराध व अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना बसखारी पुलिस टीम द्वारा आज एक अन्तर्जनपदीय अभियुक्त मोहम्मद आकिब उर्फ विस्मिल्लाह पुत्र स्व0 मोहम्मद दिलदार निवासी मकसुदीनपुर थाना फूलपुर जनपद आजमगढ़ हाल पता सलाऊद्दीन गेस्ट हाऊस दरगाह रसूलपुर किछौछा थाना बसखारी को चन्द्रभान चौराहा के पास से स्मैक बेचते हुए गिरफ्तार किया गया। जिसके सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर सम्बन्धित अभियोग पंजीकृत किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 14.55 ग्राम अवैध स्मैक बरामद किया गया जिसकी कीमत लगभग 15 लाख रुपये है। अभियुक्त को गिरफ्तार कर थाना स्थानीय पर आवश्यक विधिक कार्यवाही कर न्यायालय भेजा गया जहां से उसे जनपद कारागार भेज दिया गया।

# घर-घर जाकर कर रहे है संविधान बचाने का आवाहन : सरोज यादव

**जन एक्सप्रेस । अयोध्याधाम**



समाजवादी पार्टी की जिला अध्यक्ष सरोज यादव ने रुदौली विधानसभा के वार्ड नं.-10 में डोर डोर जनसंपर्क कर इंडिया गठबंधन प्रत्याशी अवधेश प्रसाद और चुनाव निशान साइकिल के लिए वोट की अपील की। समाजवादी पार्टी महिला सभा जिलाध्यक्ष सरोज यादव ने बताया को बीजेपी सरकार में लोगों को कुछ मिला नहीं है केवल उनसे छिना गया है चाहे रोजगार हो, शिक्षा हो, व्यवस्था हो, सुरक्षा हो,अब तो हमारे संविधान पर भी खतरा मंडरा रहा है यह कहते हैं हमको 400 पार, क्यों चाहिए? 400 इसीलिए कि वो संविधान में छेड़छाड़ कर सके उसको बदल सके। जनता इनको मनसा को समझ चुकी है। और जनता त्रस्त है, परेशान है, उनका कहना है इस सरकार ने हमसे हमारा घर,रोजी-रोटी, बच्चों की शिक्षा, रोजगार, सुरक्षा सब छीन लिया महंगाई चरम पर है घर चलाना मुश्किल हो रहा है साल हो गए युवाओं को नौकरियां नहीं दी, किसानों से वादा किया था जब सरकार आएगी आवारा पशुओं से छुटकारा दिलाएंगे, रसोई महंगी हो गई है, महिलाओं के अस्मत लूटा जा रहा हैं, ऐसी सरकार हमें नहीं चाहिए इसलिए इस बार इंडिया गठबंधन को जिताकर सरकार बनाएंगे। हम सब अवधेश प्रसाद को सांसद बनायेगे जिससे हम लोगों का काम हो सके। परंपरागत वोट जो बीजेपी को मिला करता था वो खुलकर के विरोध कर रहे हैं, लोकसभा के सभी पंचायतो क्षेत्रों में, वो भारतीय जनता पार्टी को हराने के लिए पंचायत कर करके फैसला ले रहे हैं। जनसंपर्क के दौरान भाग्यश्री, सभासद एवं विधान सभा अध्यक्ष नसरीन बानो, उपाध्यक्ष हुमैरा बानो, पार्षद प्रतिनिधि सागर बारहमासी, पार्षद प्रतिनिधि प्रदीप यादव, राजकला, शिव कुमारी, भानुमति, उर्मिला, कंचन, संजना, राजकुमारी आदि मौजूद रहे।

## रंगदारी मांगने की आरोपी अभियुक्ता गिरफ्तार



**जन एक्सप्रेस । अम्बेडकर नगर**

पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराध एवं अपराधियो पर प्रभावी अंकुश लगाए जाने हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना हँसवर पुलिस टीम द्वारा माफिया खान जफर पुत्र स्व0 रजी आलम नि0ग्राम हरसम्हार थाना हंसवर जनपद के सदस्यो द्वारा आम जनमानस को डरा धमकाकर रंगदारी मागने से संबंधित थाना स्थानीय पर मुकदमा पंजीकृत में वांछित अभियुक्ता नाजमीन अख्तर उर्फ नज्जो पत्नी मोहम्मद उमर ग्राम मकोईया थाना बसखारी को मुखबिर की सूचना पर ग्राम मकोईया थाना बसखारी से गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायालय भेजा गया।

**तापमान**

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 37°C | 22°C |
| कानपुर | 37°C | 22°C |
| देहरादून | 33°C | 19°C |
| नई दिल्ली | 37°C | 23°C |

# हार की खिसियाहट को हिंदू आस्था के साथ खिलवाड़ करके व्यक्त कर रही है कांग्रेस: योगी

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने की कांग्रेस अध्यक्ष द्वारा भगवान श्रीराम और भगवान शिव पर दिए गए वक्तव्य की निंदा

- कहा, आपस में बांटो और राज करो वाली अंग्रेजों की विरासत को ही आगे बढ़ाने का काम कर रही है कांग्रेस
- स्तरहीन वक्तव्य देकर कांग्रेस का नेतृत्व पार्टी को इतिहास की वस्तु बनाने की ओर भी धकेल रहा है: योगी



**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा भगवान राम और शिव पर दिए गए वक्तव्य पर आक्रोश जताया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस लोकसभा चुनाव 2024 में बुरी तरह पराजित हो रही है और हार की इसी खिसियाहट को वह बहुसंख्यक हिंदू समाज की आस्था को अपमानित कर, उसके साथ खिलवाड़ कर व्यक्त कर रही है। मैनपुरी, एटा और फिरोजाबाद में चुनावी जनसभा के लिए निकलने से पूर्व अपने सरकारी आवास पर मीडिया से बातचीत करते हुए सीएम योगी ने कहा कि कांग्रेस का इतिहास इस प्रकार के कृत्यों से भरा पड़ा है, लेकिन इन सबके बावजूद चुनाव के समय इस तरह के संवेदनशील मुद्दों को उठाकर कांग्रेस भारत की आस्था के साथ-साथ बहुसंख्यक समाज को अपमानित करने का काम कर रही है।

### बांटो और राज करो कांग्रेस की पुरानी प्रवृत्ति

सीएम योगी ने कहा कि आपस में बांटों और राज करो ये कांग्रेस की पुरानी प्रवृत्ति रही है और अंग्रेजों की उस विरासत को ही अब वह आगे बढ़ाने का काम कर रही है। उसने जाति के नाम पर, क्षेत्र के नाम पर, भाषा के नाम पर समाज को बांटने का प्रयास किया है और आगे भी लगातार वह इस प्रकार के कृत्यों को अपना रही है। उसके इलेक्शन मैनिफेस्टो में भी समाज को जातीय आधार पर बांटने का प्रयास किया गया है। देश के अंदर एससी, एसटी, ओबीसी के अधिकार को वह कैसे अल्पसंख्यकों को बांटने की कुत्सित चेष्टा का हिस्सा बन रही है, इसका स्पष्ट उदाहरण कांग्रेस के मैनिफेस्टो में नजर आता है। इसीलिए कांग्रेस अपनी हार की खिसियाहट को किसी न किसी रूप में हिंदू आस्था के साथ खिलवाड़ करके व्यक्त करना चाहती है।

### कांग्रेस अध्यक्ष के भाषणों में नजर आ रहे कांग्रेसी संस्कार

सीएम योगी ने कहा कि सनातन धर्म की उपासना विधि में राम और शिव दोनों अलग-अलग नहीं हैं। मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम ने स्वयं शिव की उपासना की और रामचरित मानस में देखेंगे तो भगवान शिव ने भी श्रीराम की उपासना की। दोनों एक-दूसरे के पूरक हैं। प्रभु राम कहते हैं कि %शिवद्रोही मम दास कहावा सो नर मोहि सपनेहु नहि पावा%, यानी यदि कोई भगवान शिव का द्रोही है और वह मेरा दास, मेरा भक्त कहलाने का दंभ पाल रहा है तो मैं सपने में भी उसे प्राप्त नहीं हो सकता। ऐसा ही भगवान शिव भी कहते हैं। स्वाभाविक रूप से कांग्रेस की वास्तविकता सामने आ रही है। भारत की सनातन परंपरा को अपमानित करना, उसको लांछित करना, भारत की आस्था के साथ खिलवाड़ करना, ये कांग्रेस की प्रवृत्ति है और कांग्रेस अध्यक्ष को जो कांग्रेसी संस्कार प्राप्त हुए हैं वही बात वह अपने भाषणों में कर रहे हैं। वो भगवान राम और भगवान शिव को आपस में लड़ाने का कार्य कर रहे हैं। उनका यह वक्तव्य अत्यंत ही निंदनीय है।

### ये कांग्रेस के पतन की नई शुरुआत

सीएम योगी ने साथ ही ये भी कहा कि हम इस बात को जरूर ध्यान में रखें कि हमारे शास्त्र इस बात का प्रमाण हैं कि शिव का द्रोही हो या राम का द्रोही, उसका पराभव, उसका पतन अवश्य हुआ है। ये कांग्रेस के पतन की एक नई शुरुआत है और कांग्रेस इस प्रकार के स्तरहीन वक्तव्यों को देकर हिंदू आस्था के साथ तो खिलवाड़ कर ही रही है लेकिन अपने कृत्यों से कांग्रेस को इतिहास की वस्तु बनाने की ओर भी कांग्रेस का नेतृत्व उसे धकेल रहा है। मुझे लगता है प्रभु श्रीराम और देवाधिदेव महादेव शिव इनको सद्बुद्धि देंगे कि कम से कम जब कांग्रेस को लोग विसर्जन करने पर तुले ही हैं तो अब तो वह सच का रास्ता अपना ले।

# नोडल अधिकारी करेंगे बस स्टेशन का निरीक्षण, प्रस्तुत करेंगे रिपोर्ट

- भीषण गर्मी को देखते हुए परिवहन निगम ने यात्री सुविधाओं को दुरुस्त करने के दिए निर्देश
- परिवहन विभाग के एमडी ने सभी नोडल अधिकारियों को अपने क्षेत्रों में बस स्टेशनों के निरीक्षण का दिया आदेश
- यात्री सुविधाओं के साथ ही बसों में ड्राइवर व कंडक्टरों की स्थिति की भी रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे नोडल अधिकारी




**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

प्रदेश में भीषण गर्मी को देखते हुए योगी सरकार यात्रियों की सुविधाओं और उन्हें राहत प्रदान करने के लिए प्रयासरत है। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश परिवहन निगम के एमडी की ओर से सभी नोडल अधिकारियों को बस स्टेशनों का निरीक्षण करने और यात्री सुविधाओं को दुरुस्त करने का निर्देश दिया गया है। साथ ही, परिवहन निगम की बसों में ड्राइवर व कंडक्टरों की स्थिति की समीक्षा करते हुए रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है। उल्लेखनीय है कि इस संबंध में प्रमुख सचिव परिवहन एल वेंकटेश्वर लू द्वारा भी मुख्यालय में बैठक की गई थी तथा यात्री सुविधाओं को दुरुस्त करने को लेकर दिशा निर्देश प्रदान किए गए थे।

### गर्मियों में यात्रियों को न हो कोई परेशानी

गुरुवार को उत्तर प्रदेश परिवहन निगम के प्रबंध निदेशक मासूम अली सरवर ने सभी नोडल अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में नोडल अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि एक सप्ताह के अंदर सभी नोडल अधिकारी अपने क्षेत्रों में जाएं और बस स्टेशनों पर यात्री सुविधाओं की स्थिति का जायजा लें और रिपोर्ट प्रस्तुत करें। एमडी मालूम अली सरवर ने विशेष रूप से भीषण गर्मी में यात्री सुविधाओं की स्थिति का जायजा लेने और उन्हें दुरुस्त करने के निर्देश भी दिए हैं। इसके तहत विशेष कर गर्मी में पीने का पानी, वाटर कूलर, टॉयलेट की सफाई, एसी वेटिंग हॉल का रखरखाव समेत अन्य यात्री सुविधाओं का निरीक्षण करने को कहा है। इसके साथ ही ऑफ रोड बसों की स्थिति, कंडक्टर व ड्राइवर की शॉर्टेज की स्थिति की समीक्षा करके रिपोर्ट प्रस्तुत करने को भी कहा गया है, ताकि गर्मी में इन समस्याओं का निराकरण करते हुए यात्रियों को सुविधा प्रदान की जा सके। निर्देशों के क्रम में परिवहन निगम के प्रधान प्रबंधक (संचालन) अंकुर विकास ने बुधवार को ही मुख्यालय के कुछ वरिष्ठ अधिकारियों के साथ आलमबाग बस स्टेशन पर उपलब्ध यात्री सुविधाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान शौचालय की सफाई, वाटर कूलर एवं एसी वेटिंग हॉल इत्यादि में सुविधाओं का जायजा भी लिया गया।

## फास्ट फॉरवर्ड

### इस बार आएंगे चौंकाने वाले परिणाम: राजीव शुक्ला

**जन एक्सप्रेस/लखनऊ।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पूर्व केंद्रीय मंत्री राजीव शुक्ला ने कहा कि इस बार चुनाव में चौंकाने वाले परिणाम आएंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा में पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी, वरिष्ठ नेताओं लालकृष्ण आडवाणी, मुरली मनोहर जोशी व अन्य नेताओं की उपेक्षा हो रही है। इसी कारण मतदान प्रतिशत कम हो रहा है। पूर्व केंद्रीय मंत्री बुधवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा का शीर्ष नेतृत्व पहले चार सौ पार की बात करता था पर दो चरणों के मतदान के बाद अब ये दो सौ-ढाई सौ की बात करने लगे हैं। भाजपा दूसरे दलों से आयातित नेताओं को मंत्री व महत्वपूर्ण पद दे रही है, जबकि अपने पार्टी नेताओं के उपेक्षा हो रही है। यही वजह है कि मतदान प्रतिशत गिरता जा रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा अब हिन्दू-मुस्लिम पर उतारू हो गई है। भाजपा नेता झूठी बयानबाजी कर रहे हैं। सवालों के जवाब में पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि हम राम मंदिर के हमेशा समर्थक रहे हैं,क्योंकि सुप्रीम कोर्ट के फैसले के तहत राम मंदिर का निर्माण हुआ है,भाजपा ने इसे अपनी पार्टी का कार्यक्रम बना दिया। उन्होंने कहा कि हम भाजपा की तरह भक्ति का प्रदर्शन नहीं करते पर भक्ति करते हैं। प्रेस कांफ्रेंस में प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के चेयरमैन डॉ सीपी राय व अन्य नेता मौजूद रहे।

### मतदान के लिए भी प्रेरित करेगा डाकिया

**जन एक्सप्रेस/लखनऊ।** डाकिया डाक लाया, डाकिया बैंक लाया ही नही अब डाकिया देश में लोकतंत्र को सुदृढ़ बनाने के लिए लोगों को मतदान के लिए भी प्रेरित करेगा। चुनाव आयोग के 'स्वीप कार्यक्रम' अंतर्गत चल रहे मतदाता जागरूकता अभियान के अन्तर्गत लोकसभा चुनाव में मतदान के लिएमतदाताओं को जागरूक करने का बीड़ा अब डाक विभाग ने भी उठाया है। पीएमजी वाराणसी कृष्ण कुमार यादव ने कैंट प्रधान डाकघर में इसका शुभारंभ किया। वाराणसी परिक्षेत्र के अधीन 1729 डाकघरों के माध्यम से यह अभियान चलेगा। इस अवसर पर पीएमजी के के यादव ने लोगों से लोकतंत्र के महापर्व में भागीदारी करने की अपील की। एक तरफ डाकघरों के माध्यम से बँटने वाली डाक पर श्चुनाव का पर्व, देश का गर्वश् और वाराणसी लोकसभा निर्वाचन मतदान की मुहर लगाकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है, वहीं डाकिया डाक वितरण के दौरान लोगों से अपने मताधिकार का इस्तेमाल करने की अपील करेंगे। डाकघरों में स्पीड पोस्ट व रजिस्ट्री बुकिंग, आईपीपीबी और बचत खाता खुलवाने, आधार नामांकन व अपडेशन इत्यादि तमाम कार्यों के लिए आने वाले लोगों को भी डाककर्मी अपना वोट देने के लिए प्रेरित करेंगे। लाखों लोगों के घरों तक पहुंचने वाली चिट्ठियों के माध्यम से मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करना है।बुजुर्ग,युवा, महिला और फर्स्ट वोटर्स के साथ दिव्यांग मतदाताओं तक हर हालत में जागरूकता संदेश पहुँचाने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने मौजूद समस्त डाककर्मियों को मतदाता शपथ दिलाई।

### प्रवर्तन एजेन्सियों व उडऩदस्तों ने जब्त की अवैध शराब

**जन एक्सप्रेस/लखनऊ।** प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में प्रवर्तन एजेन्सियों व उडऩदस्तों द्वारा अवैध शराब, नकदी आदि की जब्ती संबंधी आयोग के निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जा रहा है। आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा 01 मार्च से 01 मई तक 33510.05 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं व नकदी आदि जब्त किये गये। इसमें 3309.77 लाख नकद, 4720.22 लाख की शराब, 22120.76 लाख की ड्रग, 2193.07 लाख की बहुमूल्य धातुएं एवं 1166.23 लाख की अन्य सामग्री जब्त की गयी।आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं अन्य प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा 01 मई को 74.60 लाख की शराब, ड्रग व नगदी जब्त की गई। इसमें 26.30 लाख धनराशि, 32.55 लाख की 12218.76 लीटर शराब, 15.16 लाख की 26300.70 ग्राम ड्रग एवं 0.59 लाख रुपये कीमत की 12 अन्य सामग्री जब्त की गयी।

### निर्वाचन आयोग के निर्देशों का कड़ाई से हो रहा अनुपालन

**जन एक्सप्रेस/लखनऊ।** प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जा रहा है। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुपालन में पुलिस, आयकर, आबकारी, नार्कोटिक्स एवं अन्य विभागों द्वारा कार्यवाही की जा रही है। सघन जॉच के लिए 438 अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट तथा 1827 चेक पोस्ट राज्य के भीतर संचालित हैं। 16 मार्च से 01 मई तक पुलिस ने अपराधिक व्यक्तियों के 535 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किये। 4696 लाइसेंसी शस्त्रों के लाइसेंस निरस्त कर जमा कराये गये। शांति भंग की आशंका में सीआरपीसी के तहत निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए 26,39,141 लोगों को पाबन्द किये जाने हेतु नोटिस प्रेषित किये गये है, जिनमें से 22,60,293 लोगों को पाबन्द किया जा चुका है। पुलिस ने 8462 बिना लाइसेंसी शस्त्र, 8535 कारतूस, 2900.32 किलोग्राम विस्फोटक व 470 बम बरामद कर सीज किये। पुलिस ने अवैध शस्त्र बनाने वाले 3623 केन्द्रों पर रेड डाली और 160 केन्द्रों को सीज किया गया।01 मई को पुलिस विभाग द्वारा अपराधिक व्यक्तियों के 02 लाइसेंसी शस्त्र का लाइसेंस निरस्त कर जमा कराया गया। सीआरपीसी के तहत निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए 23858 लोगों को पाबन्द किया गया। 145 बिना लाइसेंसी शस्त्र, 151 कारतूस व 15 बम बरामद कर सीज किये गये।

# जर्जर आंगनबाड़ी केंद्र में पढ़ने वाले मासूमों की जान जोखिम में






जर्जर अवस्था में आंगनबाड़ी केंद्र

**जन एक्सप्रेस । अभिमन्यु कुमार रावत**

- सरोसा गांव के जर्जर आंगनवाड़ी केन्द्र पर नहीं पड़ी संबंधित अधिकारियों की नजर
- पूर्व में दिए गए प्रार्थना पत्र पर अधिकारियों ने नहीं लिया संज्ञान, मासूम बच्चों की जिंदगी के साथ कर रहे खिलवाड़

**लखनऊ।** काकोरी ब्लॉक क्षेत्र के सरोसा गांव में आंगनबाड़ी केंद्र वर्ष 1994 में बना था, जिसमें 3 वर्ष से 6 वर्ष के करीब 40 बच्चे केंद्र पर पढ़ने आते हैं, साथ ही गर्भवती, धात्री, 6 माह से 3 वर्ष, 3 वर्ष से 6 वर्ष, किशोरी नामांकित हैं। तब से अब तक आंगनबाड़ी केंद्र में कोई कार्य नहीं हुआ है नगर निगम जोन 6 के सरोसा गांव के लोगों के अनुसार पूर्व प्रधान प्रतिनिधि सरोसा भरोसा के बनवारी लाल उर्फ नन्हई द्वारा अपने कार्यकाल के दौरान आंगनबाड़ी केंद्र की दो तरफ बाउंड्री वॉल बनवाईं थी और कार्यकाल ना होने के चलते दो तरफ



टूटा पड़ा हैंडपंप

नहीं बनी थी, जिससे गांव के आवारा जानवर आंगनबाड़ी केंद्र में घुसकर बैठते हैं। आंगनबाड़ी केन्द्र में गंदगी बनी रहती है साथ ही शौचालय भी खराब और बच्चों के पीने के लिए लगे सरकारी हैंड पंप भी खराब है, यही नहीं छत, फर्श, प्लास्टर, दरवाजे व खिड़कियां भी टूटी है, जिसको लेकर पूर्व में आंगनबाड़ी कार्यकत्री श्रीमती कलावती द्वारा लिखित प्रार्थना पत्र संबंधित अधिकारियों को दिया था परंतु संबंधित अधिकारियों ने प्रार्थना पत्र को संज्ञान में नहीं लिया। प्रार्थना पत्र को संज्ञान में ना लेने से मासूम बच्चों की जिंदगी खतरे में है। आंगनबाड़ी कार्यकत्री के साथ-साथ आंगनबाड़ी केंद्र में 3 से 6 वर्ष के आने वाले बच्चों को पानी पीने व शौचालय जैसी सुविधाएं ना होने के चलते काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। सूत्रों की माने तो आंगनबाड़ी केंद्र बहुत ही जर्जर है जो कभी भी गिर सकता है।

# शिक्षकों को इंटरनेट के लिए हर महीने मिलेंगे 200 रुपए

## परिषदीय स्कूलों में टैबलेट पाने वाले शिक्षकों को मिलेगी सुविधा

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

बेसिक शिक्षा के स्कूलों में शिक्षकों को इंटरनेट के लिए प्रतिमाह 200 रुपए मिलेंगे। स्कूल शिक्षा की महानिदेशक कंचन वर्मा ने इसकी अनुमति देते हुए आदेश भी जारी कर दिये हैं। इस राशि का परिषदीय प्राइमरी स्कूल, अपर प्राइमरी स्कूल और कम्पोजिट विद्यालयों में उपयोग किये जा रहे टैबलेट के संचालन के लिए सिम कार्ड और इंटरनेट की सुविधा के लिए किया जा सकेगा। ये राशि उन शिक्षकों को दी जाएगी जिनको टैबलेट दिए गए हैं। सिम स्थानीय स्तर पर कनेक्टिविटी और नेटवर्क के आधार पर खरीदे जाएंगे। इसके लिए दो माह की धनराशि भी स्वीकृति कर दी गई है। बाद में इस राशि का समायोजन कम्पोजिट ग्रांट से किया जाएगा।

# ग्राहकों से ठगी करने वाले 2 आरोपी गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

लखनऊ पुलिस ने ग्राहकों से ठगी करने वाले 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। सस्ते सामान देने का दोनों ग्राहकों से पैसे लेते और डिलीवरी से पहले फरार हो जाते थे। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने कार्रवाई की। पुलिस ने बताया कि महिपतमऊ के रहने वाले कमाल अहमद, मोहम्मद तुफैल, मोहम्मद रफी और सलीम ने 14 मार्च को सस्ते दाम का लालच देकर ठगी करने की शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के अनुसार हरदोई रोड, सिकरौरी स्थित रू:स स्ड्ड कामप्लेक्स में दो लोगों ने दुकान खोली थी। जहां पर स्टील बर्तन, मिल्टन सेलो आइटम, प्लास्टिक, लकड़ी के फर्नीचर व इलेक्ट्रानिक्स आइटम्स को मार्केट रेट से कम रेट में मिलने की बात कही गई। सस्ते दाम पर सामान मिलने की जानकारी हुई तो ग्राहकों ने खरीददारी की दुकान पर पैसे लिए गए।

# लखनऊ में 40 साल पहले जीती थी कांग्रेस

- 33 साल से बीजेपी काबिज, अटल बिहारी वाजपेयी 5 बार लखनऊ से चुने गए सांसद
- लखनऊ सीट पर राजपूत-ब्राह्मण और मुस्लिम मतदाताओं का दबदबा

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

यूपी की खास लोकसभा सीट लखनऊ पर पिछले 33 साल से बीजेपी काबिज है।पूर्व प्रधानमंत्री स्व.अटल बिहारी वाजपेयी 5 बार इस सीट से सांसद चुने गए थे। कांग्रेस को लखनऊ में 40 वर्ष पहले आखिरी बार जीत मिली थी। 2014 से लखनऊ सीट पर बीजेपी के राजनाथ सिंह सांसद हैं।लखनऊ लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को मैदान में उतारा है।बीते 10 साल से राजनाथ सिंह इस सीट से सांसद हैं।लखनऊ सीट इंडिया गठबंधन में सपा के खाते में है।समाजवादी पार्टी के रविदास मेहरोत्रा को मैदान में जतारा है।2019 के आम चुनाव में बीजेपी के उम्मीदवार राजनाथ सिंह ने समाजवादी पार्टी की उम्मीदवार पूनम सिन्हा को 3 लाख 47 हजार 302 वोटों से हराया था. राजनाथ सिंह को 6 लाख 33 हजार 26 वोट मिले थे,जबकि पूनम सिन्हा को 2 लाख 85 हजार 724 वोट मिले थे।कांग्रेस ने आचार्य प्रमोद कृष्णम को उम्मीदवार बनाया था।प्रमोद कृष्णम को एक लाख 80 हजार 11 वोट मिले थे।पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी लखनऊ लोकसभआ सीट से 5 बार सांसद चुने गए थे।उन्होंने पहली बार 1991 में यहां जीत दर्ज की ।उसके बाद लगातार 5 बार सांसद रहे। अटल बिहारी वाजपेयी ने 1991 के बाद1996, 1998, 1999 और 2004 के आम चुनाव में जीत हासिल की।इसके बाद 2009 में बीजेपी के लालजी टंडन सांसद चुने गए। 2014 और 2019 में राजनाथ सिंह ने जीत हासिल की।लखनऊ लोकसभा सीट पर पहली बार 1952 आम चुनाव में वोट डाले गए थे। लखनऊ से कांग्रेस की विजय लक्ष्मी पंडित सांसद चुनी गई थीं। 1957 आम चुनाव में कांग्रेस के पुलिन बिहारी बनर्जी ने जीत हासिल की। 1962 के आम चुनाव में कांग्रेस ने फिर से जीत दर्ज की। बीके धवन सांसद चुने गए।1967 आम चुनाव में लखनऊ से निर्दलीय उम्मीदवार भी जीत दर्ज करा चुका है।आनंद नारायण सांसद चुने गए जो इकलौते सांसद थे,जिन्होंने इस सीट पर निर्दलीय जीत दर्ज की। 1971 में कांग्रेस ने फिर वापसी की और शीला कौल सांसद चुनी गईं।आपातकाल के बाद हुए 1977 आम चुनाव में जनता पार्टी के हेमवती नंदन बहुगुणा चुने गए।

# विधायक ने गांवों में किया जनसंपर्क, कार्यकर्ता रहे मौजूद

- अमानीगंज, बनौगा,अरम्बा में घर-घर जाकर किया जनसंपर्क
- मोदी सरकार द्वारा चलाई गई योजनाओं से लोगों का हो रहा फायदा: योगेश शुक्ला

**जन एक्सप्रेस । पीयूष द्विवेदी**

**बीकेटी, लखनऊ।** लखनऊ जिले के बख्शी का तालाब विधानसभा क्षेत्र में भाजपा विधायक योगेश शुक्ला ने जनसंपर्क तेज कर दिया है। आपको बता दें कि आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी सांसद केंद्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर को जीतने के लिए विधायक ने अपनी विधानसभा में गांव-गांव जाकर एक-एक घर जाकर लोगों से मुलाकात कर तीसरी बार भाजपा सरकार बनाने की अपील की है। बता दे कि बुधवार व गुरुवार को भाजपा विधायक ने अपने भाजपा कार्यकर्ता व पदाधिकारी के साथ अमानीगंज, बनौगा , अरम्बा, अटेसुआ, भगौतीपुर, शिवरी अन्य गांव में घर-घर जाकर जनसंपर्क कर लोगों से मोदी सरकार की योजनाओं एवं जो योजनाओं से वंचित रह गए उनको योजनाओं का लाभ दिलाने तथा अन्य विकास कार्य करवाने का वादा किया। आपको बताते चले कि भाजपा विधायक योगेश शुक्ला लोकसभा चुनाव को लेकर अपनी विधानसभा के प्रत्येक गांव-गांव जाकर जनसंपर्क करते नजर आ रहे हैं। उनके साथ इटौंजा मंडल अध्यक्ष राजू कश्यप पूर्व सभासद भाजपा नेता सुधाकर अवस्थी नगर चौगावां प्रधान प्रतिनिधि योगेश शुक्ला अन्य कई भाजपा कार्यकर्ता साथ में मौजूद रहे। वहीं श्री शुक्ला ने बताया कि आवास योजना, शौचालय योजना, आयुष्मान कार्ड, फ्री राशन योजना, मुक्त बिजली कनेक्शन, उज्वला योजना अन्य योजनाएं जो मोदी सरकार आज चला रही है।



### मोदी ने 10 साल में देश को पहुंचाया ऊंचाइयों पर

मोदी सरकार के सत्ता संभाले हुए दस साल पूरे हो गए। इन दस सालों के दौरान सरकार ने कई ऐसे फैसले लिए जिसने देश की तस्वीर बदल कर रखी दी। भाजपा ने 2019 के लोकसभा चुनाव में जीत दर्ज कर लगातार दूसरी बार केंद्र की सत्ता पर कब्जा जमाया। उसकी इस जीत में सरकारी योजनाओं और बड़े फैसलों की अहम भूमिका रही है।

### जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 को खत्म करना

मोदी सरकार के सबसे बड़े फैसलों में जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 को खत्म करना है। अनुच्छेद 370 को खत्म करने के साथ ही सरकार ने जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा समाप्त कर उसे केंद्र शासित प्रदेश बना दिया। इसके अलावा, लद्दाख भी एक केंद्र शासित प्रदेश बनाया गया। अनुच्छेद 370 के तहत, जम्मू-कश्मीर को विशेष अधिकार प्राप्त थे। संसद भी रक्षा, विदेश और संचार मामलों के अलावा राज्य के लिए कोई कानून नहीं बना सकती थी। किसी भी कानून को लागू करने के लिए उसे राज्य सरकार का अनुमोदन हासिल करना पड़ता था। भाजपा ने 2019 लोकसभा चुनाव के अपने संकल्प पत्र में अनुच्छेद 370 को हटाने का वादा किया था। अनुच्छेद 370 के लागू होने के दौरान जम्मू-कश्मीर में किसी अन्य राज्य का निवासी जमीन नहीं खरीद सकता था। अनुच्छेद 370 के हटने के बाद अब कोई भी व्यक्ति जम्मू-कश्मीर में जमीन खरीद सकता है। इससे पहले, जम्मू-कश्मीर में अब 890 केंद्रीय कानून लागू होते हैं।

### तीन तलाक कानून लागू करना

मोदी सरकार 2.0 के सबसे अहम फैसलों में तीन तलाक को आपराधिक कृत्य घोषित करना है। संसद में तीन तलाक विधेयक को पारित करवाकर सरकार ने तीन तलाक की शिकार महिलाओं को बड़ी राहत दी। तीन तलाक कानून को मुस्लिम महिला (विवाहों पर अधिकारों का संरक्षण ) अधिनियम, 2019 कहा जाता है। तीन तलाक विधेयक को एक अगस्त 2019 को संसद में पारित कराया गया। तीन तलाक को तलाक-ए-बिद्दत भी कहा जाता है। इसमें मुस्लिम पुरुष अपनी बीवी को तीन बार तलाक बोलकर तलाक दे सकता था। उसको तलाक देने की वजह भी नहीं बतानी पड़ती। तीन तलाक कानून को लागू करने का उद्देश्य मुस्लिम महिलाओं को सशक्त बनाने और इस प्रथा पर रोक लगाना था।

## जन एक्सप्रेस



## सम्पादकीय

# सामाजिक न्याय के आंदोलन से उपजे नेताओं ने कभी पिछड़े वर्ग का ध्यान नहीं रखा

**हम आपको बता दें कि यादवों के प्रभुत्व वाले निर्वाचन क्षेत्र मधेपुरा में 7 मई को तीसरे चरण में मतदान हो रहा है। यहां के लोगों का कहना है कि मुरहो गांव से शुरू हुए सामाजिक न्याय के गौरवशाली आंदोलन से जुड़ी यादें जीर्णशीर्ण अवस्था में हैं। मुरहो गांव यादव बहुल है और इसके अन्य समुदायों में कुर्मी और पचपनिया जैसे कुछ अन्य ओबीसी समूहों के साथ-साथ महादलित भी शामिल हैं। यहां के लोग इस गांव का भाग्य बदलने की उम्मीद छोड़ चुके हैं। गांव के युवक कहते हैं कि बीएड की डिग्री ली, आईटीआई का प्रमाणपत्र लिया लेकिन कोई नौकरी नहीं मिली।**

*लोकसभा चुनावों में विपक्ष की ओर से संविधान और आरक्षण बचाने की दुहाई दी जा रही है तो सरकार का कहना है कि वह संविधान और आरक्षण की सुरक्षा के लिए चट्टान बन कर खड़ी रही है और आगे भी ऐसा ही करती रहेगी। देखा जाये तो इस बार के आम चुनाव में प्रचार में मुद्दे तो कई उठ रहे हैं लेकिन जनता के असल मुद्दे परिदृश्य से गायब होते जा रहे हैं। गरीबों की बात सभी दल कर रहे हैं। गरीब यह देख कर खुश हैं कि उन्हें बहुत याद किया जा रहा है लेकिन वह यह बात जानते हैं कि मतदान के बाद उनकी सुध लेने कोई नहीं आयेगा। सभी दल सामाजिक न्याय की बात भी कर रहे हैं लेकिन वास्तविक सामाजिक न्याय तभी होगा जब सबका आर्थिक सशक्तिकरण होगा। इसके अलावा शिक्षा को सस्ता कर सबके लिए सुलभ बनाया जायेगा। सामाजिक न्याय की मांग सबसे पहले बिहार से उठी थी। यह मांग उठायी थी बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री बिंदेश्वरी प्रसाद मंडल ने। बिंदेश्वरी प्रसाद मंडल के राजनीतिक सफर की बात करें तो आपको बता दें कि बिहार के मधेपुरा संसदीय क्षेत्र के भागलपुर से अलग होने के बाद, मंडल ने संयुक्त सोशलिस्ट पार्टी (एसएसपी) के टिकट पर 1967 का लोकसभा चुनाव जीता था। वह 1968 में थोड़े समय के लिए बिहार के मुख्यमंत्री भी बने थे। मंडल यादव समुदाय से थे और उन्हें दूसरे पिछड़ा वर्ग आयोग का अध्यक्ष भी बनाया गया था। 1978-80 के दौरान वह मंडल आयोग की रिपोर्ट के लेखक बने, जिसने अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के लिए सरकारी नौकरियों में कोटा की सिफारिश की थी। मंडल आयोग की रिपोर्ट को 1990 में वीपी सिंह सरकार द्वारा लागू किया गया था। इस घटनाक्रम के बाद बिहार और उत्तर प्रदेश में कई क्षेत्रीय दलों का उदय हुआ था जोकि आज तक राजनीतिक परिदृश्य में काफी महत्व रखते हैं। मधेपुरा शहर की चर्चा तो बहुत होती है लेकिन यह क्षेत्र विकास की बाट अब तक जोह रहा है। मधेपुरा से लगभग 10 किमी दूर, जैसे ही कोई पूर्णिया-सहरसा राजमार्ग से दाहिनी ओर मुड़ता है और रेलवे लाइन पार करता है तो टिन की छत वाले कच्चे घरों की श्रृंखला आपको दिखाई पड़ेगी। यहां पर मुरहो गांव के अंत में पूर्व मुख्यमंत्री बिंदेश्वरी प्रसाद मंडल का स्मारक है। मंडल स्मारक से बमुश्किल 100 मीटर की दूरी पर मुसहर टोले के एक कोने में, एक मिट्टी की झोपड़ी है, जहां क्षेत्र के पहले संसद सदस्य किराई मुसहर के पोते रहते हैं। यह बातें हम आपको इसलिए बता रहे हैं कि नीतीश कुमार, तेजस्वी यादव और राहुल गांधी की ओर से जाति जनगणना के मुद्दे पर राजनीति तो बहुत की गयी लेकिन पिछड़ों के लिए कुछ नहीं किया गया। यही नहीं मंडल के विचारों को भी इन दलों की ओर से दरकिनार कर दिया गया है। देखा जाये तो देश की सामाजिक न्याय की राजनीति के अग्रदूत, मंडल की विचारधारा ने समाजवादी पार्टी (सपा) के संस्थापक दिवंगत मुलायम सिंह यादव, राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख लालू प्रसाद यादव और नीतीश कुमार सहित कई समाजवादी नेताओं को जन्म दिया। लेकिन इन दलों ने मंडल को भुला दिया। आज मंडल का पैतृक घर और उनके नाम पर स्मारक मुरहो गांव में उपेक्षा के शिकार दिखते हैं। इस गांव के लोगों का कहना है कि लालू और नीतीश ने सामाजिक न्याय आंदोलन को कमजोर कर दिया क्योंकि दोनों ने अपनी-अपनी जातियों को बढ़ावा दिया और दलितों को कुछ नहीं दिया इसीलिए वह अब भी गरीब बने हुए हैं।*

## एक्सप्रेस आलेख

**पाकिस्तान में पूर्व भारतीय उच्चायुक्त और प्रसिद्ध पुस्तक एंगर मैनेजमेंट द ट्रबल्ड डिप्लोमैटिक रिलेशनशिप बिटवीन इंडिया एंड पाकिस्तान के लेखक अजय बिसारिया कहते हैं अगर भारत-पाकिस्तान में तिजारती संबंध शुरू होते हैं तो पाकिस्तान के कपड़ा और फार्मास्युटिकल क्षेत्रों को तगड़ा लाभ होगा। एक बात शीशे की तरह से साफ है कि सोशल मीडिया के इस दौर में पाकिस्तान का अवाम पड़ोसी भारत की जीवन के सभी क्षेत्रों में विकास की रफ्तार को बारीकी से देख रहा है। पाकिस्तान तो बिजली और आटे की किल्लत, बेरोजगारी और महंगाई की मार से त्राहि-त्राहि कर रहा है। इस पृष्ठभूमि में पाकिस्तानी नेतृत्व भारत के साथ कारोबारी संबंध स्थापित करने का ख्वाब देख रहा है।**

# पाक क्यों चाहता भारत से कारोबारी संबंधों की बहाली



आर.के. सिन्हा

**शरीफ जानते हैं कि अब दुनिया युद्ध के रास्ते पर नहीं चल सकती है, क्योंकि; युद्ध विनाश का पर्यायवाची है। उनके सामने भारत-चीन का शानदार उदाहरण है। ये दोनों दिग्गज एशियाई मुल्क अपने जटिल सीमा विवाद को सुलझाने की चेष्टा करते हुए भी आपसी व्यापार को आगे लेकर जा रहे हैं।**

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ ने अपने देश की रसातल में जा रही अर्थव्यवस्था की स्थिति पर विचार करने के लिए बीती 26 अप्रैल को अपने मुल्क के उद्योगपतियों से कराची में मुलाकात की। वहां सवाल-जवाब का लम्बा दौर भी चला। इस दौरान पाकिस्तान के चोटी के उद्योगपति और आरिफ़ हबीब ग्रुप के चेयरमेन आरिफ हबीब ने शाहबाज शरीफ से पुरजोर गुजारिश की कि पाकिस्तान भारत के साथ अपने व्यापारिक संबंध तुरंत बहाल करें। पाकिस्तान के अंग्रेजी के मशहूर अखबार दि डॉन ने गुरुवार (25 अप्रैल, 2024) को इस खबर को प्रमुखता के साथ छापा भी है। उस वक्त वहां पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री और देश के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ के समधी इशाक डार भी मौजूद थे। डार के बेटे की शादी नवाज शरीफ की बेटी से हुई है। डार ने पिछले महीने ही कहा था कि उनका मुल्क भारत से व्यापारिक संबंध बहाल करना चाहता है। उधर, भारत का मानना है कि व्यापार को द्विपक्षीय संबंधों के सामान्यीकरण के एक हिस्से के रूप में देखा जाना चाहिए। इसके लिए, पाकिस्तान को आतंकवाद पर लगाम लगाना होगा। वहां चल रही आतंकवाद की फैक्ट्रियों को तुरंत बंद करना होगा। भारत का यह भी मानना है कि आतंकवाद के मुद्दे पर ठोस कदम उठाए बिना व्यापार शुरू करना संभव नहीं है। दरअसल पाकिस्तान के नेताओं की भारत के साथ व्यापार शुरू करने की इच्छा कोई नई बात नहीं है। पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था गंभीर संकट से जूझ रही है। यह सब जानते हैं। भारत के साथ व्यापार, विशेष रूप से चीनी और कपास जैसे उत्पादों का आयात बंद होना, पाकिस्तान के लिए महंगा पड़ रहा है। क्योंकि, उसे ये उत्पाद दुबई जैसे देशों से मंगवाने पड़ते हैं। पाकिस्तान के व्यापारिक समुदाय का मानना है कि भारत के साथ सीधा व्यापार आर्थिक विकास को गति दे सकता है। अफ़गानिस्तान और ईरान के साथ तनावपूर्ण संबंधों ने भी पाकिस्तान की आर्थिक समस्याओं को और बढ़ा दिया है। यह भी देखना होगा कि ईरान के नेता की हालिया इस्लामाबाद यात्रा से दोनों देश कितने करीब आते हैं। भारत और पाकिस्तान के बीच व्यापार दोनों देशों के सीमावर्ती क्षेत्रों के लिए विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। व्यापार, राजनीतिक मुद्दों पर व्यापक और सार्थक चर्चा के लिए भी एक प्रारंभिक कदम हो सकता है। हालांकि दोनों देशों के बीच व्यापारिक संबंधों में जल्द ही सुधार की संभावना



**वर्तमान में दोनों देशों का द्विपक्षीय व्यापार 100 अरब रुपये के आसपास पहुंच रहा है। पाकिस्तान की भारत के साथ तिजारत की चाहत पूरी हो सकती है, अगर वह आतंकियों की गोद से मुक्त होकर भारत की चिंताओं का समाधान करे।**

भी नहीं है, क्योंकि अभी तो भारत में लोकसभा चुनाव का दौर चल रहा है। इस बीच, भारत को पाकिस्तान के साथ व्यापारिक संबंधों की बहाली करने से कोई बहुत लाभ नहीं होगा। अगर दोनों पड़ोसियों में व्यापारिक संबंध स्थापित होते हैं, तो इससे पाकिस्तान को ही बड़ा लाभ होगा। पाकिस्तान के लिए कठमुल्लों पर लगाम लगाना कोई बच्चों का खेल नहीं है। आने वाले समय में दोनों देशों के नेताओं के बीच राजनीतिक इच्छाशक्ति और ठोस कदम ही इस गतिरोध को तोड़ सकते हैं। भारत की चिंता बहुत वाजिब है। भारत सरहद के उस पार से होने वाले आतंकवाद का भुक्तभोगी रहा है। इसलिए वह कोई भी कदम बहुत सोच-समझकर ही उठाएगा। अब पाकिस्तान लाख चाहें पर, पर भारत उससे व्यापारिक संबंधों को लेकर कतई उत्साहित नहीं है। पाकिस्तान ने ही भारत के साथ अपने आर्थिक संबंधों को खत्म कर लिया था जब नरेंद्र मोदी सरकार ने 2019 में जम्मू- कश्मीर से संविधान की धारा 370 को खत्म कर दिया था। तब से पाकिस्तान के कुछ नेता कहते रहते हैं कि जब तक धारा 370 की बहाली नहीं होगी तब तक वह भारत से संबंध बहाल नहीं करेंगा। हालांकि अब जम्मू-कश्मीर में धारा 370 की बहाली होने का सवाल ही पैदा नहीं होता है। इस बारे में सारा देश एक तरह से सोचता है। और, पकिस्तान हो या कोई अन्य विदेशी मुल्क, वहां की सरकार या अवाम को भारत के अंदरूनी मामलों में दखल को मोदी जी तो हरगिज बर्दास्त नहीं करेंगे। पहले की सरकारों की कमजोरी से ही अबतक ऐसा होता रहा है। पिछले दिनों पाकिस्तान में शाहबाज शरीफ की प्रधानमंत्री के रूप में ताजपोशी के बाद यह तय ही था कि वहां भारत से व्यापारिक संबंध शुरू करने की पहल चालू होगी। खराब आर्थिक नीतियो और सेना के भारी बजट के कारण पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था तार- तार हो चुकी है। वह विश्व बैंक, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ), सऊदी अरब, चीन वगैरह के आगे मदद की आस में हर वक्त कटोरा लेकर खड़ा रहता है। पाकिस्तान अपने निर्यात को भी बढ़ाना चाहता है। लेकिन आतंकवादी मुल्क से आयात करेगा कौन? विश्व बैंक ने 2018 में अनुमान लगाया था कि अगर पाकिस्तान का भारत के साथ व्यापार अपनी क्षमता तक पहुँच जाता है तो उसका निर्यात लगभग 25 बिलियन डॉलर तक पहुंच सकता है। पाकिस्तान में पूर्व भारतीय उच्चायुक्त और प्रसिद्ध पुस्तक एंगर मैनेजमेंट द ट्रबल्ड डिप्लोमैटिक रिलेशनशिप बिटवीन इंडिया एंड पाकिस्तान के लेखक अजय बिसारिया कहते हैं अगर भारत-पाकिस्तान में तिजारती संबंध शुरू होते हैं तो पाकिस्तान के कपड़ा और फार्मास्युटिकल क्षेत्रों को तगड़ा लाभ होगा। एक बात शीशे की तरह से साफ है कि सोशल मीडिया के इस दौर में पाकिस्तान का अवाम पड़ोसी भारत की जीवन के सभी क्षेत्रों में विकास की रफ्तार को बारीकी से देख रहा है। पाकिस्तान तो बिजली और आटे की किल्लत, बेरोजगारी और महंगाई की मार से त्राहि-त्राहि कर रहा है। इस पृष्ठभूमि में पाकिस्तानी नेतृत्व भारत के साथ कारोबारी संबंध स्थापित करने का ख्वाब देख रहा है। हां, यह तो मानना होगा कि चाहे नवाज शरीफ हों या फिर उनके अनुज और देश के मौजूदा प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ कारोबार के महत्व को तो अच्छी तरह समझते हैं। ये खुद भी कारोबारी हैं। शरीफ परिवार का स्टील बिजनेस है। इनकी कंपनी के भारत के प्रख्यात स्टील कारोबारी सज्जन जिंदल की कंपनी जिंदल साउथ-वेस्ट (जेएसडब्ल्यू) से कारोबारी संबंध रहे हैं।

## एक्सप्रेस कविता

*छाया जब भी वट वृक्ष सा घना साया,*
*बुजुर्गों का हाथ सिर पर घनेरा आया।*
*उनके चेहरे की सलवटे नहीं आशीर्वचन है,*
*जब उनकी आई याद, चेहरा सदा मुस्कुराया।*
*उनको जब भी शिद्दत से स्मरण किया,*
*उन्होंने सार्थक जीवन मेरा बनाया।*
*चेहरा उनका जब भी मुझे याद आया,*
*जीवन में फिर कभी मैं नहीं घबराया।*
*चलने से लेकर पढ़ने तक सब उनसे पाया,*
*धूप और बारिश से उन्होंने सदा बचाया।*
*यदि साथ हैं वें तो ले लो आशीर्वाद,*
*मत कहना कि क्या खोया क्या पाया।*
*उनका अंश उनका अभिमान हैं हम,*
*अर्पित करतें उन्हें उनसे जो सारा पाया।*

*संजीव ठाकुर*

## एक्सप्रेस ज्ञान

*अपने आप पर और आप जो कुछ भी हैं उस पर विश्वास करें, जान लें कि आपके अंदर कुछ ऐसा है जो किसी भी बाधा से बड़ा है*

## आज का पंचांग

*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरूरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथि: | दशमी 23:22 तक |
| नक्षत्र: | शतभिषा 23:56 तक |
| पक्ष: | कृष्ण |
| वार: | शुक्रवार |
| योग: | ब्रह्मा, 14:08 |
| सूर्योदय: | 05:42 |
| सूर्यास्त: | 18:53 |
| चंद्रमा: | कुंभ राशि में |
| राहुकाल: | 10:39-12:18 |
| विक्रमी संवत्: | 2081 |
| शक सम्वत: | 1945 |
| मास: | वैशाख |
| शुभ मुहूर्त: | 11:51-12:44 |

## जन एक्सप्रेस

### बदला बदला रुप है !

*बदल गए अचानक।*
*ज्ञान रहे हैं बांट ।।*
*बदला बदला रुप है।*
*बंद हो गई ठाट ?*
*लगते कभी कूदने।*
*और कभी ख़ामोश ।।*
*है किसकी रणनीति ?*
*कहें किसका दोष ।।*
*ये कैसा व्यवहार।*
*करने को उद्धार ।।*
*लगता चल कर इसी राह।*
*है आनी बहार ?*
*किया कभी अपमान।*
*कभी करते प्यार ।।*
*कर सकते प्रवेश।*
*शायद नए द्वार ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# थायराइड रोगी जरूर पिएं जीरा, सौंफ और धनिया के बीजों से बनी ड्रिंक, कंट्रोल में रहेगा थायराइड का स्तर

**थायराइड** एक ऐसी समस्या है, जो सारी उम्र आपको परेशान कर सकती है। थायराइड को जड़ से ठीक करना मुश्किल होता है, लेकिन लाइफस्टाइल और खानपान में हेल्दी बदलाव करके इसे बढ़ने से रोका जा सकता है और कंट्रोल किया जा सकता है। थायराइड असंतुलित होने पर बालों का झड़ना, वजन बढ़ना या घटना, ड्राई स्किन, इनफर्टिलिटी और पीरियड से जुड़ी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। थायराइड कंट्रोल करने के लिए आप कुछ ऐसे हर्ब्स का सेवन कर सकते हैं, जो इसे संतुलित करने और इससे जुड़ी लक्षणों को कम करने में मदद कर सकता है।



**थायराइड में काला जीरा के फायदे:** काले जीरे में एंटीऑक्सीडेंट, सूजन-रोधी और इम्यूनोमॉड्यूलेटिंग गुण होते हैं, जो हाशिमोटो थायरॉयडिटिस (ऑटोइम्यून थायराइड बीमारी) की समस्या को कम करने में मदद करते हैं। इसके सेवन से हाशिमोटो थायरॉयडिटिस के मरीजों में वजन, बीएमआई, हिप्स और कमर से जुड़ी समस्याओं को कम किया जा सकता है। काला जीरा सीरम टीएसएच को बदले बिना कम सीरम ट्राईआयोडोथायरोनिन सांद्रता को बढ़ा सकता है क्योंकि इसमें थायरायड ग्रंथि की मरम्मत करने और थायराइड हार्मोन को फिर से ठीक करने की क्षमता है।

**थायराइड कंट्रोल करने के लिए सौंफ के बीज:** लंबे समय तक ज़्यादा मात्रा में सौंफ का सेवन हाइपरथायरायडिज्म की स्थिति में थायराइड हार्मोन (टी3 और टी4) सीरम का स्तर कम कर सकता है। सौंफ के बीज हाइपोथायरायडिज्म से पीड़ित मरीजों में कब्ज के लक्षण को कम करने में भी मदद करते हैं।

थायराइड में धनिये के बीज के फायदे इन बीजों में एंटीऑक्सीडेंट गुण होते हैं, जो हमारे शरीर को थायराइड जैसी बीमारियों से बचाने में मदद करते हैं। थायराइड का प्रमुख कारण कुल कोलेस्ट्रॉल के स्तर में बढ़ोतरी है। धनिए के बीज का सेवन कोलेस्ट्रॉल को कंट्रोल करने में मदद कर सकता है, जो बदले में थायराइड हार्मोन को कम रखने में मदद करता है। इतना ही नहीं थायराइड के कारण बढ़े वजन को कम करने में भी यह फायदेमंद होता है।

**थायराइड कंट्रोल करने के लिए ड्रिंक कैसे बनाएं?:** थायराइड कंट्रोल करने के लिए आप अपनी डाइट में काला जीरा, सौंफ के बीज और धनिया के बीज को शामिल कर सकते हैं। इन तीनों बीजों का एक साथ सेवन करने के लिए आप एक पैन में एक गिलास पानी गर्म करें। अब इसमें 1 चम्मच काला जीरा, 1 चम्मच सौंफ के बीज और 1 चम्मच धनिया के बीज डालकर 5 मिनट तक धीमी आंच पर उबालें। इसके बाद इस ड्रिंक को छन्नी की मदद से एक गिलास में छान लें और गुनगुने ड्रिंक का सेवन करें। इस ड्रिंक को ज़्यादा प्रभावी बनाने के लिए सुबह खाली पेट पी सकते हैं। थायराइड कंट्रोल करने के लिए आप इस ड्रिंक को अपनी डाइट में शामिल कर सकते हैं, लेकिन इसके साथ पोषक तत्वों से भरपूर डाइट और फिजिकल एक्टिविटी को भी अपने रूटीन में शामिल करें।

## एक्सप्रेस विशेष

# कोविशील्ड पर फैला भ्रम या हकीकत?



डॉ. रमेश ठाकुर

**कोरोना वायरस की रोकथाम के लिए एस्ट्राजेनेका ने ऑक्सफोर्ड के साथ मिलकर कोविड वैक्सीन बनाई थी। वहीं, भारत में वैक्सीन बनाने वाली कंपनी सीरम इंस्टीट्यूट ने एस्ट्राजेनेका के साथ समझौता करके कोविशील्ड वैक्सीन बनाई।**

**कोविशील्ड** वैक्सीन टीका लगवाने वाले लोग दहशत में हैं। क्या इसकी वजह कोरोना वैक्सीन निर्माता कंपनी एस्ट्राजेनेका का साइड इफैक्ट को लेकर कोर्ट में सरेआम कबूल कर लेना है? बीते एकाध दिनों से पूरे संसार में इसी को लेकर चर्चा हो रही है। भारत में ही नहीं, बल्कि विश्व में कोरोना के बाद कुछ ऐसा हुआ है कि कम उम्र और बिल्कुल तंदुरुस्त और चंगे भले इंसानों को अचानक हार्ट अटैक होना आरंभ हुआ। सांस्कृतिक मंचन हो, या शादी-ब्याह, पार्टी समारोह... लोगों का नाचने के दौरान गश खाकर गिरना और उसके तुरंत बाद मौत हो जाने की अनगिनत कहानियां हैं। करीब दो-तीन साल में हुई ऐसी मौतें पहेली बनी हुई हैं। अब संदेह और गहरा गया है। ऐसा दावा है कि ये सब कोविशील्ड टीके के साइड इफैक्ट के चलते हो रहा है। भ्रम है या हकीकत? ये तो भगवान ही जाने पर कोविशील्ड कंपनी का खुलासा यह दर्शाता है कि भविष्य में भी टीकाधारकों को साइड इफैक्ट हो सकता है। इस वैक्सीन के इस्तेमाल के आंकड़ा देखें तो सिर्फ भारत में ही एक अरब 17 करोड़ का है, जिसे कोरोना के बाद लोगों ने बचाव को ध्यान में रखकर लगवाए थे। पूरे संसार की बात करें, तो ये आंकड़ा ढाई से तीन अरब तक पहुंचता है। गौरतलब है कि कोविशील्ड कंपनी एस्ट्राजेनेका ने जब से ब्रिटिश कोर्ट में जज के समक्ष स्वीकारा है कि

**सभी को अपने जीवन को बचाने के लिए जूझना पड़ रहा था। तब, एस्ट्राजेनेका ने वैश्विक साझेदारों के साथ वैश्विक स्तर पर वैक्सीन की तीन बिलियन खुराक बनाई। सरकारों ने उन्हें बाकायदा लक्ष्य दिया था। जल्दबाजी हुई थी, जिसे स्वीकारा जा चुका है। उन्हीं की भांति भारत में भी सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया ने कोविशील्ड टीके का उत्पादन युद्धस्तर पर किया और उन्हें भारत सरकार को सौंप दिया।**

उनके टीके के इस्तेमाल से 'ब्लड क्लॉटिंग' यानी खून के थक्कों के जमने की प्रबल संभावनाएं हैं, तब से चारों तरफ हंगामा कटा हुआ है। कंपनी की इस स्वीकारता से संसार भर में कोविशील्ड का टीका लगवाने वालों में दहशत का माहौल है। लोग डरे हुए हैं। लोग चिकित्सकों से परामर्श करने में लगे हुए हैं। हालांकि, तसल्ली इस बात की है कि भारत के लोगों को डरने की जरूरत नहीं है। भारतीय चिकित्सा तंत्र ने इसे मात्र भ्रम ही बताया है। उन्होंने फिलहाल वैक्सीन को सुरक्षित बताते हुए, भरोसा दिया है कि अगर साइड इफैक्ट देखें भी तो उस पर काबू पाने में हमारा हेल्थ सिस्टम सक्षम है। सरकार की ओर से भी यही बताया गया है। पर, लोगों के भीतर बैठ चुका डर निकलने का नाम नहीं ले रहा। एस्ट्राजेनेका का मामला कोर्ट तक पहुंचा कैसे? ये जानना भी जरूरी है। दरअसल, ब्रिटिश नागरिक जैमी स्कॉट ने एस्ट्राजेनेका कंपनी के कोर्ट में खदेड़कर मुकदमा दर्ज करवाया था। उन्होंने अप्रैल-2021 में कोविशील्ड के टीके लगवाए थे, जिसके बाद वह स्थाई तौर पर मस्तिष्क से क्षतिग्रस्त हो गए। जैमी स्कॉट समेत कई अन्य कई लोग भी थ्रोम्बोसिस नामक दुर्लभ बीमारी से ग्रस्त हो गए। तभी इन सभी ने मिलकर कंपनी के खिलाफ कोर्ट में केस दर्ज करवा दिया। उसके बाद इस दिग्गज दवा कंपनी ने कोर्ट में वैक्सीन के कारण गंभीर स्वास्थ्य जटिलताएं पैदा होने की बात स्वीकार ली। कोर्ट ने कंपनी को प्रभावित लोगों को 10 करोड़ पाउंड हर्जाना देने का आदेश भी दिया है। इस खुलासे के बाद कोविड-19 की अन्य वैक्सीन जैसे फाइजर, मॉडर्ना भी सवालों के घेरे में हैं। ऐ कंपनियां भारत में उस वक्त खूब एक्टिव थी। इन्हें भी अपने टीकों के संबंध में अब जवाब देना होगा, क्योंकि मसला वैश्विक स्तर पर गरमा चुका है। मालूम हो, जब कोरोना कहर बरपा रहा था। पूरी दुनिया इसके चपेट में थी। तब, कोविशील्ड को ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय द्वारा ईजाद किया गया। वैसे कम ही लोग जानते होंगे कि काविशील्ड नाम भारत ने ही दिया था। एस्ट्राजेनेका वैक्स जोब्रिया टीके का निर्माण भारतीय फार्मा कंपनी 'सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया' यानी एसआईआई ने भी अपने स्तर से किया था। टीका बनने के बाद बाकायदा उसका ट्रायल हुआ। सबसे पहले चूहों पर प्रयोग किया गया। उसके बाद एकाध गंभीर मरीजों को टीका लगाया गया, जिसका रिजल्ट बेहतरीन पाया गया। फिर, डब्ल्यूएचओ की स्वीकति मिली, उसके बाद भारतीय वैज्ञानिकों और चिकित्सकों के संयुक्त पैनल की देखरेख में मुकम्मल पड़ताल हुई, तब कहीं जाकर टीकों को मरीजों में लगवाना आरंभ हुआ। हां, इतना जरूर है कोविशील्ड को ब्रिटेन में आनन-फानन में नियमों के विरुद्ध जल्दबाजी में बिना ट्रायल के लोगों को टीका देना शुरू कर दिया गया था। यह बात भी वहां की हुकूमत ने कोर्ट में स्वीकारी है। इसलिए एस्ट्राजेनेका का ये कहना सच साबित होता है कि वैक्सीन बहुत दुर्लभ मामलों में टीटीएस का कारण बन सकती है। चिकित्सकों के मुताबिक इसे लंबे ट्रायल की आवश्यकता थी। जो उस वक्त नहीं किया गया। इसकी जवाबदेही फार्मा कंपनी की ही बनती है। जब उन्हें ये पता था कि इसके दुष्परिणाम भविष्य में अच्छे नहीं होंगे? तो क्यों लोगों के जीवन से खिलवाड़ करने की इजाजत उन्होंने दी। कई ऐसे सवाल हैं जिन्हें बिंदूवार तरीके से अब एस्ट्राजेनेका कंपनी को ही देने होंगे। ऐसे में भारतीय डाक्टरों को चाहिए, अगर इस टीके से साइड इफैक्ट की उन्हें जरा भी संभावना दिखती है।

# खेत में लगी आग से थ्रेसिंग के लिए एकत्र की गई गेहूं की फसल राख

**जन एक्सप्रेस । गोला गोकर्णनाथ खीरी**



शहर से सटे ग्राम कोंधवा के पास खेत में लगी आग से थ्रेसिंग के लिए एकत्र की गई गेहूं की फसल राख हो गई।खेत स्वामी ने रंजिशन आग लगाने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। बुधवार को तहसील कार्यालय भवन के पीछे तेज धुआं उठा तो अफरातफरी मच गई।कोंधवा के लोगों ने अग्निशमन दल को सूचना दी। अग्निशमन दल ने मौके पर पहुंच आग पर काबू पाया।तब खेत में एकत्र फसल राख हो चुकी थी। मोहल्ला कुम्हारन टोला निवासी लालजी प्रसाद ने पुलिस को तहरीर देकर कहा है कि उन्होंने गेहूं की मड़ाई के लिए फसल खेत में एक जगह पर लगवाई थी।जिसमें पड़ोसी खेत स्वामी के भतीजे ने रंजिशन आग लगा दी है। जिसमें उनका लगभग 50 क्विंटल गेहूं जल गया और उन्हें एक लाख रुपए से अधिक का नुकसान हुआ है। पड़ोसी खेत स्वामी ने चकरोड पर कब्जा कर रखा है जिसकी शिकायत एसडीएम से की है। जिस कारण वह रंजिश मानता है।

# बहुजन समाज के लोग एक हैं और कंधे से कंधा मिलाकर साथ चल रहे हैं

**जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी**



बहुजन समाज पार्टी के लोकसभा खीरी उम्मीदवार अंशय कालरा ने लोकसभा क्षेत्र के पिपरा मरोड़ा, मैनहा, डल्ला पुरवा, खिचनपुरवा, बड़ागांव, ईदई पुरवा, बैरिहा, खेरी पुरवा, श्री नगर, तेंदुवा, बरौला, सिसौरा और मेहंदी बड़ागांव में जनसंपर्क किया। उन्होंने लोगों से बातचीत की और उन्हें जागरुक किया संविधान और आगमी चुनाव के महत्वपूर्ण रिश्ते के विषय में।

उन्होंने कहा कि बहुजन समाज के लोग एक हैं और कंधे से कन्धा मिलकर चल रहे हैं। उन्होंने लोगों को अपना पर्याप्त समय दिया और जोश और उत्साह से लोगों के दिल में संविधान की महत्वपूर्णता जगाई। बसपा उम्मीदवार श्री अंशय कालरा का जनसंपर्क अभियान खीरी लोकसभा के लोगों को एक साथ एकत्रित कर रहा है। उन्होंने कहा की असली कार्यकर्ता वही है जो गली गली जाकर जनता की समस्याओं को समझे और सत्ता में आने के बाद भी उनके लिए कार्य करे। उनके जनसम्पर्क में, बचे से लेकर वृद्ध, हर आयु का व्यक्ति भाग ले रहा है। यह जनसंपर्क अभियान बाबासहब अम्बेडकर के लिखे संविधान और उनके आदर्शों को प्रतिपादन करता है, जो समाज में न्याय और समानता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। जनसम्पर्क के साथ-साथ अंशय कालरा ने आगामी 7 मई को लखीमपुर में होने वाली बसपा सुप्रीमो बहन मायावती की विशाल रैली के बारे में लोगों को बताया और ज्यादा से ज्यादा संख्या में आने की अपील की। राजनीतिज जनकारों की माने तो इस रैली के बाद खीरी लोकसभा में चुनाव रोचक मोड़ लेता दिखायी दे सकता है।

# तमंचे के बल पर नौकर को घर से उठा ले गए हमलावर, रिपोर्ट दर्ज

**जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी**




कोतवाली धौरहरा क्षेत्र के एक गांव में घर में घुसकर मालिक और अन्य सदस्यों की पिटाई का विरोध करना नौकर को भारी पड़ गया। हमलावर उसे तमंचे के बल पर उठा ले गए और जमकर पीटा। पुलिस ने अपहरण समेत कई धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव नया गांव निवासी प्रकाश दीक्षित ने बताया कि मामूली विवाद होने पर बुधवार की शाम करीब 07:30 बजे पड़ोसी अनुराग दीक्षित, अनुज दीक्षित व अनुपम दीक्षित उसके घर घुस आए और गालियां देने लगे। उन्होंने जब विरोध किया तो जान से मार देने की धमकी देते हुए उसे धक्का मारकर गिरा दिया। शोर शराबा होने पर परिवार के विवेक, आरती, सुकेश और मौके पर मौजूद नौकर बृजमोहन ने जब विरोध किया तो आरोपी भड़क गए। आरोप है तमंचे के बल पर हत्या करने के इरादे से नौकर बृजमोहन को उठा ले गए। इससे गांव में अफरा-तफरी मच गई। उन्होंने बताया कि आरोपियों ने पिटाई करने के बाद बृजमोहन को छोड़ दिया। उन्होंने आरोपियों के खिलाफ धौरहरा पुलिस को तहरीर दी, जिस पर पुलिस ने अपहरण समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है। प्रभारी निरीक्षक दिनेश सिंह ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ अपहरण समेत कई अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# पेड़ी प्रबंधन व कीट नियंत्रण जागरूकता वाहन रैली का शुभारंभ

**जन एक्सप्रेस । गोला गोकर्णनाथ खीरी**



बजाज हिन्दुस्थान शुगर लिमिटेड चीनी मिल गोला के द्वारा एक कृषक प्रशिक्षण वाहन चीनी मिल गेट से समस्त क्षेत्रों हेतु चीनी मिल के इकाई प्रमुख जितेन्द्र सिंह जादौन, वरिष्ठ महाप्रबंधक गन्ना पी एस चतुर्वेदी, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक आशुतोष मधुकर, सचिव सहकारी गन्ना विकास समिति गोला बलवंत कुमार चौधरी, लीगल हेड ए के पाण्डे ने संयुक्त रूप से फीता काटकर व हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने बताया की इस वर्ष तमाम कारणों से गन्ने की उपज प्रभावित हुई जिसके कारण चीनी मिल को आपूर्ति हुये गन्ने मे कमी आयी है व किसानो की आमदनी पर भी प्रभाव पड़ा है। इसी के मद्देनजर किसानो मे जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से आज वीडिओ वैन को पूरे मिल क्षेत्र मे घुमाकर जन जन मे पेड़ी का रख रखाव कैसे हो, ट्रेंच विधि से गन्ना बुवाई के क्या लाभ है, कीट बीमारी की पहचान व निदान, कृषक सुरक्षा आदि को चलचित्रो /ध्वनि यंत्रो द्वारा बताया जायेगा। वरिष्ठ महाप्रबंधक गन्ना पी एस चतुर्वेदी ने इस अवसर पर बताया कि चीनी मिल के सभी मोटीवेटर व अधिकारियों को भी लगातार क्षेत्र भ्रमण कर किसानो को उपज बढ़ाने हेतु प्रोत्साहित व जागरूक करने का निर्देश दिया गया है।

इस मौके पर सहायक महाप्रबंधक ओ डी शर्मा, वरिष्ठ प्रबंधक संजीव सिरोही, प्रबंधक गन्ना सत्येन्द्र कुमार मिश्र, संजीव चौधरी व उप प्रबंधक गन्ना राजेश मिश्र व रितेश दुबे सहित समस्त मिल कर्मचारी व अधिकारी उपस्थिति रहे।

# डीएम ने बाइक चलाकर शत प्रतिशत मतदान का दिया संदेश

**✻ डीएम चौराहे से निकाली गयी मतदाता जागरूकता बाइक रैली**

**जन एक्सप्रेस । हरदोई**



लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 की स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत आज डीएम चौराहे से मतदाता जागरूकता बाईक रैली निकाली गयी। रैली नुमाइश चौराहा, बड़ा चौराहा, सिनेमा चौराहा, कलेक्ट्रेट के सामने से होते हुए पुलिस लाइन में समाप्त हुई। रैली के दौरान जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने स्वयं बाईक चलाते हुए रैली का नेतृत्व किया। पुलिस अधीक्षक केशव चन्द्र गोस्वामी भी उनके साथ बाईक पर बैठे। मार्ग में कई स्थानों पर आम मतदाताओं ने पुष्प वर्षा कर रैली का स्वागत किया। रैली के समापन स्थल पुलिस लाइन में जिलाधिकारी ने सभी प्रतिभागियों को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलायी। रैली में बड़ी संख्या में विभिन्न अधिकारियों, कर्मचारियों, स्वयंसेवी संस्थाओं व आमजन ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर उपनिदेशक कृषि डॉ नंदकिशोर, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी डॉ रामप्रकाश व जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार आदि उपस्थित रहे।

# मतदाताओं को शत-प्रतिशत मतदान हेतु किया गया जागरूक

**जन एक्सप्रेस । हरदोई**




विकास खण्ड बावन की ग्राम पंचायत नया गांव हबीबपुर के चन्द्रा देवी शिक्षण निकेतन हायर सेकेण्डरी स्कूल के बूथ संख्या 320, 321, 322 में बूथों का निरीक्षण किया गया, तथ मतदान जागरूकता पाठशाला का आयोजन किया गया, व मतदाता शपथ दिलायी गयी। प्राथमिक पाठशाला रारा के बूथ संख्या 317, 318, 319 तथा प्रा0पा0 अनंगबेहटा के बूथ संख्या 293, 294, 295 का निरीक्षण किया गया तथा दोनों ग्रामों में घर-घर कलेण्डर का वितरण करते हुए सपरिवार मतदान करने हेतु अनुरोध किया गया। प्रा0पा0 खेड़ा के बूथ संख्या 296, 297 तथा मढ़िया फकीरन के बूथ संख्या 298, 299, 300, 301 का निरीक्षण किया गया। चुनाव पाठशाला में उपस्थित मतदाताओं को मतदान प्रतिशत बढ़ाये विभिन्न प्रकार की जानकारी दी गयी, तथा उपस्थित मतदाताओं द्वारा प्रातः सपरिवार वोट डाले जाने का आश्वासन दिया गया, ग्रामवासी/ मतदाताओं द्वारा अवगत कराया गया कि वह शत-प्रतिशत वोट हेतु जागरूक कर रहें है।

उक्त के अतिरिक्त रोस्टर के अनुसार बूथ संख्या 34, प्रा0 वि0 नयागांव, ग्राम पंचायत काईलहा शेखपुर में मतदाता शपथ दिलायी गयी,

तथा मतदाता जागरूकता रैली निकालकर मतदाताओं को शत-प्रतिशत मतदान हेतु जागरूक किया गया। कार्यक्रम में डॉ0 राम प्रकाश, खण्ड विकास अधिकारी बावन, श्री मिथिलेश कुमार, सहायक विकास अधिकारी साख्यिकी, श्री राकेश पाल, सचिव, के साथ प्राधानाध्यापक व अन्य शिक्षक/शिक्षिकाऐं/ बी0एल0ओ0 एवं ग्राम वासी उपस्थित थे। इस अवसर पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्वाचन से सम्बन्धित रचित पंक्तियां भी सबको सुनायी गयीं। हमको है निज देश पे गौरव, हमको है खुद पे अभिमान, अपनी ताकत को पहचान, चलो करें हम सब मतदान।

## फास्ट फॉरवर्ड

### डीएम ने मतदान हेतु बनाये गए फैसिलिटेशन सेंटर का किया निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस । हरदोई।** जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने महाराणा प्रताप राजकीय महाविद्यालय में मतदान कार्मिकों के चल रहे द्वितीय प्रशिक्षण व कार्मिकों के मतदान हेतु बनाये गए फैसिलिटेशन सेंटर का निरीक्षण किया। उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देश दिए कि प्रशिक्षण प्रारम्भ होने के उपरांत जल्द से जल्द कार्मिकों से फॉर्म 12 ए व फॉर्म 12 संकलित किये जाएं। 12 ए फॉर्म जमा करने वाले कार्मिकों की ईडीसी तत्काल तैयार कर ली जाये। आवश्यकता पड़ने पर अतिरिक्त काउंटर भी लगाए जाएं। व्यवस्था को बनाये रखने के लिए पर्याप्त संख्या में पुरुष व महिला सुरक्षाकर्मी तैनात किये जाएं। फॉर्म भरने में कार्मिकों की पूरी सहायता की जाये। मतदान कार्मिकों से संवाद करते हुए उन्होंने कहा कि अच्छी तरह से प्रशिक्षण प्राप्त करें ताकि कार्य क्षेत्र में कोई समस्या न आये। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक केशव चन्द्र गोस्वामी व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### बाल विवाह रोकने के लिए करें 181, 1098, एवं 112 नम्बर पर कॉल

**जन एक्सप्रेस । हरदोई।** जिला प्रोबेशन अधिकारी सुशील कुमार सिंह ने बताया है, कि अक्षय तृतीया (10 मई 2024) के अवसर पर ज्यादातर बाल विवाह होने की वजह से बेटियों को आर्थिक, मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताड़ना सहनी पड़ती है। उन्होंने बाल विवाह के बचाव के लिए समस्त संस्थाओ, महिला समूह, ग्राम प्रधानो एवं आगंनबाडी कार्यकत्रियो, आशाबहुओ, समाज सेविकाओ से अनुरोध है कि बाल विवाह को जनपद में खत्म करने के लिए, बच्चो के भविष्य को सवारने के लिए कृपया बाल विवाह रोकथाम के लिए 181,1098, एवं 112 नम्बर पर कॉल करे या सीधे जिला प्रोबेशन कार्यालय या जिला बाल संरक्षण इकाई रेलवेगंज हरदोई में सम्पर्क करें। लड़की की उम्र 18 वर्ष व लड़के की उम्र 21 वर्ष से कम होती है तो बाल विवाह कहा जाता है। बाल विवाह सम्पन्न कराये जाने वाले व्यक्ति जैसे पंड़ित, मौलवी, माता-पिता, दोस्त इत्यादि को दो वर्ष की कड़ी सजा या एक लाख का जुर्माना या दोनो हो सकते है।

### दंपती से मारपीट के आरोप में मां बेटों सहित चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**जन एक्सप्रेस । हरदोई।** पाली। क्षेत्र के कछेलिया पुरवा गावं में दरवाजे पर खड़े एक दंपति को गावं के ही तीन भाइयों ने अपनी मां के साथ मिलकर लाठी डंडों से पीटकर घायल कर दिया। पुलिस ने चारों के विरुद्ध मारपीट का मुकदमा दर्ज किया है। पाली थाने के कछेलिया पुरवा निवासी जनुका देवी राठौर (40) ने पुलिस को तहरीर देकर बताया है कि बुधवार की रात करीब आठ बजे पति लालपूत के साथ दरवाजे के सामने खड़ी थी। तभी गावं की ही निर्मला राठौर अपने बेटों शैलेन्द्र, राम रहीस व पंचम के साथ दरवाजे पर आई और गाली-गलौज करने लगी। विरोध करने पर सभी ने लाठी डंडों से मारा पीटा। जिसमें दोनों को चोट आई है। जिसके बाद सभी जान माल की धमकी देकर भाग गए। प्रभारी निरीक्षक एके राय ने बताया है कि तहरीर के आधार पर मां और उसके तीन बेटों पर मारपीट की रिपोर्ट दर्ज हुई है।

### खाद्य सुरक्षा टीम की छापेमारी, खाद्य पदार्थो के लिए नमूने

**जन एक्सप्रेस । हरदोई।** उत्तर प्रदेश शासन व सहायक आयुक्त(खाद्य)-द्वद्ध, हरदोई के आदेश के अनुपालन में मसालें से सम्बन्धित विनिर्माण इकाई के यहाँ नमूना संग्रहण हेतु खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम द्वारा नमूना सम्बन्धी कार्यवाही की गयी, जिसके अन्तर्गत सतगुरू ग्रामोद्योग सेवा संस्थान सेखनपुर, माधौगंज के परिसर से सब्जी मसाला व गरम मसाला के दो नमूनें संग्रहित किये गये एवं सुमन मसाला ट्रेडिंग कम्पनी, सिरोमन नगर शाहाबाद के परिसर से गरम मसाला का एक नमूना संग्रहित किया गया। इस प्रकार कुल तीन नमूनें संग्रहित किये गये। एन0जी0एम0 मसालें, बिलग्राम बन्द मिला। अतः उक्त फर्म एन0जी0एम0 मसाला विनिर्माण इकाई का निरीक्षण नहीं हो पाया। खाद्य सचल दल के सदस्य खाद्य सुरक्षा अधिकारीगण अनिरूद्ध सिंह गंगवार, श्री अजीत सिंह, राम किशोर, सुभाष चन्द्र मौर्य एवं खुशीराम कार्यवाही में उपस्थित रहें।

### प्रभारी अधिकारी अपने निर्धारित स्थल पर प्रातः 06.00 बजे से पूर्ण मुस्तैद रहें: डीएम

**जन एक्सप्रेस । हरदोई।** जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने बताया है कि लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 हेतु पोलिंग पार्टी रवाना हेतु लगायी गयी ड्यूटी मे परिवर्तन किया गया है। उन्होंने उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा0आर0पी0शर्मा, मो 09412813258 को निर्देशित करते हुये कहा है कि सी.एस.एन. कालेज में रिजर्ब कार्मिकों के बैठने के स्थल तथा संबंधित पण्डाल प्रभारी द्वारा रिप्लेस आर्डर किए जाने पर संबंधित सेक्टर मजिस्ट्रेट को कार्मिक उपलब्ध करायेंगे। उन्होंने सहा0अभि0, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग संजीव दीक्षित 9415175934 को आई0टी0आई0 ई0वी0एम0 में टेक्नीशियन पण्डाल के प्रभारी का दायित्व दिया गया है। उन्होंने नामित अधिकारियों से कहा है, कि 12 मई 2024 की प्रातः 06.00 बजे के पूर्व अनिवार्य रूप से पूर्ण करा ली जायें तथा संबंधित प्रभारी अधिकारी अपने निर्धारित स्थल पर प्रातः 06.00 बजे से पूर्ण मुस्तैद रहें।

# चार लोगों के खिलाफ मारपीट व एससी/एसटी के तहत मुकदमा दर्ज

**जन एक्सप्रेस । हरदोई**

**हरपालपुर।** थाना क्षेत्र के अचनका पुर गांव से दावत खाकर बाइक से वापस अपने घर लौट रहे पिता पुत्र से जाति सूचक गाली गलौज व मारपीट करने के आरोप में दलित पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ अभियोग दर्ज किया है। तथा मामले की जांच क्षेत्राधिकारी हरपालपुर कर रहे हैं।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के मुद्दपुरा मजरा खसौरा गांव निवासी दलित रामनिवास पुत्र स्वर्गीय मथुरी लाल द्वारा थाने पर दी गयी तहरीर में कहा गया है कि वह बीती 29 अप्रैल को अपने पुत्र विशाल के साथ थाना क्षेत्र के अचनकापुर गांव को दावत खाने गया था। जहां से पिता पुत्र दोनो लोग बाइक से वापस अपने घर आ रहे थे।आरोप है कि रास्ते मे गुलजार पुरवा के पास रास्ते मे मौजूद लिल्ली व सद्दाम पुत्रगण मैंनू, मैनू पुत्र अज्ञात व वीरेंद्र पुत्र रामवीर मेरे पास आये और दोनो लोगो से मारपीट करने लगे।जिससे दोनो लोग घायल हो गए।तथा लिल्ली व सद्दाम ने जातिसूचक गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दी पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ मारपीट व एससी/एसटी के तहत अभियोग दर्ज किया है।

इस पूरे मामले की जांच सीओ हरपालपुर को सौंपी गई है।

# पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मीनाक्षी अग्रवाल ने क्षेत्र में भ्रमण कर भाजपा प्रन्याशी के समर्थन मैं मांगा सहयोग

**जन एक्सप्रेस । गोलागोकरननाथ खीरी**




28 खीरी लोकसभा क्षेत्र के गोला विधानसभा ग्राम अजान, कोइया डीह, परसेहरा चठिया मदनी, तकिया, बिहारीपुर, मोहम्मदाबाद में नगर पालिका परिषद की पूर्व अध्यक्ष मीनाक्षी अग्रवाल ने मतदाताओं से संपर्क करके भाजपा प्रत्याशी अजय मिश्रा टेनी के पक्ष में मतदान करने की अपील की उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास के सिद्धांत पर चल रही है और सभी वर्गों के लिए लोक कल्याणकारी योजना का क्रियान्वयन सुचारू रूप से किया है। क्षेत्र में सांसद अजय मिश्रा टेनी (केंद्रीय गृह राज्य मंत्री) ने विकास की गंगा बहाई है जिससे गांव को मुख्य मार्ग से जोड़ने का काम पूरा हुआ है प्रत्येक गांव में शुद्ध पेयजल की व्यवस्था की जा रही है जिससे ग्रामीणों का जीवन स्तर सुखमय हुआ है। नगर के प्रमुख समाजसेवी अरविंद पांडे ने मतदाताओं से कहा कि भाजपा की सरकार बनने में ही देश का हित है और भाजपा सरकार ने भारत माता का मस्तक गर्व से ऊंचा किया है।पूर्व पालिका अध्यक्ष मीनाक्षी अग्रवाल के साथ जनसंपर्क में शकुंतला राजपूत मंजू भारद्वाज मयंक दीक्षित शिवम सिंह विपिन तिवारी अरुण कुमार सिंह राजीव गुप्ता इंद्रपाल राठौर ने द्वार- द्वार जाकर जनसंपर्क किया और मतदाताओं को कमल के फूल का बटन दबाने के लिए प्रेरित किया।

# दुष्कर्मी की जमानत याचिका निरस्त

**जन एक्सप्रेस । बहराइच**

अपर जिला शासकीय अधिवक्ता संतोष सिंह ने बताया कि थाना जरवलरोड के बैराकाजी गांव निवासी फैजान के खिलाफ 10 अप्रैल 2024 को थाने की पुलिस ने बालिका को भगाकर दुष्कर्म करने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया था। उन्होंने बताया कि बृहस्पतिवार को अभियुक्त के अधिवक्ता की ओर से विशेष न्यायाधीश पॉक्सो दीपकांत मणि की कोर्ट पर जमानत याचिका प्रस्तुत की गई थी।

शासकीय अधिवक्ता ने बताया कि कोर्ट ने जमानत याचिका पर दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद अभियुक्त की जमानत याचिका निरस्त कर दी है।

# बीमारी के चलते दरोगा की मौत, परिजनों में कोहराम

**जन एक्सप्रेस । हरदोई**

**पाली।** थाना क्षेत्र के गांव सिंगुलापुर के मजरा शूरापुर निवासी एक दरोगा का बुधवार दोपहर बीमारी के चलते निधन हो गया। गुरुवार को शव का पोस्टमार्टम होने के बाद फर्रूखाबाद के पांचाल घाट पर अंतिम संस्कार कर दिया गया। एसआई के निधन से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। मृतक उपनिरीक्षक कुलदीप तिवारी के बड़े बेटे आदित्य तिवारी ने बताया कि पिछले वर्ष अप्रैल माह में पिता जी उरई में एसपी ऑफिस में बाबू के पद पर तैनात थे। आठ अप्रैल 2023 को डियूटी के दौरान पैरालीसिस का अटैक दाहिनी तरफ पड़ने से तबियत खराब हो गई थी। एक वर्ष तक इलाज चलता रहा। दवाई चलने के दौरान दो बार ब्रेन स्ट्रोक भी हुआ। सुधार नही होने पर डॉक्टरों ने जबाव दे दिया था। तब से गांव में घर पर थे। पिछले कुछ माह से आयुर्वेदिक पद्धति से इलाज चल रहा था। 28 अप्रैल 2024 को तीसरी बार ब्रेन स्ट्रोक होने से तबियत खराब हो गई। उसके बाद एक मई को दोपहर साढ़े 12 बजे के आसपास उनका निधन हो गया। कुलदीप 1997 में एसआई के पद से पुलिस फोर्स में आए थे। काफी समय से मेडिकल पर थे। तबियत खराब होने के दौरान कुलदीप का ट्रांसफर उरई से लखनऊ में पुलिस हेड क्वार्टर में हो गया था। एसआई कुलदीप तिवारी के चार बच्चे है जिसमें दो पुत्र व दो पुत्रियां है। पत्नी शशि तिवारी सहित सभी परिजनों का रो रोकर हाल बेहाल है।

# मतदाता जागरूकता अभियान का हुआ शुभारंभ

**जन एक्सप्रेस । गोला गोकरननाथ खीरी**




नगर के स्थानीय विद्यालय चिल्ड्रंस अकैडमी मैं मतदाता जागरूकता अभियान की शुरुआत की गई का कार्यक्रमभारतीय विद्यार्थी परिषद नगर इकाई के द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान का शुभारंभ नगर के चिल्ड्रंस अकैडमी विद्यालय से किया गया कार्यक्रम का संचालन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद गोला के नगर मंत्री आशुतोष मिश्रा ने किया।

जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक इंद्रजीत सिंह, प्रवासी कार्यकर्ता के रूप में प्रांत स्व्रस संयोजक हरप्रीत सिंह, मुख्य वक्ता पूर्व जिला प्रमुख संजीव दीक्षित एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य/ कार्यक्रम अध्यक्ष अजय कृष्णा आनंद उपस्थित रहे।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषदनगर सोशल मीडिया प्रमुख अनिकेत कश्यप आदि लोग मौजूद रहे।

# मजदूर दिवस पर कर्मचारियों ने उठाई हक की आवाज

**जन एक्सप्रेस । शाहजहाँपुर**

उत्तर प्रदेश एंड उत्तराखंड मेडिकल सेल्स रिप्रेजेंटेटिव एसोसिएशन की जिला इकाई ने मई दिवस के 101 वर्ष पूर्ण होने पर धूमधाम से यूपीएमएसआरए कार्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया। अध्यक्ष मुरारी दीक्षित ने दवा प्रतिनिधियों की समस्याओं से अवगत कराया। इसके बाद सभी सहायक श्रमायुक्त कार्यालय पहुंचे, जहां लेबर कमिश्नर कानपुर के नाम 22 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सहायक श्रमायुक्त की अनुपस्थिति में कार्यालय सहायक एके शर्मा को सौंपा। इस दौरान जितेंद्र सिंह, प्रवीण यादव, विनीत शुक्ला, मोहित गुप्ता, गौरव गुप्ता, अतुल शर्मा, अजीत श्रीवास्तव, अजय त्रिवेदी आदि दवा प्रतिनिधि मौजूद रहे।

### मजदूर निर्माण उत्थान प्रगति की महत्वपूर्ण इकाई

अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस पर नरमू के सहायक मंडल मंत्री नरेंद्र त्यागी के नेतृत्व में प्लेटफार्म नंबर एक पर शहीद प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया गया। शाखा अध्यक्ष रामोतार शर्मा की अध्यक्षता व शाखा सचिव शिवकुमार सक्सेना के संचालन में मजदूर दिवस मनाया गया। शाखा सचिव शिवकुमार सक्सेना ने रेलकर्मियों ने पुरानी पेंशन की मांग का मुद्दा उठाया। अध्यक्ष ने उनका समर्थन करते हुए कहा कि सरकार को पुरानी पेंशन योजना लागू कर देनी चाहिए।

### विद्युत संविदा मीटर रीडिंग वर्करों ने हितों की मांग

विद्युत संविदा मीटर रीडिंग वर्कर यूनियन ने प्रबंध निदेशक मध्यांचल विद्युत निगम लिमिटेड को संबोधित ज्ञापन अतिरिक्त मजिस्ट्रेट चित्रा निरवाल को जीआईसी मैदान में सौंपा। इस दौरान वेतन बढ़ाए जाने, वेतन को खाते में भेजे जाने, एसआई कार्ड में विसंगतियों को दूर करने समेत आदि मांगें रखीं। महामंत्री अरुण कुमार, आशीष कुमार व विशाल कश्यप आदि मौजूद रहे।

# युवक के हाथ पैर गमछे से बांधे- शव को फेंका खाली प्लॉट में

**जन एक्सप्रेस । बरेली**



युवक की हत्या कर उसके हाथ व पैर गमछे से बांध दिए गए। फिर शव खाली प्लाट में फेंक दिया गया। गुरुवार को कैंट के कांधरपुर में युवक का शव मिला, तब अफरातफरी मच गई। एसपी सिटी राहुल भाटी, सीओ प्रथम पंकज श्रीवास्तव कैंट पुलिस संग पहुंचे। शव की पहचान कैंट क्षेत्र के झील गोटिया निवासी हरिओम के रूप में हुई। घटनास्थल पर खून या अन्य कोई निशान नहीं थे जिससे प्रथमदृष्ट्या माना जा रहा है कि किसी अन्य स्थान पर हरिओम की हत्या के बाद उसका शव ठिकाने लगाया गया। हरिओम के पीठ पर घाव के निशान थे। मुंह से खून निकला हुआ था। इंस्पेक्टर कैंट जेएन पांडेय के अनुसार, शव ठिकाने लगाने के बाद आरोपित खेतों के रास्ते भागे हैं। निशान इस बात की गवाही दे रहे हैं। हर बिंदु पर जांच की जा रही है।

शव की पहचान कैंट क्षेत्र के झील गोटिया निवासी हरिओम के रूप में हुई। घटनास्थल पर खून या अन्य कोई निशान नहीं थे जिससे प्रथमदृष्ट्या माना जा रहा है कि किसी अन्य स्थान पर हरिओम की हत्या के बाद उसका शव ठिकाने लगाया गया। हरिओम के पीठ पर घाव के निशान थे। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-प्रापण निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/ निर्माण, पूर्वोत्तर रेलवे गोरखपुर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई- प्रापण निविदाएं आमत्रिंत करते है।, **क्र0सं0:- 1, ई-प्रापण निविदा संख्या:-** उपमु0ई0-नि0-मुख्या0-02-2024 दिनांक 26.04.2024, **कार्य का नाम:-** पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल में सहजनवाँ -दोहरीघाट नई रेल लाइन परियोजना के संबंध में पिपरौली (छोड़कर) चैनेज नं० 88620 से उनवल (सहित) चैनेज नं० 106660 के बीच छोटे पुलों, मिट्टी के काम, बलैंकेटिंग, एलएचएस और आरयूबी का निर्माण।, **अनुमानित निविदा मुल्य:-** 1,46,34,48,433.63, **बयाना राषि (रु0):-** 74,67,300/- **निविदा प्रपत्र का मुल्य (रु0):-** Nil, **कार्य पुर्ण करने की तिथि:-** 24 (चौबीस माह), • बिडिगं प्रारम्भ करने की तिथि - 27.05.2024, • उपरोक्त ई-निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि- दिनांक 10.06.2024 15.00 बजे तक, • उपरोक्त ई-निविदा खुलने की तिथि दिनांक 10.06.2024 15.00 बजे, • निविदा सूचना, योग्यता मापदण्ड, नियम एवं शर्ते वेबसाइट https://ireps.gov.in पर देखा जा सकता है। • निविदा सूचना में यदि हिन्दी या अंग्रेजी के आलेखों में कोई भिन्नता होती है। तो अंग्रेजी के ही आलेख मान्य होगें।

**उप मुख्य इंजीनियर/नि०/मुख्या०**
मुजाधि/डब्लू-43 गोरखपुर

**ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें**

# माइक्रो ऑबजर्वरों का प्रशिक्षण कलेक्ट्रेट सभागार में हुआ सम्पन्न

## मतदान प्रक्रिया में माइक्रो ऑबजर्वर की भूमिका है महत्वपूर्णः सीडीओ

जन एक्सप्रेस । कुशीनगर



कलेक्ट्रेट सभागार में गुरुवार को लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत मुख्य विकास अधिकारी गुंजन द्विवेदी की उपस्थिति में माईको ऑबजर्वरो का प्रशिक्षण कराया गया। प्रशिक्षण के अन्तर्गत सभी माईक्रो ऑबजर्वर को उनके दायित्व एवं जिम्मेदारियो से अवगत कराया गया। प्रशिक्षण के दौरान उन्हे मॉकपोल के समय उपस्थित रहने तथा सामान्य प्रेक्षकों द्वारा दिये गये अनुदेशो को समझने व मतदान केन्द्र पर मतदान आरम्भ होने से पूर्व पहुंचने तथा मॉक पोल के समय नोट करने से सम्बन्धित प्रशिक्षण प्रदान किया गया। चुनाव के दौरान मतदान के दिन उनके द्वारा किये जाने वाले कार्यकलापो से भी अवगत कराया गया तथा मतदान केन्द्र पर मतदान के प्रारम्भ होने के साथ-साथ मतदान के समाप्ति के समय नजर बनाये रखने तथा निर्वाचन के दौरान पैनी दृष्टि बनाये रखने सम्बन्धित आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान किये गये। प्रशिक्षण के दौरान लोकसभा सामान्य निर्वाचन को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं स्वतंत्र रूप से सम्पन्न कराने के दृष्टिगत समस्त माइक्रो ऑबजर्वर को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिये गये।

प्रशिक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी गुंजन द्विवेदी ने कहा कि मतदान प्रक्रिया में माइक्रो ऑबजर्वर की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। वे मतदान से जूड़ी प्रत्येक गतिविधि पर सुक्ष्म निगाह रखकर अवगत कराते है। प्रशिक्षण के दौरान परियोजना निदेशक जगदीश त्रिपाठी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रामजियावन मौर्य, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी मनीष कुमार गुप्ता, जिला विद्यालय निरीक्षक रविन्द्र कुमार आदि जनपद स्तरीय अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहें।

# संतोष तिवारी बने सपा विधानसभा उपाध्यक्ष

जन एक्सप्रेस । गोला गोरखपुर



समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल के निर्देश पर सपा जिलाध्यक्ष ब्रजेश कुमार गौतम ने समाजवादी पार्टी की 328 चिल्लूपार विधानसभा के गोला तहसील क्षेत्र के सेमरी गाँव निवासी संतोष तिवारी को पार्टी का विधानसभा उपाध्यक्ष मनोनीत किया है। श्री तिवारी के मनोनयन पर सपा पदाधिकारीयों एवं कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं दी। क्षेत्र स्थित सपा कैम्प कार्यालय पर विधानसभा अध्यक्ष अमरजीत यादव ने नियुक्ति पत्र देकर सम्मानित किया और कहा कि इनके मनोनयन से पार्टी को मजबूती मिलेगी। श्री तिवारी ने अपने मनोनयन पर पार्टी के शीर्ष नेतृत्व सहित सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं को धन्यवाद दिया और कहा कि पार्टी के सभी कार्यकर्ता एक साथ मिलकर पार्टी को लोकसभा चुनाव में बेहतर जीत दिलाएंगे।श्री तिवारी के मनोनयन पर सपा जिला उपाध्यक्ष मिर्जा कादीर बेग, विधान सभा महासचिव सलीम शेख, राम प्रसाद शर्मा, भीम यादव, श्रीकांत यादव, विनय मिश्रा, मनोज चंद, अखिलेश यादव, विंध्याचल यादव, अमरजीत राज, दुर्गेश, अजमल शेख, मुख्तार शेख, ओमकार यादव सहित पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने बधाई दी।

## चुनाव प्रबंधन कोर टीम की बैठक सम्पन्न

जन एक्सप्रेस । देवरिया

भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह के नेतृत्व में शहर के एक होटल में चुनाव प्रबंधन के कोर टीम की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में लोकसभा चुनाव में बेहतर प्रदर्शन के लिए रणनीति बनी।जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि बूथ से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक के पदाधिकारी अपने अपने बूथों पर अधिक से अधिक मतदान होना सुनिश्चित करें बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष गिरिश चंद तिवारी, नपा अध्यक्ष अलका सिंह, लोकसभा प्रभारी जयप्रकाश शाही, पूर्व जिलाध्यक्ष अंतर्यामी सिंह, लोकसभा संयोजक सी पी सिंह, जिला महामंत्री श्रीनिवास मणि, रविंद्र कौशल, प्रमोद शाही, आदि उपस्थित रहे।

## पीठासीन अधिकारियों को प्रपत्र या लिफाफे ढूंढने में नहीं करनी पड़ेगी मशक्कत

जन एक्सप्रेस । देवरिया

लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत चल रहे प्रथम सत्र के प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान मुख्य विकास अधिकारी प्रत्यूष पांडेय ने बताया है कि इस बार पीठासीन अधिकारियों की सुविधा के लिए सभी प्रपत्रों/ लिफाफों इत्यादि को क्रमबद्ध रूप से व्यवस्थित करके एक बुकलेट के रूप में देने का प्रयास/पहल किया जा रहा है, जिससे पीठासीन अधिकारियों को अपने निर्वाचन संबंधित दायित्वों के निर्वहन में आसानी होगी 7 सीडीओ ने बताया कि सभी प्रकार के अनुलग्नक (1 से 23 तक), प्रारूप, रिपोर्ट और घोषणाएं, थाना प्रभारी को शिकायती प्रपत्र, विजिटर सीट, क्र05 इत्यादि क्रमबद्ध रूप से एक बुकलेट के रूप में दी जाएगी, जिससे कि पीठासीन अधिकारी को उन्हें ढूंढने तथा तैयार करने में परेशान नहीं होना पड़ेगा। उक्त सभी फॉर्मेट कई प्रतियों में होंगे, जिससे उन्हें गलत होने पर फोटोकॉपी इत्यादि की जरूरत भी नहीं पड़ेगी। टाउन हॉल परिसर, देवरिया के प्रथम प्रशिक्षण सत्र के दौरान सभी पीठासीन अधिकारियों को इसके संदर्भ में अवगत भी कराया जा रहा है। उन्होंने बताया है कि निर्वाचन की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए सभी मतदान कार्मिकों को व्हाट्सएप ग्रुप से भी जोड़ा गया है। व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से भी वे अपने सभी प्रश्नों का मास्टर ट्रेनर्स से त्वरित समाधान प्राप्त कर सकते हैं। व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से भी वे अपने सभी प्रश्नों का मास्टर ट्रेनर्स से त्वरित समाधान प्राप्त कर सकते हैं।

# एमडी ने लापरवाही में ग्म्छ व श्रम् पर की ये कार्रवाई, दिए निर्देश-बिजली आपूर्ति न बिगड़े

जन एक्सप्रेस । गोरखपुर

पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के एमडी शंभू कुमार ने राजस्व में लापरवाही देखते हुए एक्सईएन( ग्रामीण खंड द्वितीय) कायम सिंह को चार्जशीट जारी किया है। जबकि, गर्मी के समय में उपभोक्ताओं को बिजली आपूर्ति पहुंचाने में लापरवाही करने पर धुरियापार के जेई कैलाश राम को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के एमडी शंभू कुमार ने राजस्व में लापरवाही देखते हुए एक्सईएन( ग्रामीण खंड द्वितीय) कायम सिंह को चार्जशीट जारी किया है। जबकि, गर्मी के समय में उपभोक्ताओं को बिजली आपूर्ति पहुंचाने में लापरवाही करने पर धुरियापार के जेई कैलाश राम को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। सूचना थी कि एक और जेई की लापरवाही सामने आई है। लेकिन, एमडी के जाने के बाद देर रात 10 बजे कैलाश राम जेई की लापरवाही सामने आई। एमडी ने समीक्षा बैठक में गोरखपुर जोन में बिजली व्यवस्था को प्रभावी बनाए रखने और गर्मी मे भी राजस्व और आपूर्ति में कमी न आए, इसके लिए जोर दिया।

कहा, बिजली कटौती नहीं होनी चाहिए। सूचना मिलती है कि 10, 15 या आधे घंटे पर बिजली फाल्ट होते रहता है। अगर ऐसा तो अब बिजली घर से फीडर में अलग-अलग कारणों से थोड़ी-थोड़ी देर बिजली आपूर्ति जाने की पूरी सूची तैयार होगी। इनके कारणों को दूर करने का जिम्मा अभियंताओं का होगा।

इसी आधार पर अतिभारित या अन्य खामियों से आने वाले फाल्ट कर गर्मी में बेहतर बिजली आपूर्ति देना बिजली निगम का लक्ष्य है। ये बातें पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम के प्रबंध निदेशक शंभु कुमार ने कहीं। उन्होंने कहा कि भारी-भरकम धनराशि खर्च करके लाइन अनुरक्षण माह (बीते अक्टूबर से फरवरी-24) तक चलाया गया है। इस दौरान बड़े पैमाने पर नई लाइनों के निर्माण, ओवरलोड पावर एवं डिस्ट्रीब्यूशन ट्रांसफार्मर एवं विद्युत उपकेंद्र की क्षमतावृद्धि का काम किया गया। जिम्मेदार अधिकारियों को निर्देश दिए गए है कि हर हाल में उपभोक्ताओं को बेहतर आपूर्ति मिलनी चाहिए।

# मतदाताओं से किया गया डोर टू डोर जनसंपर्क

जन एक्सप्रेस । देवरिया



जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह एवं मुख्य विकास अधिकारी/स्वीप नोडल प्रत्यूष पांडेय के नेतृत्व में चलाए जा रहे मतदाता जागरूकता कार्यक्रम स्वीप के अंतर्गत आज बैतालपुर विकास क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय गढ़पुरवा एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय पुरवा मेहड़ा में छात्रों ने मतदान संबंधित पेंटिंग एवं स्लोगन बनाकर ग्राम वासियों को मतदान हेतु जागरूक किया। बैतालपुर ब्लाक के स्वीप नोडल उत्तम कुमार सिंह के नेतृत्व में अध्यापक छात्रों एवं अन्य स्टाफ ने ग्राम सभा में डोर टू डोर जनसंपर्क कर मतदाताओं को एक जून को ज्यादा से ज्यादा संख्या में मतदान करने हेतु प्रेरित किया।गढ़पुरवा में प्रधानाध्यापिका जयंदा मिश्रा एवं पुरवा मेहड़ा में प्रधानाध्यापिका इंदिरा ने ग्राम वासियों एवं उपस्थित जनसमुदाय को मतदान की शपथ दिलाई। छात्र/ छात्राओं ने इन पेंटिंग एवं स्लोगन को अपने दरवाजे पर लगाने का प्रण लिया जिससे कि ग्रामवासी मतदान हेतु जागरूक हो सके। इस अवसर पर शिक्षिका प्रतिमा यादव, सुमन दुबे, सबा नवाज, सुमन जायसवाल तथा ग्रामवासी नीरज यादव, आकाश प्रजापति,दीनदयाल गोंड, सुदामी देवी, निकिता सिंह, चंद्रप्रभा यादव समेत अभिभावक एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## सांसद रवि किशन 10 मई को करेंगे नामांकन अन्य प्रत्याशियों की तारीखें भी घोषित



जन एक्सप्रेस । गोरखपुर

भाजपा प्रत्याशियों के नामांकन की तिथि तय कर दी गई है गोरखपुर, बांसगांव, महराजगंज लोकसभा क्षेत्र में 10 मई को नामांकन होगा। इस दौरान भोजपुरी सुपरस्टार और भाजपा के सांसद रवि किशन, कमलेश पासवाल और केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी अपना नामांकन करेंगे। वहीं, कुशीनगर सांसद पद प्रत्याशी विजय दूबे और सलेमपुर से प्रत्याशी रविंद्र कुशवाहा 7 मई को नामांकन करेंगे। जबकि, देवरिया की सीट पर भाजपा प्रत्याशी शशांक मणि त्रिपाठी अपना नामांकन 9 मई को करेंगे।

## अनुपस्थित कार्मिकों का प्रशिक्षण 04 मई को

जन एक्सप्रेस । देवरिया

मुख्य विकास अधिकारी प्रत्यूष पाण्डेय ने बताया है कि लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 के सफल सम्पादन हेतु 29 अप्रैल से 04 मई तक पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारी प्रथम का प्रशिक्षण प्रथम पाली (प्रात 10:00 बजे से अपराह्न 01:00 बजे तक) एवं द्वितीय पाली (अपराह्न 02:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक) इंदिरा गांधी बालिका विद्यालय टाउन हाल देवरिया एवं शिशु मान्टेसरी स्कूल टाउन हाल देवरिया में कराया जा रहा है। 29 अप्रैल से 01 मई तक हुए प्रशिक्षण में 124 कर्मचारी अनुपस्थित रहे हैं। सीडीओ ने सम्बन्धित विभागाध्यक्ष को निर्देश दिया है कि वे अनुपस्थित पीठासीन अधिकारी /मतदान अधिकारी प्रथम को 04 मई को द्वितीय पाली अपराह्न 02 बजे से 05 तक के प्रशिक्षण में उपस्थित कराना सुनिश्चित करें।

# नौकरी का अहम हिस्सा है सेवानिवृत्तिः सुधीर राव

जन एक्सप्रेस । कुशीनगर



जिले के हाटा विकास में तैनात खण्ड विकास अधिकारी सुधा पान्डेय के सेवानिवृत्त होने पर गुरुवार को ब्लाक सभागार में विभागीय अधिकारी व कर्मचारियों ने एक समारोह आयोजित कर उनकी विदाई किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि हाटा सुधीर राव ने अपने उद्बोधन में कहां कि सरकारी या गैर सरकारी विभागों में कार्यरत हर कर्मचारी अधिकार की सेवानिवृत्ति का समय उसी दिन निर्धारित हो जाता है जिस दिन वह अपनी सेवा के कार्यकाल को ग्रहण करता है। सेवानिवृत्त होना नौकरी का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। एक न एक दिन सभी को इस प्रक्रिया से गुजरना पड़ता है। प्रमुख प्रतिनिधि राव ने सेवानिवृत्त हो रही खंड विकास अधिकारी सुधा पान्डेय को सम्मानित कर उनके कार्यकाल की प्रशंसा किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना किया।इस अवसर पर ब्लाक के अधिकारी व कर्मचारियों ने अपने सेवानिवृत्त हो रही बीडीओ को अनेकों उपहार देकर सम्मानित किया। अपने विदाई से अभिभूत सुधा पान्डेय ने कहा की ब्लाक के सभी अधिकारी व कर्मचारियों का ब्लाक के विकास कार्यों में बहुत ही संतोषजनक सहयोग मुझे मिलता रहा।मैं सभी के प्रति इस सहयोग के लिए कृतज्ञता ज्ञापित करती हूं।

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधान संघ अध्यक्ष तहसीलदार राव व संचालन पंचायत सचिव किशन राय ने किया। इस अवसर पर प्रमुख प्रतिनिधि मोतीचक संदीप सिंह, ज्वाइंट बीडीओ कमलेश सिंह, एडीओ पंचायत रामअशीष गौतम, प्रधान विजय राय, सुभाष सिंह, रविंद्र यादव, देवेंद्र सिंह, इस्तायक अहमद, फागू निषाद, रियाजजुद्दीन, सतेंद्र पटेल, मनोज शुक्ल, अखिलेश सोनकर, अजय प्रताप यादव, मृत्युंजय मिश्र, ब्लाक अध्यक्ष तकनीकी सहायक, पंकज सिंह, रितेश सिंह, शशिप्रभा सिंह, जनार्दन राय, प्रभुनाथ गोड, इंसाद अली, नूर अहमद, ब्रजेश राव, विजय कुमार, विनय राय, राजेश मिश्र, प्रहलाद प्रसाद, विनोद कुमार, पवन तिवारी सहित सभी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## डीसीएम की चपेट में आने से एक युवक की मौत, दूसरा घायल

**जन एक्सप्रेस/महराजगंज।** पनियरा थाना क्षेत्र के पनियरा-कैंपियरगंज मार्ग पर मुजुरी कस्बे में मंगलवार देर रात डीसीएम की चपेट में आने से बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरा घायल हो गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया। पिता उमेश पासवान के मुताबिक पुरंदरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत हरैया के टोला बरगदवा निवासी अजय पासवान (18) व ग्राम पंचायत जलालगढ़ निवासी कन्हई (25) एक ही बाइक से पनियरा थाना क्षेत्र के गांगी बाजार रिश्तेदारी में जा रहे थे। देर रात पनियरा-कैम्पियरगंज मार्ग पर मुजुरी नहर के पास डीसीएम की चपेट में आ गए। पुलिस ने दोनों घायलों को 108 नंबर एंबुलेंस से पीएचसी पनियरा पहुंचाया। डॉक्टरों ने अजय पासवान को मृत घोषित कर दिया। कन्हई को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। प्रभारी निरीक्षक निर्भय कुमार सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## ट्रेन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत

**जन एक्सप्रेस/महाराजगंज।** तिवारी चौक पास रेलवे ढाले पर 35 वर्षीय व्यक्ति की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। लोगों ने बताया कि शव के बगल में एक साइकिल भी खड़ी थी। शव की पहचान रामपुर बल्डीहा निवासी कामेश्वर (तेजू) के रूप में हुई। वह घर से घुघली कस्बे में जाने के लिए निकले थे। परिवार में कोई अनबन भी नहीं होने की बात कही गई। कारणों के बारे में पुलिस पूछताछ कर रही है। चौकी प्रभारी रमेश वरुण के अनुसार तहरीर नहीं मिली है। संवाद

## युवक के साथ फरार छात्रा मिली, आरोपी को जेल

**जन एक्सप्रेस/महाराजगंज।** कस्बे से एक युवक के साथ फरार छात्रा को नौतनवा पुलिस ने बुधवार को मुखबिर की सूचना पर बनैलिया मंदिर से ढूंढ़ लिया। बाद में आरोपी युवक को न्यायालय चालान कर जेल भेज दिया। नौतनवा थाना क्षेत्र के एक कस्बे की किशोरी बृहस्पतिवार को प्रेमी युवक के साथ फरार हो गई थी। किशोरी के पिता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनकी 14 वर्षीया बेटी एक इंटर कॉलेज में 10वीं की छात्रा है। बृहस्पतिवार को वह रिश्तेदारी में गए थे। उनकी पत्नी किसी कार्य से कस्बे में गई थी। घर पर किशोरी अकेली थी। बगैर बताए कहीं चली गई। खोजबीन के बाद पता चला कि किशोरी को गोरखपुर जनपद के कैंपियरगंज थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक बहला फुसलाकर भगा ले गया है।

## कोड का उपयोग कर गर्भवती महिलाएं करा सकती हैं अल्ट्रासाउंड

**जन एक्सप्रेस/देवरिया।** जिले में सरकारी अस्पताल में इलाज कराने वाली गर्भवती महिलाओं को निजी सेंटरों पर निःशुल्क अल्ट्रासाउंड की सुविधा दी जाती है। इसके लिए एक क्यूआर कोड जेनरेट कर गर्भवती के फोन पर भेज दिया जाता है। इसके बाद एक महीने के अंदर गर्भवती सूचीबद्ध अल्ट्रासाउंड सेंटर में से किसी भी केंद्र पर जाकर अपना अल्ट्रासाउंड बिना एक रुपया दिए करा सकती है। यह सुविधा हर महीने की एक, नौ, 16 और 24 तारीख को दी जाती है। इस कोड का उपयोग कर महिलाएं एक महीने के अंदर कभी अल्ट्रासाउंड करा सकती हैं।

## अनुपस्थित कर्मियों पर दर्ज कराई जाएगी प्राथमिकी

**जन एक्सप्रेस/देवरिया।** लोकसभा चुनाव को देखते हुए टाउन हाल स्थित इंदिरा गांधी बालिका विद्यालय एवं शिशु मान्टेसरी स्कूल टाउन हाल में मत पीठासीन अधिकारियों व प्रथम मतदान अधिकारियों को मास्टर ट्रेनरों द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में कुल 36 मतदान कार्मिक अनुपस्थित रहे।उधर मुख्य विकास अधिकारी ने प्रशिक्षण में अनुपस्थित कर्मचारियों को उनके विभागाध्यक्षों से प्रशिक्षण में शत प्रतिशत उपस्थित होने का निर्देश दिया है। उपस्थित नहीं होने पर संबंधित के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराया जाएगा।

# ईंट भट्ठे की दीवार ढहने से तीन मजदूरों की दबकर मौत, दो घायल

जन एक्सप्रेस । महराजगंज

बृजमनगंज थाना क्षेत्र के नौसगर में संचालित ईंट भट्ठे पर झारखंड के मजदूर काम कर रहे थे। ईंट निकलते समय दीवार गिर गई जिससे तीन मजदूर की मौत हो गई। वहीं दो मजदूर घायल हैं, जिनको इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

यूपी के महराजगंज स्थित बृजमनगंज क्षेत्र के नौसागर गांव के करमहां टोले के समीप ईंट भट्ठे की दीवार अचानक भरभराकर गिर गई। जिससे उसके नीचे दब कर तीन मजदूरों की मौत हो गई और दो मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों का इलाज सिद्धार्थनगर अस्पताल पर चल रहा है। घटना की सूचना मिलते ही अधिकारी मौके पर पहुंच गए।

जानकारी के अनुसार, झारखंड के निवासी संतोष (30), पार्वती (36), सुशीला (31), रमेश (30) व शांति (35) के साथ तमाम मजदूर करमहां स्थित भटठे पर परिवार के साथ मजदूरी करते थे। बुधवार की शाम करीब पांच बजें भठ्ठे के अंदर जाकर ईंट निकालने का काम कर रहे थे। उसी दौरान ईंट से गई दीवार अचानक भरभराकर गिर गई। जिसके नीचे तमाम मजदूर दब गए। जिसमें कई लोगों को बाहर निकाला गया। जिसमें संतोष व पार्वती व सुशीला की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं रमेश व शांति गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को अस्पताल भेज दिया गया। क्षेत्राधिकारी अनिरूद्ध कुमार ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

बृजमनगंज थाना क्षेत्र के नौसगर में संचालित ईट भठ्ठे पर झारखंड के मजदूर काम कर रहे थे। ईट निकलते समय दीवार गिर गई जिससे तीन मजदूर की मौत हो गई। वहीं दो मजदूर घायल हैं, जिनको इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृत्यु का मुख्य कारण पता लगाने की कोशिश की जा रही है। नियमानुसार मृतक परिजनों को आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी।

## परिषदीय विद्यालय होगें हाईटेक, टेबलेट पर दर्ज होगी उपस्थिति

जन एक्सप्रेस । देवरिया



परिषदीय विद्यालयों का हाईटेक करने की तैयारी शुरू हो गयी है। अभी तक अध्यापक और छात्रों की हाजिरी रजिस्टर पर दर्ज होती थी और एमडीएम समेत अन्य ब्योरा भरने को अलग से रजिस्टर बनाया गया था, लेकिन अब इसके दिन लदने वाले हैं। अब प्राथमिक, उच्च प्राथमिक विद्यालयों में टेबलेट पर हेड मास्टर, अध्यापकों तथा छात्रों की उपस्थिति दर्ज की जायेगी। इस पर एमडीएम में कितने बच्चों को भोजन दिया गया इसकी भी जानकारी दी जायेगी। टेबलेट पर कुल् 21 विन्दुओं की सूचना भरी जायेगी। इसके लिए प्रत्येक प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक व सेकेंड अध्यापक को एक-एक टेबलेट दिया जायेगा। इसके लिए बेसिक शिक्षा विभाग ने तैयारी शुरू कर दी है। इसी सत्र से टेबलेट पर हाजिरी व सूचना दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी जायेगी। इसके लिए प्रत्येक टेबलेट में एक साल तक नेट भराने को महानिदेशक, स्कूली शिक्षा ने 2400-2400 रूपये का बजट जारी कर दिया है। एक विद्यालय में दो टेबलेट चलाने को कुल 4800 रूपये का बजट दिया जायेगा।

# भाजपा सरकार में देश के युवा बन रहें स्वावलंबीः मनोज शुक्ला

जन एक्सप्रेस । गोरखपुर



बांसगांव लोकसभा क्षेत्र चिल्लूपार विधानसभा क्षेत्र उपनगर गोला स्थित सुंदरम लांन में गुरुवार को भाजपा संगठन मंडल के भाजपा युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं की बैठक संपन्न हुई। बैठक के मुख्य वक्ता भाजपा जिला उपाध्यक्ष मनोज कुमार शुक्ल ने भाजयुमो कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि जिस ओर जवानी चलती है उस ओर जमाना चलता है, भारतीय जनता पार्टी की पीएम मोदी के नेतृत्व में केन्द्र व प्रदेश सरकारों ने युवाओं के हित अनेकानेक कल्याणकारी योजनाएं संचालित की है जिससे देश के युवा स्व-रोजगार कर स्वावलंबी बन रहें हैं। भाजपा नेता ने युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं को चुनावी जीत का गुरुमंत्र देते हुए कहा कि बूथ स्तर पर मोर्चा के सभी कार्यकर्ता अपनी सक्रियता बनाए रहेंगे तो हम भारी बहुमत से चुनाव जीतेंगे और फिर एक बार पार्टी का परचम लहराएगा। लोकसभा क्षेत्र बांसगांव के संयोजक नित्यानंद मिश्र, जिला कोषाध्यक्ष शत्रुघ्न कसौधन ने भी बैठक को संबोधित किया। बैठक की अध्यक्षता युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष जितेंद्र गुप्ता व संचालन जिला महामंत्री अमित पांडेय ने किया। बैठक में मुख्य रूप से राहुल मिश्रा ,अभिमन्यु सिंह, इमरान अंसारी, ऋषि साहनी ,अंगद निषाद ,शुभम तिवारी ,रानू सिंह ,अनिल ,दीपक सिंह ,कमल गुप्ता सहित पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्तागण मौजूद रहे।

# सफाई विभाग की 106 गाड़ियां जीपीएस से होगी लैस

**जन एक्सप्रेस । मऊ**

नगरपालिका में सफाई व्यवस्था चुस्त दुरुस्त करने के लिए नगरपालिका के सफाई विभाग की सभी गाड़ियों को जीपीएस सिस्टम से लैस किया जाएगा। साथ ही सफाई विभाग में मेलाथियान, चूना, ब्लीचिंग फॉगिंग ऑयल, एंटी लार्वा ऑयल आदि की खरीदारी जेम पोर्टल से होगी। नगरपालिका चेयरमैन अरशद जमाल ने सफाई विभाग के अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में सफाई व्यवस्था की समीक्षा की। साथ ही विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। नपा अध्यक्ष ने अपनी समीक्षा में पाया कि पालिका की कूड़ा निस्तारण करने वाली गाड़ियों की लॉग बुक पूरी तरह तैयार नहीं हो पाई है। सभी गाड़ियों की लॉग बुक सही कर पेश करने को कहा। अधिकारियों से लॉगबुक को रोजाना पूरा करने का निर्देश दिया। नगरपालिका के पास कूड़ा निस्तारण के लिए 107 गाड़ियां हैं जो लगातार कूड़े को निस्तारित करने में लगी हुई हैं। पालिकाध्यक्ष ने बताया कि गाड़ियों की ओर से प्रतिदिन लगभग 65 एमटी कूड़ा निस्तारित



किया जाता है। उन्होंने स्टेशनरी की कमी को दूर करने के लिए पर्याप्त मात्रा में स्टेशनरी का सामान जेम पोर्टल से खरीदने का निर्देश दिया। बताया कि सफाई व्यवस्था को और बेहतर और सुदृढ़ बनाने के लिए सफाई विभाग की सभी गाड़ियों पर आधुनिक जीपीएस सिस्टम भी लगाया जाएगा। इसके लिए भी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया जा चुका है। ताकि गाड़ियों के लोकेशन का पता चलता रहे। नपा चेयरमैन अरशद जमाल ने कहा कि 55 सफाईकर्मियों को निर्देश दिया कि बरसात के पूर्व सभी क्षेत्र में सफाई की बेहतर व्यवस्था करें। अधिशासी अधिकारी दिनेश कुमार के सुझाव पर सफाई नायकों द्वारा सफाई कर्मियों की अनुपस्थिति और गैर हाजिरी चेक पर भी विस्तार से चर्चा हुई। दोनों सफाई इंस्पेक्टरों को सफाई नायकों का एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाने का निर्देश दिया गया। उनसे यह भी कहा गया है कि वे सफाई कर्मियों के हाजिरी रजिस्टर को समस्त सफाई नायकों द्वारा प्रतिदिन प्रातः 7 बजे तक अपने पास मंगवा लें ताकि कर्मचारियों की उपस्थित को क्रास चेक करने में सहूलत हो।

**सफाई होने वाले बड़े नालों को भी किया चिह्नित**

पालिकाध्यक्ष ने बताया कि बरसात में बड़े नालों की निर्माण विभाग की ओर से ठेके पर सफाई कराई जानी है। उन्हें भी चिह्नित कर लिया गया है। इस संबंध में जिला निर्वाचन अधिकारी की अनुमति मिलने के उपरांत आचार संहिता के दौरान ही टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। कहा कि सामान की अनुपलब्धता या कर्मचारियों के झूठ पर आधारित बहानों पर अब विधिवत रूप से जांच होगी। दोषी पाए जाने पर विभागीय कार्यवाही में कोई रियायत नहीं बरती जाएगी। बैठक में पालिका के टैक्स अधीक्षक संतोष कुमार सहित अन्य सभी विभागों के विभागाध्यक्ष, संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# सड़कों पर मांगती थी भीख, दर्दनाक अतीत को भूलकर हथिनी कल्पना ने पूरे किए आजादी के पांच साल



**जन एक्सप्रेस । आगरा**

हथिनी कल्पना कभी सड़कों पर भीख मांगती थी। अब उसने अपनी आजादी के पांच साल पूरे किए हैं। वो उपचार के बाद अब हौली के साथ घुलमिल कर मस्ती करती है। पेट में कीड़े, संक्रमित आंत, 400 किलो वजनी लोहे का सामान पीठ पर लेकर सड़कों पर भीख मांगती हथिनी कल्पना को जब चुरमुरा के हाथी अस्पताल लाया गया तो हालत बेहद गंभीर थी। ऐसे दर्दनाक अतीत को भूलकर अब कल्पना ने आजादी के पांच साल पूरे कर लिए हैं। कल्पना उपचार के बाद अब हौली के साथ घुलमिल कर मस्ती करती है।

वाइल्ड लाइफ एसओएस ने पांच साल पहले हथिनी कल्पना को रेस्क्यू कर चुरमुरा में उपचार शुरू किया था। वह भीख मांगने वाली हथिनी के रूप में शोषण और दुर्व्यवहार का शिकार रही। उस पर शारीरिक और भावनात्मक घाव थे। पशु चिकित्सकों ने लेजर थेरेपी और फुटबाथ की मदद से उपचार किया। एसओएस के सीईओ कार्तिक सत्यनारायण ने बताया कि कल्पना अब अपना दिन अपने पसंदीदा शकरकंद और तरबूज खाकर बिताती है। उसे अस्पताल परिसर में एक नेत्रहीन हथिनी हौली के रूप में मिली है। दोनों अपनी दैनिक सैर के दौरान और पूल में अपने हाइड्रोथेरेपी सत्र के दौरान भी साथ ही रहती हैं।

# सेक्सटॉर्शन में मेवाती साइबर गैंग आगे पुलिस बना रही जालसाजों का डाटा

**जन एक्सप्रेस । नोएडा**

यूपी, हरियाणा व राजस्थान के सीमावर्ती क्षेत्र मेवात के साइबर जालसाज सेक्सटॉर्शन की घटनाओं में सबसे आगे हैं। इस तरह की जालसाजी में शामिल ठगों का डाटा तैयार हो रहा है। वहीं, इसमें शामिल गैंगों की भी पहचान की जा रही है। वहीं, लोन एप को लेकर भी साइबर क्राइम पुलिस अलग-अलग एजेंसियों से संपर्क में है और इसमें स्थानीय स्तर पर शामिल जालसाजों के लिए एक्शन प्लान तैयार कर रही है।

मेवात के साइबर क्रिमिनल जामताड़ा को भी पीछे छोड़ रहे हैं। इन मेवाती साइबर जालसाजों को ओएलक्स फ्रॉड से लेकर सेक्सटॉर्शन महारथ हासिल है। नोएडा में साइबर क्राइम थाने में जितने भी मामले सामने आ रहे हैं, उनमें एक चौथाई मेवात से जुड़ी है। यूपी साइबर क्राइम पुलिस के रडार पर मेवाती साइबर क्राइम गैंग है। नोएडा साइबर क्राइम के एसीपी विवेक रंजन राय का कहना है कि सेक्सटॉर्शन में शामिल जालसाज पहले व्हाट्सएप पर लगे डीपी व अन्य साइट की फोटो देखते हैं। इसके बाद अधेड़ व बुजुर्गों को निशाना बनाकर उनके पास वीडियो कॉल करते हैं। इस दौरान चंद सेकेंड में ही सामने वाले की अश्लील वीडियो बना लेते हैं। इसके बाद ब्लैकमेल करते हैं।

एसीपी ने बताया कि हमलोगों ने इस तरह की घटनाओं में शामिल कई जालसाजों को गिरफ्तार किया है और कई गैंग व जालसाजों का डाटा तैयार किया जा रहा है। इसके बाद इन्हें चिह्नित कर अन्य राज्यों की पुलिस के साथ कार्रवाई की जाएगी। मेवाती गिरोह के साइबर क्राइम का दायरा भी काफी फैला हुआ है। चूंकि यह तीन राज्यों के अधिकार क्षेत्र में आता है। इस कारण इन पर नकेल कसने को लेकर पुलिस को अधिक माथापच्ची करनी पड़ती है। लोगों को लूटने के लिए सेक्सटॉर्शन अब उनका नया व कामयाब हथियार बन गया है।

मेवात के सक्रिय साइबर जालसाज सेक्सटॉर्शन करने के लिए ऑनलाइन कोर्स कर रहे हैं और दूसरे को भी ट्रेनिंग दे रहे हैं। साइबर क्राइम के लिए मेवात के कई गांव में क्रैश कोर्स कराया जा रहा है। यहां बाकायदा क्रैश कोर्स के जरिए साइबर ठग बनाने की ट्रेनिंग दी जाती है। मेवात के कई गांवों में इसका सेंटर है और उसके कई कोडवर्ड व नियम हैं। इसके लिए बकायदा फीस भी ली जाती है। ठगी के सेंटर में कुछ गेस्ट टीचर भी रहते हैं जो ऑनलाइन क्लास लेते हैं। मेवात इलाके में ठगी की ट्रेनिंग के लिए साइबर जालसाजों ने बकायदा एक सिलेबस भी बना रखा है। इस सिलेबस के मुताबिक उन्हें ठगी करने के तौर तरीके सिखाए जाते हैं। मेवात इलाके में ठगी की ट्रेनिंग के लिए साइबर जालसाजों ने बकायदा एक सिलेबस भी बना रखा है। इस सिलेबस के मुताबिक उन्हें ठगी करने के तौर तरीके सिखाए जाते हैं।

# एमबीए पास पत्नी की पासपोर्ट बनवाने के दौरान खुली ऐसी पोल

**जन एक्सप्रेस । आगरा**

पासपोर्ट बनवाने के दौरान जब शैक्षिक प्रमाण पत्र जांचे गए तो पत्नी की सच्चाई का पता चल सका। उसने जिसे एमबीए समझकर सात फेरे लिए थे, वो 10वीं पास भी नहीं थी। इसके बाद होटल संचालक ने पत्नी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

आगरा में एक होटल संचालक ने पत्नी पर धोखाधड़ी के आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि रिश्ता तय करने के लिए पत्नी के घरवालों ने जो दस्तावेज दिखाए थे, वो शादी के बाद फर्जी निकले। बताया गया था कि लड़की एमबीए पास है, लेकिन पासपोर्ट बनवाने के दौरान जब शैक्षिक प्रमाण पत्रों की जांच हुई तो सच्चाई सामने आ गई। हाईस्कूल की अंकतालिका में ही गड़बड़ी मिली। जब हाईस्कूल की अंकतालिका का विद्यालय में रिकॉर्ड तलाशा किया गया तो वो भी नहीं मिला। मामले में पुलिस जांच कर रही है। साक्ष्य संकलन कर कार्रवाई होगी।

फतेहाबाद रोड निवासी अभिनव उपाध्याय का फतेहाबाद रोड पर लवकुश होटल है। उन्होंने बताया कि उनकी शादी दिसंबर 2020 में दिव्यांशी तिवारी से हुई थी। शादी के लिए दिव्यांशी के पिता रविश चंद्र तिवारी ने अभिनव के परिजन से संपर्क किया था। व्हाटस एप पर दिव्यांशी के शैक्षिक प्रमाण पत्र भेजे थे। इसमें हाईस्कूल, इंटरमीडिएट, बीबीए और एमबीए की अंकतालिका शामिल थीं। दिव्यांशी फरवरी 2022 में झगड़ा कर घर चली गई थी। बाद में परिवार के लोगों ने पंचायत की। इसमें समझौता हो गया। परिवार के लोगों ने दोनों को घूमने जाने के लिए कहा।

अभिनव का आरोप है कि उन्होंने पासपोर्ट बनवाने के लिए पत्नी से शैक्षिक प्रमाण पत्र मांगे। पत्नी की हाईस्कूल की अंकतालिका विभागीय वेबसाइट पर रिजवान अहमद के नाम से प्रदर्शित हुई। बाद में स्कूल से पता किया। मगर, अंकतालिका का रिकॉर्ड नहीं मिला। इस पर पत्नी से पूछा। मगर, वो धमकी देने लगी।

## छात्रा का राज्यपाल के नाम पत्र- 'हाथ जोड़-पैर पकड़कर विनती है, रिजल्ट घोषित करा दें'

**जन एक्सप्रेस । आगरा**

एमकॉम में प्रवेश नहीं ले पाने पर परेशान छात्रा ने राज्यपाल को मार्मिक पत्र लिखा है। उसने अपील की है कि किसी भी तरह परीक्षा परिणाम घोषित करा दिया जाए, जिससे आगे की पढ़ाई वो कर सके। परीक्षा परिणाम नहीं निकलने से छात्रा एमकॉम में प्रवेश नहीं ले पा रही है। विश्विद्यालय में सुनवाई नहीं होने पर उसने अंतिम उम्मीद के तौर पर राज्यपाल को मार्मिक पत्र लिखा है। छात्रा ने लिखा कि हाथ जोड़कर, पैर पकड़कर विनती है कि मेरा परीक्षा परिणाम घोषित करा दें, वरना भविष्य बर्बाद हो जाएगा।

नॉर्थ विजय नगर कॉलोनी निवासी अनुराधा सिंह का कहना है कि विश्वविद्यालय के दाऊदयाल वोकेशनल संस्थान से बीकॉम वोकेशनल सेमेस्टर-6 की परीक्षा मई 2023 में दी थी। इसका परिणाम दिसंबर 2023 में जारी हुआ। मेरा परिणाम जारी नहीं हुआ, विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर प्लीज इंटर करेक्ट इनफार्मेशन और रिकॉर्ड नॉट फाउंड लिखा आ रहा है। ऐसा कई छात्रों के साथ है। इससे बीते सत्र एमकॉम में प्रवेश नहीं ले पाई हूं। घर की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने से प्राइवेट नौकरी करनी पड़ रही है। छुट्टी लेकर कई बार विश्वविद्यालय के चक्कर काट चुकी हूं, अधिकारियों से भी मिली, लेकिन परीक्षा परिणाम नहीं घोषित हुआ। एमकॉम में प्रवेश के फॉर्म निकले हैं, ऐसे में परिणाम नहीं निकला तो ये साल भी खराब हो जाएगा।

## शालीमार सिटी सोसायटी में स्ट्रक्चरल ऑडिट की मांग उठी

**जन एक्सप्रेस/ साहिबाबाद।** लोनी-भोपूरा रोड स्थित शालीमार सिटी सोसायटी के निवासियों ने स्ट्रक्चरल ऑडिट की मांग की। इसकी शिकायत सोसायटी वासियों ने जिलाधिकारी और डिप्टी रजिस्ट्रार से की है। लोगों का आरोप है कि स्ट्रक्चरल ऑडिट एमआर प्रोविएव रियलटेक द्वारा नहीं कराया गया है। इस वजह से सोसायटी की बिल्डिंग की हालत जर्जर होती जा रही है। सोसायटीवासी राजेश झा ने बताया कि एओए ने नवंबर 2023 से रखरखाव की जिम्मेदारी ले ली है। बिल्डर द्वारा पूरी तरह से हस्तांतरण नहीं दिए जाने पर उच्च न्यायालय में रिट याचिका दायर की गई है। उन्होंने बताया कि पड़ोस की ऑक्सी होम सोसायटी में अतिरिक्त रखरखाव का शुल्क न बढ़े। इसे लेकर शालीमार सिटी सुधार समिति के अध्यक्ष संजय झा ने जिलाधिकारी से सोसायटी केस भी टॉवर को आईआईटी प्रशिक्षण संस्था द्वारा स्ट्रक्चरल ऑडिट कराकर मरम्मत कराने की मांग की है। डिप्टी रजिस्ट्रार ऋषभ अग्रवाल का कहना है कि निवासियों द्वारा शिकायत मिली है। निरीक्षण कराकर जांच कराई जाएगी।

## ग्रीन बेल्ट में अतिक्रमण पर जिलाधिकारी समेत तीन सदस्यीय कमेटी करेगी जांच

**जन एक्सप्रेस/गाजियाबाद।** सेक्टर-15 के ग्रीन बेल्ट में नगर निगम द्वारा लोहे के खोखे रखकर वेंडिंग जोन बनाने के मामले में एनजीटी कोर्ट ने जिलाधिकारी, नगरआयुक्त और आवास विकास के सुपरिटेंडेंट इंजीनियर की तीन सदस्यीय कमेटी जांच करेगी। जिसमें ग्रीन बेल्ट सहित अन्य पहलुओं की जांच कर एनजीटी को रिपोर्ट सौंपी जाएगी। एनजीटी की अगली तारीख 16 जलाई को है। शिकायतकर्ता अमित किशोर ने बताया कि वर्ष 2022 में वसुंधरा में कई स्थान पर नगर निगम द्वारा ग्रीन बेल्ट व फुटपाथ पर लोहे के खोखे रखकर अतिक्रमण किया गया। इसका तत्कालीन नगरआयुक्त और महापौर ने आवंटियों को चाभी सौंपा था।

# चित्रकार शिवाशीष ने कैनवास पर उकेरी रामलला की प्रतिकृति, ये है असली आभूषणों की ऑयल पेंटिंग

**जन एक्सप्रेस । अलीगढ़**

अलीगढ़ के शिवाशीष शर्मा ने इस बार अयोध्या में विराजमान रामलला की ऑयल पेंटिंग बनाकर देश में इतिहास रच दिया है। वह रामलला और उनके असली आभूषणों की ऑयल पेंटिंग बनाने वाले पहले युवा भी बन गए हैं। अपनी चित्रकारी के लिए मशहूर शिवाशीष शर्मा ने अपनी कूंची से रामलला की ऑयल पेंटिंग तैयार कर जिले का नाम एक बार फिर रोशन किया है। इस पेंटिंग को बनाने में उन्हें दो महीने का समय लगा है। पेंटिंग में असली आभूषणों की प्रतिकृति बनाई गई है। लखनऊ के प्रसिद्ध हरसहाय मल श्यामलाल (एचएस) ज्वेलर्स ने शिवाशीष को इसे बनाने के लिए प्रेरित किया था। ये वहीं एचएस ज्वेलर्स हैं, जिन्होंने रामलला के आभूषण तैयार किए हैं।

अलीगढ़ के शिवाशीष शर्मा ने इस बार अयोध्या में विराजमान रामलला की ऑयल पेंटिंग बनाकर देश में इतिहास रच दिया है। वह रामलला और उनके असली आभूषणों की ऑयल पेंटिंग बनाने वाले पहले युवा भी बन गए हैं। कर्नाटक के मैसूर के अरुण योगीराज ने रामलला की प्रतिमा तैयार की थी, जिसके बाद अब शिवाशीष ने उनकी प्रतिकृति को ऑयल पेंटिंग के जरिये कैनवास पर उकेरा है। शिवाशीष बताते हैं कि लखनऊ के प्रसिद्ध हरसहाय मल श्यामलाल ज्वेलर्स के मालिक अंकुर आनंद और उनकी पत्नी कनुप्रिया आनंद ने उन्हें पेंटिंग बनाने के लिए प्रेरित किया। अंकुर आनंद हिक्स थर्मामीटर के प्रबंध निदेशक हरि प्रकाश गुप्ता के दामाद भी हैं। अब ये पेंटिंग उनके शोरूम की शोभा बढ़ाएंगी। शिवाशीष बताते हैं कि वैसे तो ये पेंटिंग अनमोल है, लेकिन इसे बनाने में करीब 1.5 लाख का खर्च आया है। चित्रकार शिवाशीष ने बताया कि रामलला की पेंटिंग में सारे गहनों को बहुत बारीकी से बनाया गया है। लखनऊ के एच एस ज्वेलर्स ने शिवाशीष को रामलला के असली आभूषणों की फोटो उपलब्ध कराई। करीब दो माह तक बहुत बारीक कार्य करने के बाद यह पेंटिंग तैयार हुई है।शिवाशीष ने बताया कि वह पेंटिंग शुरू करने से पहले थोड़ा घबरा रहे थे, लेकिन उनके पिता वरिष्ठ कवि प्रेम किशोर पटाखा उनके लिए प्रेरणास्रोत बने।

# चुनावी ड्यूटी पर तैनात एसएसबी अफसर और कार्मिकों की आगरा पुलिस ने की मदद

**जन एक्सप्रेस । आगरा**

आगरा में ठहरने की उचित व्यवस्था न होने की एसएसबी की तदर्थ वाहिनी 722 के कमांड अधिकारी **उप कमांडेंट** द्वारा बल के आईजी महेश कुमार, सीमांत मुख्यालय लखनऊ को शिकायत भेजी गई थी। आगरा लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के मतदान के लिए आगरा आए सशस्त्र सीमा बल के कार्मिक और अफसर को ठहरने के लिए भटकना पड़ा। मामले में चुनाव आयोग और बल के आईजी सीमांत मुख्यालय, लखनऊ में शिकायत के बाद ठहरने के लिए पुलिस ने होटल में कमरा उपलब्ध कराया।

आगरा में तीसरे चरण का मतदान कराने के लिए 6 कंपनी सशस्त्र सीमा बल मथुरा के बाद 27 अप्रैल को आगरा पहुंचा था। बल के साथ ही एसएसबी के डिप्टी कमांडेंट और कार्मिकों को उचित जगह पर ठहराया जाना था।

शिकायत में कहा गया कि डिप्टी कमांडेंट और 8 कार्मिकों के लिए फतेहपुर सीकरी में जो कमरा किया गया, वह ठीक नहीं था। अपर पुलिस उपायुक्त अपराध से शिकायत पर उचित समाधान नहीं हुआ।

शिकायत की प्रति निर्वाचन आयोग नई दिल्ली, सीआरपीएफ मध्य सेक्टर लखनऊ के आईजी, पुलिस आयुक्त आगरा को भजी गई। इस पर जांच के आदेश हुए। डीसीपी सिटी सूरज राय ने बताया कि शिकायत गलत की गई है। डिप्टी कमांडेंट को उचित कमरा कराया था। वह कार्मिकों के लिए भी अलग से कमरे के लिए कह रहे थे, जो संभव नहीं हो सका। वह खुद फतेहपुर सीकरी गए थे। वर्तमान में एक होटल के दो कमरों में अफसर रुके हुए हैं। कार्मिकों के लिए तीन अलग कमरे कराए गए हैं।

चुनाव के मद्देनजर मध्य प्रदेश की सीमा कैंजराघाट पुल पर बासौनी पुलिस ने बुधवार को चेकिंग अभियान चलाया।

दो दिन पहले पुलिस आयुक्त जे रविन्दर गौड ने बासौनी पुलिस को हथियार और शराब की तस्करी रोकने के लिए बेहद सतर्क रहने के निर्देश दिए थे। थानाध्यक्ष बासौनी ने बताया कि बुधवार को दिनभर दोपहिया और चार पहिया वाहनों की चेकिंग की गई। बैग, थैले तक को खंगाला गया।

शांतिपूर्ण चुनाव के लिए पुलिस प्रशासन ने जिले और राज्य की सीमाओं पर चौकसी बढ़ा दी है।

# लोस चुनाव के बाद सपा समाप्तवादी पार्टी हो जाएगी: राघवेंद्र द्विवेदी

**जन एक्सप्रेस । मऊ**

2024 के लोकसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) में शामिल सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के प्रवक्ता राघवेंद्र द्विवेदी एनडीए के तहत घोसी-70 से लोकसभा प्रत्याशी डॉक्टर अरविंद राजभर के लिए लगातर जनसंपर्क कर रहें हैं।

उन्होंने एक चौपाल में कहा कि घोसी-70 से सुभासपा के डॉ अरविंद राजभर को प्रत्याशी बनाए जाने से जीत सुनीश्चित हो गई है। केन्द्र व राज्य सरकार ने किसी के साथ किसी प्रकार का कोई भेदभाव नहीं किया है। सभी को समान रूप से जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ देकर विकास की कड़ी से जोड़कर साबित कर दिया है कि यह योजना मोदी व योगी सरकार में ही संभव है।

पूर्व की सरकारें में इसमें भी भेदभाव किया करती थीं, इसी का देन है कि प्रचंड बहुमत के साथ केंद्र की सत्ता में एनडीए हैट्रिक लगाएगी। उन्होंने कहा कि 2024 का चुनाव देशवासियों के भविष्य का चुनाव है। एनडीए सदैव विकास की राजनीति करता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार में हमेशा गरीबों का ध्यान रखा जाता है।

मोदी व योगी की सरकार ने गरीबों को आवास दिये, इज्जत घर दिया, रसोई गैस दी। पहले भी सपा व कांग्रेस को सरकार में रहने का मौका मिला था लेकिन उसने गरीबों की भलाई व उत्थान के लिए यह कार्य क्यों नहीं किये? लगातर कई चुनाव हराकर जनता ने स्वयं ही



जवाब दे दी है।

आगे कहा कि देश में नरेंद्र मोदी व प्रदेश में योगी आदित्यनाथ की सरकार ने गरीबों का ध्यान दिया, उनके हितों की बात की। सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी हमेशा से गरीबों, पिछड़ों, शोषितों व वंचितों की लड़ाई लड़ने वाली पार्टी है। पहले की सरकारें क्या कर रही थीं सभी जानते हैं। सपा को गरीबों का श्राप लगा है और कांग्रेस का तो सफाया हो चुका है, इसी चुनाव के बाद सपा भी समाप्तवादी पार्टी हो जाएगी। आज प्रदेश में 22 से 24 घंटे बिजली मिल रही है, किसानों को सम्मान निधि दी जा रही है, प्रदेश दंगा मुक्त हो चुका है यह सब भाजपा सरकार में ही संभव है। भाजपा ने हमेशा जनता की सेवा की है और आम लोगों की सुधि ली है।

आगे उन्होंने कहा कि घोसी-70 लोकसभा सीट से एनडीए की प्रत्याशी के तौर पर डॉक्टर अरविंद राजभर सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के चुनाव चिन्ह छड़ी पर लड़ रहे हैं और घोसी में मुकाबला अंतिम चरण एक जून को होगा।

## आरबीएस कॉलेज स्टेशन के दोनों ओर की सुरंग तैयार, अब आगे की खुदाई हुई शुरू

**जन एक्सप्रेस/आगरा।** आगरा मेट्रो के लिए आरबीएस कॉलेज भूमिगत स्टेशन की दोनों ओर की पटरी के लिए सुरंग तैयार हो गई है। अब आगे की खुदाई के लिए तीन टीबीएम (टनल बोरिंग मशीन) लगाई गई हैं। आगरा में आरबीएस कॉलेज भूमिगत स्टेशन की दोनों ओर की पटरी के लिए सुरंग तैयार हो गई है। आगे के स्टेशनों की खुदाई के लिए तीन टीबीएम (टनल बोरिंग मशीन) लगाई गई हैं। इसमें से दो टीबीएम आरबीएस से आगरा कॉलेज स्टेशन और एक टीबीएम मनःकामेश्वर स्टेशन की ओर खुदाई के लिए लगी हैं। उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉरपोरेशन के प्रबंध निदेशक सुशील कुमार ने बताया कि पहले कॉरिडोर के दूसरे चरण में खंदारी के रैंप एरिया से आरबीएस कॉलेज स्टेशन तक दोनों ओर की सुरंग बन गई है। इसकी दूरी करीब एक किमी है। इसका सिविल कार्य भी लगभग पूरा हो गया है। जल्द पटरी बिछाने का कार्य किया जाएगा। अब तीन टीबीएम को आरबीएस से आगरा कॉलेज स्टेशन तक खुदाई में लगाया जाएगा।

# करती थी किसी से बात, टूट गया मोबाइल, पति से सही कराने की कर रही थी जिद, पत्नी ने उठाया गलत कदम

**जन एक्सप्रेस । अलीगढ़**

पत्नी मोबाइल पर किसी से बात करती थी। मोबाइल को लेकर दोनों के बीच झगड़ा हुआ और पांच दिन पहले मोबाइल तोड़ दिया। पत्नी मोबाइल ठीक कराने की जिद कर रही थी। ससुराल से सास व साला आए और दोनों के बीच समझौता करा गए। 2 मई की सुबह दस बजे के करीब पत्नी ने कमरे का दरवाजा अंदर से बंद कर खूंटी पर दुपट्टे का फंदा बनाया और उस पर लटक कर आत्महत्या कर ली।

पति से छिपकर पत्नी किसी से बात करती थी। पति-पत्नी के बीच झगड़े में मोबाइल टूट गया। पत्नी ने मोबाइल ठीक करानी की जिद की। मोबाइल से शुरू हुई बात इतनी बढ़ी कि पत्नी ने फंदे पर लटक कर जान दे दी। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

अलीगढ़ के कस्बा गंगीरी निवासी धर्मवीर सिंह ने बताया कि शादी को एक साल हुआ है। पत्नी मोबाइल पर किसी से बात करती थी। मोबाइल को लेकर दोनों के बीच झगड़ा हुआ और पांच दिन पहले मोबाइल तोड़ दिया। 20 वर्षीय सविता देवी मोबाइल ठीक कराने की जिद कर रही थी। इसी बात को लेकर दोनों के बीच झगड़ा चल रहा था।

# उटंगन नदी पर हो गया कब्जा, सोते रहे अफसर; तीन साल से बन रहा है रिसॉर्ट

**जन एक्सप्रेस । आगरा**

उटंगन नदी पर एक साल पहले पक्के पुल का निर्माण करा दिया गया। यहां तीन साल से रिसॉर्ट बन रहा है, लेकिन अधिकारी सो रहे हैं।

आगरा के फतेहाबाद से गुजर रही उटंगन नदी के पास तीन साल से रिसॉर्ट बनाने का काम चल रहा है। करीब एक साल पहले नदी पर अवैध रूप से पक्का पुल तक बना दिया गया। रास्ते पर अतिक्रमण कर उस पर गेट लगा दिया गया। आमजन को नदी की तरफ जाने से रोक दिया गया है। इतना कुछ होने के बाद अब अफसरों की नींद टूटी है।

रिसॉर्ट मालिक ने तहसील बाह क्षेत्र में करीब आठ वर्ष पहले जमीन खरीदी थी। ग्रामीणों के मुताबिक पिछले 3 साल से रिसॉर्ट बनाने का काम चल रहा है। तीन साल से डूब क्षेत्र में बन रहे रिसॉर्ट पर जिम्मेदार अधिकारियों ने ध्यान क्यों नहीं दिया।

फतेहाबाद क्षेत्र में और उटंगन नदी पर एक साल पहले पक्के पुल का निर्माण करा दिया गया। अब मामला संज्ञान में आने पर अफसरों की नींद टूटी। उपजिलाधिकारी फतेहाबाद अनिल कुमार सिंह ने उटंगन नदी पर बने पुल का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि उटंगन नदी पर रिसॉर्ट मालिक की ओर पक्के पुल का निर्माण कर



पानी को रोका गया है।

सिंचाई विभाग के अधिकारियों को पत्र भेजकर निर्माण की बावत पूछा गया है कि यह निर्माण किसके आदेश पर हुआ है। रिसॉर्ट मालिक ने कोई अनुमति ली है कि नहीं। एसडीएम ने बताया कि रिसोर्ट बाह तहसील के डूब क्षेत्र में बनाया जा रहा है। इस संबंध में सिंचाई विभाग को पत्र व्यवहार कर जांच के आदेश दिए हैं। उपजिलाधिकारी ने बताया कि उटंगन नदी के 100 मीटर के दायरे में कोई भी निर्माण नहीं किया जा सकता यह निर्माण कैसे हो रहा है इसकी जांच कराई जा रही है।

वहीं, जंगल से होकर रास्ता भी बना दिया गया है। पक्की सड़क बनाकर नदी से पहले एक बड़ा गेट भी लगा दिया गया। जहां लोगों को आने से रोका जाता है। मामले में वन क्षेत्राधिकारी फतेहाबाद विशाल राठौर ने भी निरीक्षण किया। अब वह रेंजर सर्वेयर को बुलाकर जांचकर कार्रवाई की बात कर रहे हैं। स्थानीय लोग बताते हैं कि 7 वर्ष पूर्व जंगल में होकर पक्की सड़क बना दी गई थी। वन विभाग ने कोई कार्रवाई नहीं की।

# अन्नदाता ही हमारी अर्थव्यवस्था की रीढ़: संजय सिंह गंगवार

* राज्य मंत्री ने निगोही में अन्नदाता सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में सभी को किया संबोधित

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत



गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार अपने पड़ोसी जनपद शाहजहांपुर के निगोही कस्बा स्थित एक मैरिज हॉल में आयोजित अन्नदाता सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थें। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि अन्नदाता हमारी अर्थव्यवस्था की रीड हैं। और केंद्र प्रदेश की मोदी योगी की सरकार अन्नदाताओं के विकास एवं उनके कल्याण के लिए हर तरह से प्रयास कर रही है उन्होंने कहा कि मोदी सरकार हमेशा किसानों की आय दोगुनी करने का अपना प्रयास लगातार जारी रखे हुए हैं। इस दिशा में काफी कुछ प्रगति भी हुई है उन्होंने केंद्र की भाजपा सरकार की विकास के क्षेत्र में कई उपलब्धियां बताते हुए कहा कि सरकार विकसित भारत का सपना संजोए हुए हैं और इस दिशा में लगातार कार्य कर रही उन्होंने अन्नदाता और सम्मेलन में मौजूद भाजपा कार्यकर्ताओं से अपील की की आने वाले लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी अरुण सागर को भारी मतों से विजई बनाने में अपना अहम योगदान दें और केंद्र में तीसरी बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगवाई में सरकार बनाने का संकल्प ले।

सम्मेलन में तिलहर विधायक सलोनी कुशवाहा, जिला अध्यक्ष के मिश्रा सहित भाजपा के कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं के साथ ही बड़ी संख्या में किसानों ने भाग लिया। इससे पूर्व सम्मेलन के मुख्य अतिथि राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार के सम्मेलन स्थल पर पहुंचने पर उनका फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया गया। याद रहे की प्रदेश संगठन ने राज्य मंत्री श्री गंगवार को लोकसभा चुनाव के तहत कई पड़ोसी जनपदों की कई विधानसभा चुनाव में चुनाव प्रचार की जिम्मेदारी सौंप है।

इससे पूर्व बदायूं, बरेली, नवाबगंज में भी राज्य मंत्री श्री गंगवार पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में चुनाव प्रचार एवं जनसभा में भाग लेते रहे हैं।

## उप गन्ना आयुक्त ने लिया गन्ना सर्वे का जायजा पूरी पारदर्शिता से हो रहा गन्ना सर्वे कार्य

* सर्वेक्षण कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी, पेड़ी की फसल पर विशेष ध्यान दें गन्ना किसान

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत



पूरे जनपद में गन्ना विकास विभाग एवं चीनी मिलों की 140 संयुक्त टीमें गठित की गयी हैं, जो लगातार गाँवों में जाकर जी.पी.एस. मशीनों से गन्ना सर्वे का कार्य कर रही हैं। अब तक 120 गांवों के 14520 किसानों का 6886 हेक्टेयर गन्ना सर्वे किया जा चुका है। आज बरेली मण्डल के उप गन्ना आयुक्त राजीव राय द्वारा गन्ना विकास परिषद पीलीभीत के गाँव कुकरीखेड़ा में गन्ना सर्वे का औचक निरीक्षण किया गया। राजकीय गन्ना पर्वेक्षक राम बिलास एवं चीनी मिल के गन्ना पर्वेक्षक अरविन्द कुमार गाँव मे सर्वे करते हुये उपस्थित पाये गये। कृषकों ने बताया कि उन्हें सर्वे स्लिप मौके पर दी जा रही है।

उप गन्ना आयुक्त महोदय ने निर्देश दिये कि सर्वे नीति का शत-प्रतिशत पालन करते हुये पूर्ण पारदर्शिता के साथ निर्धारित समय- 15 जून से पहले सर्वे कार्य को पूरा किया जाये, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाये। सभी पर्यवेक्षणीय अधिकारी अपने कार्य-क्षेत्र में नियमित रूप से सर्वे कार्य का निरीक्षण करते रहें।

इसके पश्चात गाँव मे ही आयोजित कृषक गोष्ठी में खुशी राम भार्गव जिला गन्ना अधिकारी पीलीभीत ने कृषकों को चौनी धान से पर्यावरण को होने वाले नुकसान बताते हुये किसानों से अपील की की वे किसी भी स्थिति में सरकार द्वारा प्रतिबन्धित चौनी धान की फसल न लगायें।

उप-गन्ना आयुक्त ने कृषकों को गन्ना फसल में सम-सामयिक कीट व रोग प्रबन्धन, सिंचाई एवं खर पतवार नियन्त्रण की जानकारी देते हुये कृषकों से अनुरोध किया कि वे बेहतर उपज प्राप्त करने हेतु पेड़ी-प्रबन्धन पर विशेष ध्यान दें।

कार्यक्रम में किसान मुनीश चन्द्र, महेंद्र पाल, हर प्रसाद, भागवत सरन आदि कृषकों ने प्रतिभाग किया, साथ ही राम भद्र द्विवेदी ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक पीलीभीत, प्रदीप अग्निहोत्री, सहकारी गन्ना विकास समिति के सचिव एवं एल.एच. फैक्टरी से जी.एम. केन के बी शर्मा के अलावा अन्य फील्ड कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

## कार सवार ने महिला को मारी टक्कर, रिपोर्ट हुई दर्ज





जन एक्सप्रेस । बरखेड़ा

जनपद के बरखेड़ा थाना क्षेत्र के गांव पौटा कला निवासी सरफराज पुत्र एजाज ने तहरीर देते हुए बताया कि 22 अप्रैल को अपनी पत्नी साबिया के साथ मोटरसाइकिल से अपने घर पौटा कला आ रहा था। कि जैसे ही क्षेत्र में देबू मेडिकल स्टोर के आगे पहुँचा तभी समय लगभग 12:30 बजे दोपहर पीछे से आ रही कार ने बड़ी तेजी व लापरवाही से चलाते हुए टक्कर मार दी। जिससे मेरे व मेरी पत्नी के गम्भीर चोटें आई है।वहाँ पर मैजूद आरिफ पुत्र मकबूल व अन्य लोगों ने घटना को देखा है। प्रार्थी व प्रार्थी की पत्नी को जिला अस्पताल लेकर गए। मेरी पत्नी साबिया की हालत गम्भीर होने पर डॉक्टर ने हायर सेंटर बरेली को रेफर कर दिया और मेरी पत्नी का इलाज मैक्स लाइफ अस्पताल में चल रहा है। उसके सिर व शरीर मे गम्भीर चोटें आई है। हालांकि पुलिस ने कार व अज्ञात कार चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

## रस्म पूरी होने के बाद और मांगा दहेज



जन एक्सप्रेस । बरखेड़ा

थाना क्षेत्र के गांव विक्रमपुर निवासी पार्वती देवी पुत्री होरीलाल ने पुलिस क्षेत्राधिकारी बीसलपुर को दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया है कि हिन्दू रीत रिवाज के अनुसार उसकी गोद भराई एवं लग्न की रस्म दिनांक 21 अक्टूबर को अपने गांव विक्रमपुर में हुई संपन्न हुई थी।

जिसमें शादी राजकुमार पुत्र रघुवंश सिंह निवासी देवपुरा ननहेरा अत्यापुर जिला अमरोहा से तारीख 15 मई 2021 को होना तय हुई थी।

परंतु 14 फरवरी 21 को शाम 8:00 बजे मेरे ससुराली जन राजकुमार वीरपाल दीपक नन्हे कलावती एवं जय सिंह मेरे घर आये और दहेज में अधिक मांग करने लगे जो मेरे परिवार वाले देने में असमर्थ थे।

तब से आज तक यह लोग शादी का झांसा देते रहे परंतु शादी नहीं की।पीड़िता ने क्षेत्राधिकारी बीसलपुर के यहां अपनी गोद भराई रस्म एवं लग्न में हुये खर्चे के 181000 रुपये बापस दिलाने की गुहार लगायी हैं।

क्षेत्राधिकार के आदेश पर थाना प्रभारी अरविंद चौहान ने पांच लोगो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली हैं।

## पीड़ित के यहां अचानक लगी घर में आग सामान जल के हुआ राख





जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

जनपद के थाना बरखेड़ा क्षेत्र के गांव दौलतपुर पट्टी में आग लगने से गरीब का आशियाना जलकर राख हो गया। पीड़ित परिवार घर के बाहर बैठा हुआ था तभी अचानक घर में आग लग गई क्योंकि पीड़ित का घर झोपड़ी नुमा था और भीषण गर्मी में आग लगते ही पूरे घर में आज की लपटे फैल गई जिस कारण घर सहित गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया गनीमत रही कि पीड़ित का परिवार आज की लपटों की चपेट में नहीं आया अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। वही आग लगने के बाद की पुकार मच गई और आसपास के लोगों ने पानी आदि डालकर आग को बुझाया। हालांकि आग लगने की सूचना दमकल विभाग को नहीं दी गई गांव वालों ने ही आग को बुझा दिया। बताते चले कि जनपद के थाना बरखेड़ा क्षेत्र के दौलतपुर पट्टी निवासी पीड़ित अकबर अली पुत्र हामिद अली ने बताया कि मैं घर के बाहर गांव में मजदूरी करने गया था तभी मैं पड़ोस में हो रहे लोगों की बातचीत को देखने लगा इस बीच अचानक आग लगने की सूचना मिली और आनन फानन में दौड़ता हुआ घर पहुंचा तो देखा कि सारा सामान जल चुका था। फिर जैसे तैसे पड़ोसियों के सहयोग से आग पर काबू पाया गया।

## डेंटल पेशेंट को नीम हकीमों के पास न ले जाएं: डॉ फ़ैसल नसीम

* दांतों का दर्द दूर करने के लिए ली गई तंबाकू से हो सकता है कैंसर: डॉ फ़ैसल नसीम
* दांत बचाने हैं तो रात में ब्रश करके सोएं: डॉ फ़ैसल नसीम

जन एक्सप्रेस । जौनपुर



**शाहगंज।** दांतों का दर्द दूर करने के लिए ली गई तंबाकू से हो सकता है कैंसर। दांतों के दर्द से यदि आप पीड़ित है, तो इसका इलाज दंत चिकित्सक से कराये। लोग दांतों के दर्द से बचने के लिए आमतौर पर तंबाकू का सेवन प्रचलन सा बन गया है। तंबाकू का नशा होने के कारण उन्हें दर्द का एहसास कुछ समय के लिए नहीं होता है। लेकिन बाद में दंत रोग विशेषज्ञ को दिखाना ही पड़ता है। सबसे बड़ी बात यह होती है कि दर्द से छुटकारे के लिए शुरू की गई तंबाकू उसकी आदत सी बन जाती है। तंबाकू के लंबे समय तक सेवन करने पर कैंसर होने की आशंका बढ़ जाती है। उक्त बातें विशेष जागरूकता वार्ता में डेंन्टाफिक्स मन्टीस्पेशियलिटी डेन्टल क्लिनिक शाहगंज के दंत रोग विशेषज्ञ डॉ फ़ैसल नसीम ने व्यक्त किया। डॉ.नसीम ने कहा कि वर्ष में कम से कम एक या दो बार अपने दंत चिकित्सक के पास जरूर जाए। शराब का सेवन बिल्कुल ना करें और धूम्रपान छोड़ने पर जरूर विचार करें। जिससे आपके दांत सुरक्षित रहेंगे। साथ ही दांतों की देखभाल को लेकर सुबह खाने के पूर्व शाम खाने के बाद कम से कम दो बार ब्रश करने की सलाह दी जाती है। ताकि दांतो को दर्द सड़ने या अन्य दांत संबंधी होने वाले घातक बीमारी से बचाया जा सके। दांत संबंधी किसी भी समस्या होने पर नीम हकीम चिकित्सकों से जरूर बचें क्योंकि यह जानलेवा उपचार साबित हो सकता है।

## पैतवोझी-बड़ेपुरा पीडब्ल्यूडी सड़क निर्माण की उच्च स्तरीय जांच की मांग

जन एक्सप्रेस । बरखेड़ा

पीडब्ल्यूडी सड़क निर्माण में आए दिन हो रहा भ्रष्टाचार किसी से छिपे नहीं है खराब गुणवत्ता तथा मानक दिन सड़कों के निर्माण से सड़के समय से पहले ही खराब हो रही है जिससे आम लोगों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है

पैतवोझी बडेपुरा तक बनने रोड को लेकर मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत की गई थी जिसमें घटिया तथा गुणवत्ता विहीन निर्माण कार्य करने का आरोप लगाया गया था जिसको लेकर लोक निर्माण विभाग अधिशासी अभियंता प्रांतीय खंड 1 ने जेई पीडब्ल्यूडी को जांच होती तो उन्होंने मानक अनुसार निर्माण कार्य होने की जांच रिपोर्ट लगा दी जिस पर शिकायतकर्ता के द्वारा उच्च अधिकारियों से स्थलीय जांच कराए जाने की मांग की है। शिकायतकर्ता का कहना है कि जेई के द्वारा अपने दफ्तर में बैठकर ही मिली भगत से फर्जी आख्या रिपोर्ट लगा दी जिससे वह सहमत नहीं है।

# तीन दो पहिया वाहनों में हुई भिड़ंत, चार लोग घायल हालत गंभीर, जिला अस्पताल रेफर





जन एक्सप्रेस । बीसलपुर

जनपद की तहसील बीसलपुर क्षेत्र के ग्राम भादरा निवासी शिशुपाल अपनी विक्की पर राजेश्वरी देवी पत्नी हरनाम सिंह व दूसरी विक्की पर हरपाल पुत्र विजेंदर अपनी पत्नी कमलेश कुमारी को बिठाकर चारों लोग अपने एक रिश्तेदार के घर से गोद भराई का कार्यक्रम निपटाकर अपने घर जा रहे थे। वह जैसे ही बीसलपुर बिलसंडा मार्ग पर स्थित काटना पुल पर पहुंचे वैसे ही विपरीत दिशा से आ रहे बाइक सवार पंकज पुत्र शिव कुमार निवासी अमरा करोड़ की बाइक से दोनों की विक्की की टक्कर हो गई। टक्कर लगते ही तीनों दो पहिया वाहन पर सवार चारों लोग रोड पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से 108 एंबुलेंस से बीसलपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टर द्वारा चारों घायलों का प्राथमिक उपचार करने के बाद हालत गंभीर होने पर चारों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। घटना की सूचना बीसलपुर कोतवाली पुलिस को दे दी गई है।

मौके पर पहुंची पुलिस ने तीनों दो पहिया वाहनों को अपने कब्जे में लेकर अग्रिम कार्यवाही शुरू कर दी है।

## नहर में औंधे मुंह पड़ा युवक का शव देख सनसनी



जन एक्सप्रेस। जौनपुर

**खुटहन।** नगवां गांव के नहर पुलिया के पास गुरुवार को पानी में उगी घास फूस में फंसा युवक का शव देख सनसनी फ़ैल गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों के सहयोग से शव पानी से बाहर निकलवाया। घंटों प्रयास के बाद भी उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई के बाद पीएम हेतु भेज दिया।

गांव के नहर पुलिया के पास कुछ चरवाहे बकरियां चरा रहे थे। तभी उनकी नज़र पानी में उगी घास फूस के बीच पड़े शव पर गयी। वे शोर मचाने लगे। मौके पर तमाम लोग जमा हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव बाहर निकलवाया। शव को देख अनुमान लगाया जा रहा है कि घटना बुधवार की रात की रही होगी। मृतक की उम्र लगभग 28 वर्ष आंकी जा रही है। वह काले रंग की पैंट और गाढ़ा नीला शर्ट पहने हुए है। दाएं हाथ में रक्षा बंधा हुआ है। उसके शरीर पर कहीं भी चोट के निशान नहीं दिखाई दिए। प्रभारी निरीक्षक संजय वर्मा ने बताया कि शव की शिनाख्त नहीं हो पा रही है। पहचान हेतु उसके कपड़े व अन्य सामान सुरक्षित रखा गया है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही मामला स्पष्ट हो पायेगा।

## मकान के ढलाई की तैयारी कर रहे पिता पुत्र पर पट्टीदार ने भाला गड़ासी से किया हमला

* पुत्र के हाथ की अंगुली कटी, पिता की हालत गंभीर, चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज

जन एक्सप्रेस । मछलीशहर





स्थानीय कोतवाली के खजुरहट गांव में मकान के छत की ढलाई की तैयारी कर रहे पिता पुत्र पर पट्टीदार ने धारदार हथियार से हमला कर दिया। हमले में घायल पिता पुत्र की हालत नाजुक बनी हुई है। दोनो का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है।

उक्त गांव निवासी जियालाल पटेल और शोभनाथ पटेल में बटवारे की जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। गुरुवार दस बजे जियालाल पटेल 55 और उनका पुत्र प्रदीप 23 अपने हिस्से की जमीन पर अधूरे मकान के छत की तैयारी कर रहे थे। जबकि बंटवारे से सहमत नही शोभनाथ के चार पुत्रों ने अचानक पिता पुत्र पर भाले, गड़ासी, लाठी, डंडे से लैस होकर दोनो पर हमला कर दिया। हमले में पिता की सिर, पेट, पैर गंभीर चोट लग गई। वही पुत्र के दाहिने हाथ का अंगूठा कटने के साथ सिर और पेट में कई घाव हो गया। चीख पुकार सुन अगल बगल के लोगो ने किसी तरह बीच बचाव कर दोनो को एंबुलेंस की सहायता से सी एच सी भेजा। जहां चिकित्सक ने दोनो की हालत गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया। मामले बाबत प्रभारी निरीक्षक अशेष नाथ सिंह ने बताया मामले बाबत जियालाल पटेल की तहरीर पर मनोज पटेल, बंशीलाल पटेल, पारसनाथ पटेल और गुलाब चंद पटेल के खिलाफ हत्या के प्रयास समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया। अभी सभी आरोपित फरार है। जल्द ही सभी की गिरफ्तारी कर ली जाएगी।

## समाजवादी पार्टी की उम्मीदवार ने किया नामांकन

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के लिए 73-जौनपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र हेतु गांधियन पीपुल्स पार्टी के उम्मीदवार यशवंत कुमार गुप्ता के द्वारा 01 सेट में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया गया। भागीदारी पार्टी के प्रत्याशी जियालाल के द्वारा 02 सेट में अपना नामाकन पत्र दाखिल किया। 74-मछलीशहर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र हेतु समाजवादी पार्टी की उम्मीदवार प्रिया सरोज के द्वारा 02 सेट में, पृथ्वीराज जन शक्ति पार्टी के उम्मीदवार ब्रजेश कुमार ने 01 सेट में, निर्दल प्रत्याशी सुबास द्वारा 01 सेट में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया गया। 73-जौनपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र हेतु समाज परिवर्तन पार्टी के प्रत्याशी नीलम अम्बेडकर ने 01 सेट में और निर्दल प्रत्याशी के रूप में श्री रतन सिंह परमार ने 01 सेट में पर्चा खरीदा। 74-मछलीशहर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र हेतु समाज परिवर्तन पार्टी से उर्मिला द्वारा 01 सेट में पर्चा खरीदा।

## मडहे में लगी आग में एक गाय और एक बकरी दो बच्चों सहित जलकर मरी

* भदेवरा गांव में हुई घटना, तीन झुलसी गायों का चल रहा उपचार

जन एक्सप्रेस । जौनपुर



गौराबाशाहपुर थाना क्षेत्र के भदेवरा गांव में जानवर बांधने के मडहे में लगी आग में जलकर उसमें बांधी गई एक गाय, एक बकरी तथा उसके दो बच्चों की जलकर मौत हो गई। जबकि मडहे में बंधी अन्य तीन गायों को ग्रामीणों ने किसी तरह से बचा तो लिया परंतु तब तक वह तीनों भी झुलस गई थी।

भदेवरा गांव निवासी रामसमुझ राजभर ने अपने घर से थोड़ी दूर पर जानवरों को रखने के लिए मडहा डाल रखा है। दोपहर बाद लगभग 2 बजे मडहे में अज्ञात कारणों से अचानक आग लग गई, जिस पर उसने शोर मचाते हुए आग बुझाने का प्रयास किया। आसपास के पहुंचे ग्रामीणों ने किसी तरह से आग पर काबू पाया तथा जलती हुई आग में घुसकर रस्सी काटकर तीन गायों को बाहर निकाल लिया, परंतु तब तक आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। जिसके फल स्वरुप एक गाय एक बकरी और उसके दो बच्चे आग में जलकर मर गए। पशुपालक जली हुई गायों के उपचार के लिए पशु चिकित्सक रिचा राय को फोन पर सूचना दिया परंतु समाचार संप्रेषण तक कोई भी पशु चिकित्सा नुकसान का आकलन करने या जले हुए जानवरों का उपचार करने नहीं पहुंचा। जिस पर पशुपालक ने निजी चिकित्सक को बुलाकर जले हुए पशुओं का उपचार करवाया।

## काशी के नमो घाट पर अब वाटर स्पोर्ट्स का लुफ्त उठा सकेंगे पर्यटक

जन एक्सप्रेस । वाराणसी। नमो घाट फेज टू में वाटर स्पोर्ट्स का संचालन करने वाली कंपनी के गौरव पवार ने बताया कि फिलहाल नमो घाट फेज टू से जेट स्की और स्पीड बोर्ड चलाई जा रही है। जेट स्की की राइडिंग पर गाइड तैनात रहेंगे। जिन्हें अयोध्या और ऋषिकेश से बुलाया गया है। वहीं स्पीड बोर्ड पर पायलट समेत छह लोग सवारी कर सकते हैं। आगे चल कर वाटर पैरा ग्लाइडिंग समेत अन्य वाटर स्पोर्ट्स का भी संचालन किया जाएगा। पर्यटकों को भा रही जेट स्की की सवारी पानी में तेज रफ्तार से दौड़ने वाली जेट स्की पर्यटकों को भा रही है। कंपनी के गौरव पवार ने बताया कि पर्यटकों की सुरक्षा को ध्यान में रखकर गंगा में जेट स्की चलाई जा रही है। पर्यटक जेट स्की की सवारी कर नया अनुभव ले रहे हैं। वहीं परिवार के साथ या समूह में आए हुए सैलानियों को स्पीड बोर्ड पर बैठना अच्छा लग रहा है। फिलहाल वाटर स्पोर्ट्स का संचालन राजघाट पुल के नीचे से आदिकेशव घाट के बीच किया जा रहा है।



# दो बाइकों की आमने- सामने टक्कर, 2 युवकों की मौत, दो घायल

जन एक्सप्रेस । मिर्ज़ापुर



मिर्जापुर जिले के चील्ह थाना क्षेत्र के चील्ह गोपीगंज मार्ग पर श्रीपट्टी गांव के पास गुरुवार की शाम दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गई। दोनों बाइक पर सवार चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस स्थानीय लोगों की सहायता से एंबुलेंस बुलाकर सभी घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चील्ह पहुंचाई। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देख डॉक्टरों ने दो लोगों को ट्रामा सेंटर मिर्जापुर के लिए रेफर कर दिया। जहां उपचार के दौरान दोनों की मौत हो गई।

भदोही जिले के ज्ञानपुर थाना क्षेत्र के देवनाथपुर निवासी शहजाद अली (30) पुत्र जलालुद्दीन, शादाब अली (25) पुत्र जलालुद्दीन व सोनू अली (22) गोपीगंज की तरफ से मिर्जापुर की तरफ जा रहे थे। मिर्जापुर की तरफ से तिलठी गांव आकाश यादव (18) पुत्र गुड्डू यादव अपने घर तिलठी की तरफ जा रहा था।

जैसे ही श्रीपट्टी गांव के पास पहुंचे थे कि दोनों बाइक सवारों की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। जिसमें दोनों बाइक पर सवार चारों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से सभी को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चील्ह पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने हालत गंभीर देख दो लोगों को मंडलीय अस्पताल मिर्जापुर के लिए रेफर कर दिया। जहां उपचार के दौरान शहजाद अली व आकाश यादव की मौत हो गई।

मौत की जानकारी पर परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शादाब अली व सोनू अली की स्थिति ठीक है। थानाध्यक्ष रीता यादव ने बताया कि दो बाइक की भिड़ंत में दो लोगों की मौत हो गई और दो लोग घायल हो गए।

## बिल्हौर ब्लॉक का इलियासपुर विद्यालय 8 बजे मिला बंद, बच्चे कर रहे मौज मस्ती



**जन एक्सप्रेस। बिल्हौर**

बिल्हौर तहसील क्षेत्र में जिले के अधिकारियों के आदेश अनुसार 7:30 बजे खुलने और 1:00 बजे बंद होने के आदेश मिले हैं लेकिन बुधवार प्राथमिक विद्यालय इलियासपुर 8ः00 बजे तक स्कूल का गेट खुला था तीन बच्चे मैदान मे खड़े थे और तीन बच्चे बाउंड्री और पेड़ पर चढ़े थे । जन एक्सप्रेस संवाददाता के पहुंचते ही बच्चे पेड़ और बाउंड्री से कूद कर नीचे आ गए और तीन बच्चे पहले से ही नीचे खड़े हुए थे बच्चों ने बताया कि अभी मैडम जी आई नहीं हैं इसलिए कमरे के ताले बंद हैं आ रही होगी वहीं पर गेट से निकलने के बाद 8ः02 पर एक अध्यापिका विद्यालय के अंदर गाड़ी से उतरकर जा रही थी तो बच्चे गेट के बाहर जाकर उनके पैर छू रहे थे। बाद में खंड शिक्षा अधिकारी रवि कुमार सिंह ने फोन पर बात करने पर उन्होंने बताया कि एक शिक्षिका का ऑनलाइन अवकाश आ गया है। और एक शिक्षिका गाड़ी खराब होने की वजह से देर से पहुंची। बात यह उन्होंने बताया कि वह जब गेट से निकल रहे थे तो उस समय हमारी गाड़ी रोड पर आ चुकी थी और वह निकल गए बाद में पता चला कि वह बच्चों से बात कर रहे थे। इस ओर अभिभावकों को भी ध्यान देना पड़ेगा कि पेड़ों पर बच्चे चढ़ रहे हैं प्राथमिक विद्यालय के किसी भी समय गिरकर दुर्घटना के शिकार हो सकते हैं इसके मतलब बच्चों के पास स्कूल गेट की चाबी रहती है यह तरीका गलत है। बेसिक शिक्षा अधिकारी सुरजीत कुमार सिंह ने बताया कि इस संबंध में संबंधित अधिकारी से बात करेंगे।

## मुलायम की विरासत पर कब्जे की जोर-आजमाइश

# सपा संस्थापक की बहू को जय-शिव की चुनौती



जन एक्सप्रेस। रामजी लाल गोस्वामी। मैनपुरी। रिपोर्ट जितनी वीआईपी सीट है, यहां के मतदाताओं के लिए यह उतनी ही साधारण। नेताजी (मुलायम सिंह यादव) की यादें यहां के जनमानस में जिस तरह से रची-बसी है, उससे यह अंदाजा लगाना मुश्किल नहीं कि हवा का रुख किधर रहेगा। सपा की प्रत्याशी डिंपल यादव को जहां भाजपा प्रत्याशी जयवीर सिंह चुनौती दे रहे हैं, वहीं बसपा प्रत्याशी शिव प्रसाद यादव भी सेंधमारी के लिए एड़ी-चोटी का जोर लगाए हैं। इस पक्ष के मतदाता हों या उस पक्ष के, थोड़ी देर की बातचीत में ही बता देते हैं कि परिणाम क्या आने वाला है। 1996 से मैनपुरी सीट पर सपा का कब्जा है। सपा के संस्थापक स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव खुद यहां से पांच बार जीतकर संसद पहुंचे थे। वर्ष 2022 में उनके निधन के बाद हुए उपचुनाव में उनकी बहू डिंपल यादव 2.88 लाख से अधिक मतों से जीतीं। आखिर लगातार 28 साल से यह जादू कैसे चल रहा है? इस सवाल पर भोगांव बस स्टैंड पर मिले एक एडेड इंटर कॉलेज के प्रवक्ता राम खिलाड़ी कहते हैं, इसकी वजहें तो यहां के नजारे खुद बता देते हैं। एक्सप्रेसवे से कनेक्टिवटी है। मैनपुरी-शिकोहाबाद रोड हो या इटावा-कुरावली मार्ग, फर्राटे भरते वाहन विकास की गाथा सुनाते हैं। राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, सैनिक स्कूल, गवर्नमेंट डिग्री कॉलेज, आईटीआई और पॉलीटेक्निक युवाओं के बेहतर कॅरिअर के गवाह हैं। न सिर्फ मैनपुरी, बेवर और भोगांव बस स्टैंड, बल्कि गांव-गांव तक 5.5 मीटर चौड़ी सड़कें खुद-ब-खुद विकास के किस्से सुना रही हैं।

ऐसा नहीं है कि मैनपुरी में समाजवादी खेमे का विरोध नहीं है। नगला चुन्नी ग्राम के रघुवीर और कुंदन लोधी कहते हैं कि सपा सरकार आते ही यहां यादवों का आतंक बहुत बढ़ जाता है। इस लिहाज से फिलहाल अमन-चैन है। ब्रह्मानंद मिश्रा और श्याम सिंह पाल भी उनकी हां में हां मिलाते हुए कहते हैं कि इस बार भाजपा प्रत्याशी जयवीर सिंह भारी पड़ सकते हैं। बुजुर्ग उजागर सिंह अहीर उनसे इत्तफाक नहीं रखते। वह कहते हैं, उपचुनाव में डिंपल यादव भोगांव विधानसभा क्षेत्र से भी 25 हजार वोटों से जीती थीं, जबकि यहां से विधायक भाजपा के हैं। सबकी बात काटते हुए मेहरबान सिंह राजपूत बोल पड़ते हैं कि हम तो फूल के साथ हैं। सपा सरकार के समय का तमंचे का डर अभी भूले नहीं हैं। तब पुलिस बुलाने पर भी नहीं आती थी। मैनपुरी के अग्रवाल मोहल्ला के देवीदत्त मिश्रा कहते हैं कि यह चुनाव राष्ट्रीय मुद्दों पर हो रहा है, इसलिए भाजपा आगे रहने वाली है। गीतापुरम के ठाकुर अनुपम सिंह बताते हैं कि हम तो भाजपा के साथ हैं। करहल विधानसभा क्षेत्र के घिरोर में चर्चा के दौरान व्यापारी मुकेश गर्ग कहते हैं कि यहां समाजवादियों ने विकास की इतनी बड़ी लकीर खींच दी है कि शायद ही किसी और को मौका मिले। हालांकि यशकांत और शिवम कहते हैं कि इस बार भाजपा प्रत्याशी भी काफी दमदारी से लड़ रहा है। भोगांव के रहने वाले हरिओम कहते हैं कि यह सरकार नौकरियां नहीं दे पा रही है। इसलिए बदलाव जरूरी है। सुमित गुप्ता का मानना है कि भाजपा के शासन में कम से कम चेन, रुपये और मोबाइल तो नहीं छिन रहे हैं। शिव शंकर कहते हैं कि जब रामपुर किसी का गढ़ नहीं रहा, तो मैनपुरी भी वैसे ही नतीजे दे सकता है। कटरा सामान चौराहे पर मिले सुरजीत सिंह बताते हैं कि हमें पूरी उम्मीद है कि इस बार बयार भाजपा के पक्ष में रहेगी। रिंकू यादव कहते हैं कि जब तक यादव बहुल जसवंतनगर विधानसभा सीट मैनपुरी लोकसभा क्षेत्र में है, तब तक तो यहां से सपा को कोई नहीं हरा सकता। अरुण राघव और जयवीर सिंह कहते हैं कि मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के यहां आने से माहौल अच्छा हुआ है। परिणाम भाजपा के पक्ष में रहेगा।

### समर के योद्धा

**डिंपल यादव, सपा**
- **मजबूती:** यादव वोट बैंक पर सपा की मजबूत पकड़ और जसवंतनगर का मैनपुरी लोकसभा क्षेत्र में शामिल होना।
- पुत्रवधू होने के चलते मुलायम की विरासत का फायदा मिलेगा।
- **कमजोरी:** बसपा के शिवप्रसाद यादव को प्रत्याशी बनाने से यादव वोटबैंक में सेंध लग सकती है, हालांकि गुंजाइश कम है।
- सपा सरकार में कानून-व्यवस्था के हाल को लेकर सपा को नुकसान हो सकता है।

**जयवीर सिंह, भाजपा**
- **मजबूती:** वर्तमान में प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री हैं और पर्यटन विभाग से मंदिरों का कायाकल्प कराया।
- ठाकुर जाति से आने के चलते ठाकुर वोटबैंक उनके पाले में है।
- **कमजोरी:** ठाकुर जाति के प्रति ज्यादा झुकाव होने के चलते अन्य जातियों में विरोध है।
- भाजपा अब तक शाक्य प्रत्याशी देती रही है, ऐसे में जयवीर सिंह के आने से शाक्य मतदाता नाराज हैं।

**शिवप्रसाद यादव, बसपा**
- **मजबूती:** 2014 के आम चुनाव के बाद बसपा ने प्रत्याशी उतारा है, ऐसे में बसपा का काडर वोटर एकजुट हो सकता है।
- यादव वोटबैंक में भी सेंधमारी कर सकते हैं।
- **कमजोरी:** औरैया जिले के रहने वाले हैं, जो मैनपुरी लोकसभा क्षेत्र का हिस्सा नहीं है। इसलिए बाहरी होने का सवाल भी उठ रहा है।
- मैनपुरी से लंबे समय से प्रत्याशी नहीं उतारने से बसपा का वोटबैंक खिसक गया है।

# मतदाताओं ने योगी को दिलाया विश्वास-मैनपुरी अब 'आपके पास'

**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यूपी के पर्यटन मंत्री व मैनपुरी से भाजपा प्रत्याशी जयवीर सिंह के लिए किया रोड शो**

- बाबा की झलक कैमरे में कैद करती दिखी मैनपुरी, हर ओर से आई आवाज- सात मई, सपा गई
- चिलचिलाती धूप में उप्र के मुख्यमंत्री के दीदार को सड़कों पर उतरे आमजन, गूंजा-आएंगे फिर मोदी ही
- आमजन और बुलडोजर पर खड़े कार्यकर्ताओं ने पुष्पवर्षा से किया योगी का जबर्दस्त स्वागत
- योगी को देख आह्लादित हुए बच्चे तो छत पर खड़ी महिलाओं ने हाथ जोड़कर किया अभिवादन
- समाजवादी पार्टी को कांग्रेस के साथ गठबंधन की सजा दी जानी चाहिए: सीएम योगी



**जन एक्सप्रेस। मैनपुरी**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को देख मैनपुरी के मतदाताओं के मनोभाव जुबां पर आ गए। योगी सरकार के पर्यटन मंत्री व मैनपुरी लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार जयवीर सिंह के पक्ष में जब योगी आदित्यनाथ ने रोड शो किया तो मतदाताओं ने %बुलडोजर बाबा% को विश्वास दिलाया कि मैनपुरी अब आपके पास। सात मई- मैनपुरी से सपा गई। चिलचिलाती धूप में भी सड़कों पर योगी के स्वागत में मैनपुरी का आम जनमानस उतरा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व कमल के फूल का कटआउट लेकर रोड शो के पूरे रास्ते आमजन चलते रहे। सपा के गढ़ में घर-घर की छतों से एक तरफ जहां योगी आदित्यनाथ पर पुष्पवर्षा हुई तो वहीं दूसरी तरफ भारत माता की जयकार गूंज रही थी। लगभग एक घंटे के रोड शो में हर तरफ योगी-योगी ही होता रहा।

### नन्हे-मुन्नो में भी दिखी सीएम योगी के प्रति दीवानगी

आर्य समाज परिसर से भावंत चौराहे तक निकले रोड शो में सड़कों पर दर्जनों बुलडोजर खड़े रहे। कानून व्यवस्था के पर्याय बुलडोजर पर खड़े मैनपुरी वासियों व भाजपा कार्यकर्ताओं ने रथ पर खड़े योगी आदित्यनाथ पर फूलों की खूब वर्षा की। आएंगे फिर मोदी ही, आएंगे फिर योगी ही गीत पर युवा थिरकते रहे। जो बच्चे वोट नहीं दे सकते, उनमें भी योगी आदित्यनाथ के प्रति दीवानगी सिर चढ़कर बोल रही थी। महिलाएं छत से कहीं हाथ जोड़े खड़े रहीं तो कहीं फूलों की वर्षा करती रहीं। सीएम योगी जिस पर सवार थे, न सिर्फ वह वाहन भगवा दिखा और गेंदा के फूलों से सजा रहा, बल्कि रोड के दौरान सड़कों पर भी भाजपा और भगवा झंडा फहराता रहा। योगी जी को जयश्रीराम के नारों से उप्र के मुख्यमंत्री का मैनपुरी ने अपने बीच अभूतपूर्व स्वागत किया।

### मैनपुरी भी इस बार परिवर्तन की राह पर: योगी

सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आपका उत्साह बता रहा है कि मैनपुरी भी इस बार परिवर्तन की राह पर चल रहा है। सपा-कांग्रेस का गठबंधन भारत को एक बार फिर से गुलामी की ओर ढकेलने की साजिश का हिस्सा है। यह लोग अनुसूचित जाति, जनजाति व पिछड़ी जाति के आरक्षण के अधिकार पर सेंध लगाकर अल्पसंख्यकों को देने की साजिश कर रहे हैं। देश के अंदर मुस्लिम तुष्टिकरण की पराकाष्ठा पर चलते हुए कांग्रेस गोहत्या को प्रश्रय देने की कुत्सित चेष्टा भी कर रही है। सीएम ने कहा कि इंडी गठबंधन को वोट देने का मतलब भारत की आस्था के साथ खिलवाड़। आस्था का सम्मान करने वाला सच्चा भारतीय इसे कतई सफल नहीं होने देगा। सीएम ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह का पूरा जीवन श्रीराम व प्रदेश के विकास के लिए समर्पित था। उनके निधन पर सपा ने संवेदना के एक शब्द भी नहीं व्यक्त किए थे। वहीं मुलायम सिंह के निधन पर मैं उनके घर गया था। पीएम मोदी ने संवेदना व्यक्त की थी। जो सपा बाबू कल्याण सिंह का अपमान करती हो, आस्था से खिलवाड़ करती हो, ऐसी परिवारवादी समाजवादी पार्टी को कांग्रेस के साथ गठबंधन की सजा दी जानी चाहिए।

# मकनपुर प्राथमिक विद्यालय द्वितीय 8 :12 पर तीन शिक्षिकाएं मौजूद, रसोईया मिली झाड़ू लगाती

**जन एक्सप्रेस। बिल्हौर**



बिल्हौर तहसील क्षेत्र में शासन के आदेश के बावजूद अध्यापक अपने पुराने ही समय पर विद्यालय पहुंच रहे हैं उनको किसी का भय नहीं 8ः12 पर इलियासपुर विद्यालय में बुधवार रसोईया अनवरी निशा झाड़ू लगा रही थी उन्होंने बताया कि होली पर 3 महीने का मानदेय मिला था अभी 5 महीने का पुराना बाकी है वह नहीं मिला है। प्रधानाध्यपिका कहती रहती है कि प्रधान नहीं दे रहे हैं इस संबंध में प्रधान मजहिर हुसैन से बात करने पर उन्होंने बताया कि सारे कागज पूर्ण करके प्रधानाध्यापिका को देने होते हैं उसमें प्रधान का कोई भी काम नहीं होता है विद्यालय में मौजूद अध्यापिका रश्मि यादव ,वैशाली बाथम, और शिक्षामित्र अमृता गुप्ता अपने कमरे में बच्चों को पढ़ा रही थी विद्यालय में गंदगी का जगह-जगह ढेर लगा हुआ था। खंड शिक्षा अधिकारी रवि कुमार सिंह से फोन से बात की तो उन्होंने बताया कि मैं फिल्ड में हूं मकनपुर क्षेत्र में बस कुछ ही मिनट में विद्यालय में पहुंच रहा हूं लापरवाही शिक्षकों की बर्दाश्त नहीं की जाएगी उन पर कार्रवाई की जाएगी। रसोईया का मानदेय क्यों नहीं मिला है इस संबंध में प्रधानाध्यापिका को फोन कर दिया गया है जल्द भुगतान कराया जाएगा।

### ककवन ब्लॉक अल्लीपुर प्राथमिक विद्यालय में 9:10 तक नहीं पहुंचा कोई शिक्षक

**जन एक्सप्रेस। बिल्हौर**

बुधवार सुबह 9:10 रसोईया राज बेटी व उषा देवी विद्यालय के मैदान में पेड़ो के नीचे चूल्हा जलाकर सब्जी बना रही थी। उन्होंने बताया कि आ रही होगी मैडम जी दूर से आती हैं कानपुर बहुत दूर है जब उनसे पूछा गया कि आप खाना चूल्हे में बना रही हैं तो उन्होंने बताया कि गैस नहीं मिल पा रही है जिसके चलते मजबूरी में बनाना पड़ता है जब उनसे पूछा कि गर्मियों में इतनी भीषण लू लपट में अगर कहीं आग लग जाए तो कौन जिम्मेदार होगा तो बोली की जिम्मेदार अधिकारी जाने हमारा काम बनाना है गैस दोगे तो गैस से बना देंगे चूल्हा दोगे तो चूल्हे से बना देंगे।

# सपाइयों ने कथित भाजपा समर्थक को पीटा, 51 लोगों पर मुकदमा दर्ज

**जन एक्सप्रेस। कन्नौज**



हाईवे पर जेवाँ टोल प्लाजा के पास भाजपा के प्रचार रथ को देख रहे युवक पर सपाइयों ने हमला कर दिया। लात-घूसों से उसकी जमकर पिटाई कर दी। जिसका वीडियो वायरल हो रहा है। इस मामले को लेकर पीड़ित युवक ने 11 लोगों को नामजद करते हुए 51 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवा दी। घटना सदर कोतवाली क्षेत्र के जेवां टोल प्लाजा की है। यहां भाजपा का एक प्रचार रथ खड़ा था और बड़ी स्क्रीन पर मोदी सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी दी जा रही थी। यहां खड़े होकर भुलभुलियापुर गांव निवासी मोहित यादव भाजपा सरकार की उपलब्धियों वाला वीडियो देख रहा था। तभी कुछ गाड़ियां आकर वहां रुकीं और कार सवार लोगों ने मोहित को पकड़ कर पिटाई कर दी। लात-घूंसों से उसे जमकर पीटा। मारपीट होते देख किसी ने वीडियो बना लिया जोकि वायरल हो रहा है। घटना को लेकर पीड़ित मोहित यादव ने सपा नेता नवाब सिंह यादव समेत 11 लोगों को नामजद करते हुए 40 अज्ञात लोगों के खिलाफ तहरीर देते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है। भाजपा समर्थक मोहित यादव के साथ मारपीट करने के आरोप में सदर कोतवाली पुलिस ने सपा नेता नवाब सिंह यादव, संजू दुबे, दीपक यादव, रजनीकांत पाल, वीरपाल, उदयवीर, देवराज यादव, धर्मवीर, दीपू यादव उर्फ कलेसी, कमलकांत कटियार, दुर्गेश कटियार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। इसके अलावा 40 अज्ञात लोग भी शामिल किए गए।

# 112 आपात सेवा परियोजना में जिले को मिलीं 12 स्कार्पिओं और 10 पल्सर

**जन एक्सप्रेस। कन्नौज**



पुलिस अधीक्षक कन्नौज अमित कुमार आनंद द्वारा यूपी-112 आपात सेवा परियोजना के द्वितीय चरण में जनपद कन्नौज को आवंटित नई 12 स्कार्पियो व 10 पल्सर पीआरवी वाहनों को रिजर्व पुलिस लाइन कन्नौज से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यूपी आपात सेवा परियोजना के द्वितीय चरण में यूपी 112 मुख्यालय द्वारा जनपद कन्नौज को 12 नई स्कार्पियो व 10 नई पल्सर मोटरसाइकिल प्रदान की गयी है । जिन्हें आज पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस लाइन से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। आवंटित नये वाहनों में से एक स्कार्पियो पी टी जैड कैमरा से लैस है, जिससे किसी भी अवसर पर लगातार वीडियोग्राफी/फोटोग्राफी की जा सकती है । नये आवंटित वाहन जनपद में लोकसभा निर्वाचन के दौरान कानून एवं शांति व्यवस्था को सुदृढ़ और सुचारू रूप से स्थापित करने में कारगर साबित होंगे। जिससे कानून व्यवस्था/अपराध नियंत्रण में सहयोग मिलेगा । नये पीआरवी वाहनो के आने पर जनपद में कार्यरत् पीआरवी वाहनो की कुल संख्या 47 हो गयी है । जिनमें चार पहिया -29 (स्कार्पियो 12, बोलेरो 7, इनोवा 10) तथा दो पहिया -18 ( पल्सर मोटरसाइकिल ) शामिल है । नये पीआरवी वाहनो को जनपद के सभी थानो में आवश्यकतानुसार आवन्टित किया गया है । नये वाहनो के यूपी 112 जनपद कन्नौज में शामिल होने से जनपद के नागरिको को त्वरित पुलिस सहायता उपलब्ध हो सकेगी तथा साथ ही कानून व्यवस्था व अपराध नियंत्रण में भी अपेक्षित सहयोग मिल सकेगा । इस मौके पर क्षेत्राधिकारी नगर कमलेश कुमार, पुलिस उपाधीक्षक प्रशिक्षु कपूर कुमार, प्रतिसार निरीक्षक, सुखपाल सिंह, प्रभारी 112 निरीक्षक महेशवीर सिंह व अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## सैकड़ो लोग भाजपा छोड़ सपा में शामिल

**जन एक्सप्रेस। कन्नौज**

लोकसभा चुनाव की जैसे-जैसे तारीख नजदीक आती नजर आ रही है वैसे ही सपा नेता। सक्रिय होते नजर आ रहे है पूर्व सांसद छोटे सिंह यादव पूर्व विधायक ताहिर हुसैन सिद्दीकी जनसंपर्क के करने के लिए अपने काफिले के साथ निकले जैसे ही गांव भाउलपुर कसावा कसाया रूपपुर चंद्रपुर में जनसंपर्क के लिए पहुंचे तो सैकड़ो भाजपा कार्यकर्ताओ ने भाजपा छोड़ कर सपा का दामन थाम लिया। भाजपा छोड़कर आए शाक्य समाज लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। भाजपा छोड़ कर आए अजीत सिंह राठौड़, भीम सिंह राठौड़, विच करण सिंह राठौड़, नन्नू सिंह, सियाराम शाक्य, सूरज गुप्ता, वेदनाथ सिंह, सुरेश शाक्य, अनूप राठोर, सोनू राठौर, डंपी सिंह राठौर, अनिल शाक्य, श्यामू वकील, इच्छाराम शाक्य, रामपाल शाक्य, आसाराम शाक्य सहित सैकड़ो लोगों ने भाजपा छोड़ कर सपा की सदस्य ग्रहण की। मतदान करने की अपील करने पहुंचे पूर्व विधायक ताहिर हुसैन सिद्दीकी ने जनता से अपील की है सभी वर्ग अखिलेश यादव को वोट देकर उनके हाथों को मजबूत करे।

# स्वीप काका का सन्देश, 13 मई को वोट करेगा हर एक




**जन एक्सप्रेस। कन्नौज**

जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने कलेक्ट्रेट प्रांगण में मतदाता जागरूकता हेतु स्वीप काका लोगो/कटआउट लान्च किया, जो प्राथमिक विद्यालय सराय प्रताप के प्रधानाध्यापक आशीष कुमार मिश्र द्वारा तैयार किया गया है। स्वीप काका का लोगो/कट आउट जो सोशल मीडिया में अनेक मतदाताओं को प्रेरित कर रहा है। उन्होंने कहा कि मतदान प्रतिशत बढ़ाए जाने के उद्देश्य से मतदाता जागरूकता की यह अच्छी पहल है। स्वीप का प्रमुख लक्ष्य निर्वाचन में सभी पात्र नागरिकों को मत देने और जागरूक निर्णय लेने के लिए उत्साहित करना है। इसमें सबकी सहभागिता ही लोकतंत्र को मजबूत बनाती है। उन्होंने कहा कि हम लोग मतदाताओं के बीच सुबह शाम जा रहे हैं और लोगों को प्रेरित कर रहे हैं कि बढ़-चढ़कर मतदान करें। मतदाता पर्ची घर- घर भेजी जा रही है। मतदान केंद्र में बिजली, पानी, छाया आदि किसी प्रकार की समस्या न हो उसकी पूरी व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने कहा कि हमे पूरा विश्वास है कि नगरीय और ग्रामीण क्षेत्र के लोग अपने मत का प्रयोग करने मतदान केंद्र पर अवश्य आएंगे और अपने मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र को मजबूत बनाएंगे। उन्होंने कहा कि स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत 13 मई को वोट करेगा हर एक, मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य जनपद में बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों द्वारा अनेक प्रयास किए जा रहें हैं। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी उपासना रानी वर्मा द्वारा मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से मोबाइल स्टीकर को जिला निर्वाचन अधिकारी के मोबाइल पर लगाया गया। बीएसए ने बताया कि आज के डिजिटल युग में मोबाइल हर नागरिक के हाथ में रहता है इसलिए यह स्टीकर बेसिक शिक्षा विभाग के सौजन्य से अधिक से अधिक मतदाताओं के मोबाइल पर लगाने का प्रयास किया जा रहा है जिससे 13 मई 2024 को मतदान प्रतिशत में अधिकतम वृद्धि हो सके। इस अवसर उप जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष कुमार सिंह, प्रशिक्षु आई0ए0एस0 स्मृति मिश्रा, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी विनीत कटियार सहित कलेक्ट्रेट सभागार में उपस्थित समस्त अधिकारीयों/ कर्मचारियों/नागरिकों द्वारा भी स्वीप काका के साथ सेल्फी ली गई। खण्ड शिक्षा अधिकारी विपिन कुमार, शिक्षक आशुतोष दुबे आदि उपस्थित रहे।

# कांग्रेस पाकिस्तान की मुरीद

## पीएम मोदी बोले, यहां कांग्रेस दम तोड़ रही, वहां पाकिस्तान रो रहा, वो चाहता है शहजादा प्रधानमंत्री बने

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। अहमदाबाद**




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को गुजरात के आणंद में चुनाव प्रचार किया। इस प्रचार के दौरान उन्होंने शास्त्री मैदान में एक रैली को भी संबोधित किया। रैली में उन्होंने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। प्रधानमंत्री ने दावा किया कि पूरा देश आज विश्वास के साथ कह रहा है, फिर एक बार मोदी सरकार। उन्होंने कांग्रेस के 60 वर्षों के कार्यकाल से भाजपा के 10 वर्षों के कार्यकाल की तुलना की। पीएम मोदी ने इस दौरान कांग्रेस के कार्यकाल को शासनकाल कहा। रैली को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कांग्रेस को पाकिस्तान का मुरीद बताया है। उन्होंने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि शहजादे को प्रधानमंत्री बनाने के लिए पाकिस्तान उतावला है।

### कांग्रेस को विभिन्न मुद्दों पर घेरा

आणंद में रैली को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कांग्रेस मुद्दों पर घेरा। उन्होंने कहा, देश ने 60 साल तक कांग्रेस का राज देखा है। अब देश ने 10 साल भाजपा का सेवाकाल भी देखा है। वो शासनकाल था, ये सेवाकाल है। कांग्रेस के 60 साल में करीब 60 फीसदी ग्रामीण आबादी के पास शौचालय नहीं था। 10 साल में भाजपा सरकार ने शत-प्रतिशत टॉयलेट बना दिए। 60 साल में कांग्रेस देश में सिर्फ तीन करोड़ ग्रामीण घरों तक ही नल से जल की सुविधा पहुंचा पाई, यानी कि 20 प्रतिशत से भी कम घरों में। 10 साल में ही नल से जल पहुंचने वाले घरों की संख्या आज 14 करोड़ हो गई है, यानी 75 फीसदी घरों में नल से जल पहुंचा है।

### मोदी की मजबूत सरकार आतंकियों को घर में घुसकर मारती है

राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस के शहजादे आजकल माथे पर संविधान रखकर नाच रहे हैं। उन्होंने विपक्ष से सवाल किया, कांग्रेस मुझे जवाब दे कि जिस संविधान को आज माथे पर रखकर नाच रहे हो, क्यों 75 साल तक हिंदुस्तान के सभी हिस्सों पर ये संविधान लागू नहीं होता था। मोदी के आने से पहले इस देश में दो संविधान, दो झंडे थे। शहजादे की पार्टी कांग्रेस ने, इनके परिजनों ने देश में संविधान लागू नहीं होने दिया था। कश्मीर में हिंदुस्तान का संविधान लागू नहीं होता था। धारा 370 दीवार बनकर बैठी थी। सरदार पटेल की भूमि से आए इस बेटे ने उस 370 को जमींदोज कर दिया और सरदार साहब को श्रद्धांजलि दी। पीएम मोदी ने आगे कहा, कांग्रेस की कमजोर सरकार आतंक के आकाओं को डोजियर देती थी, लेकिन मोदी की मजबूत सरकार आतंकियों को घर में घुसकर मारती है। संयोग देखिए, आज भारत में कांग्रेस कमजोर हो रही है। मजा ये है कि यहां कांग्रेस मर रही है और वहां पाकिस्तान रो रहा है। कांग्रेस के लिए अब पाकिस्तानी नेता दुआ कर रहे हैं।

### कांग्रेस पर बैंकों का राष्ट्रीयकरण करने का आरोप

पीएम मोदी ने विपक्ष पर आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस ने बैंकों का राष्ट्रीयकरण किया है। उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस ने बैंकों पर कब्जा कर लिया और ये कहा कि बैंक गरीबों के लिए होने चाहिए। उन्होंने आगे कहा, बैंकों का राष्ट्रीयकरण गरीबों के नाम पर करने के बावजूद भी कांग्रेस सरकार 60 साल में करोड़ों गरीबों के बैंक खाते नहीं खोल पाई। मोदी ने 10 साल में 50 करोड़ से ज्यादा जनधन बैंक खाते खोले। रैली में पीएम मोदी ने कहा, 2014 में जब आपने अपने इस बेटे को गुजरात से दिल्ली भेजकर देश की सेवा करने का आदेश दिया, उस समय देश के प्रधानमंत्री बड़े विद्वान अर्थशास्त्री थे। जब उन्होंने छोड़ा था, तब देश दुनिया में 11वें नंबर की अर्थव्यवस्था था। 10 साल में इस गुजराती ने, चाय वाले ने देश की इकोनॉमी को पांचवें नंबर पर पहुंचा दिया।

### रैली में पीएम मोदी ने किया वल्लभभाई पटेल का जिक्र

प्रधानमंत्री ने बताया कि कांग्रेस के कारण दशकों तक देश के संविधान के साथ भांति-भांति के खिलवाड़ हुए। सरदार वल्लभभाई पटेल का जिक्र करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि वह बहुत जल्दी चले गए, जिसके कारण देश को बहुत नुकसान हुआ है। उन्होंने आगे कहा, मेरे मन में है कि मैं सरदार साहब के सपने भी पूरे करने की कोशिश करूं। आज मोदी देश को एक करने के सरदार साहब के सपने को पक्का कर रहा है। वहीं कांग्रेस देश को बांटने में जुटी है, कांग्रेस समाज में लड़ाई-झगड़ा कराना चाहती है।

### कांग्रेस मर रही है तो वहां पाकिस्तान रो रहा है

इससे पहले पीएम ने आणंद में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, भारत में कांग्रेस कमजोर हो रही है। यहां कांग्रेस मर रही है तो वहां पाकिस्तान रो रहा है। कांग्रेस के लिए पाकिस्तान के आका दुआ कर रहे हैं। शहजादे को प्रधानमंत्री बनाने के लिए पाकिस्तान उतावला है। पाकिस्तान और कांग्रेस की यह पार्टनरशिप पूरी तरह एक्सपोज हो गई है।

### पाकिस्तान के हाथों में आज भीख का कटोरा

उन्होंने कहा, पाकिस्तान में आतंकवाद का टायर पंक्चर हो गया है। जो देश कभी आतंक एक्सपोर्ट करता था, आज वह आटे के इम्पोर्ट के लिए दर-दर भटक रहा है। कभी जिसके हाथ में बम-गोला होता था, उसके हाथ में आज भीख का कटोरा है। कांग्रेस की कमजोर सरकार आतंक के आकाओं को डोजियर देती थी, लेकिन मोदी की मजबूत सरकार देखिए, डोजियर देने में टाइम खराब नहीं करती, आतंकियों को घर में घुसकर मारती है।

# राहुल ऑन फायर विवाद: पाकिस्तान के पूर्व मंत्री ने की कांग्रेस की तारीफ



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत में लोकसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक गलियारों में पहले से ही हलचल मची हुई है। आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है। ऐसे में एक बार फिर भाजपा और कांग्रेस के बीच तनाव पैदा हो गया है। दरअसल, पाकिस्तान के एक पूर्व मंत्री ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की सोशल मीडिया पर तारीफ की है। इसी पोस्ट को लेकर भाजपा ने विपक्षी पार्टी को आड़े हाथ ले लिया है।

### फवाद हुसैन ने की तारीफ

पूर्व पाकिस्तानी मंत्री चौधरी फवाद हुसैन ने बुधवार को एक्स पर राहुल गांधी के भाषण के कुछ अंश साझा किया। साथ ही उन्होंने लिखा, 'राहुल ऑन फायर'।

### अमित मालवीय ने साधा निशाना

इस पर भाजपा के आईटी सेल प्रमुख अमित मालवीय ने इमरान खान की कैबिनेट में हुसैन की पिछली भूमिका की ओर इशारा करते हुए पाकिस्तान के साथ कांग्रेस के जुड़ाव पर सवाल उठाया। वहीं, भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने भी कांग्रेस पर पाकिस्तान के साथ स्पष्ट गठबंधन करने का आरोप लगाया। अमित मालवीय ने कहा, इमरान खान कैबिनेट में सूचना और प्रसारण मंत्री के रूप में काम कर चुके चौधरी फवाद हुसैन राहुल गांधी को बढ़ावा दे रहे हैं। क्या कांग्रेस पाकिस्तान में चुनाव लड़ने की योजना बना रही है? उन्होंने कहा कि मुस्लिम लीग की छाप वाले घोषणापत्र से लेकर सीमा पार से जोरदार समर्थन तक, पाकिस्तान के साथ कांग्रेस का गठबंधन इससे अधिक स्पष्ट नहीं हो सकता।

### यह रिश्ता स्पष्टः पूनावाला

शहजाद पूनावाला ने फवाद चौधरी द्वारा राहुल गांधी की प्रशंसा करने पर प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि यह रिश्ता स्पष्ट है। भाजपा नेता ने कहा, इससे पहले हाफिज सईद ने कहा था कि कांग्रेस उसकी पसंदीदा पार्टी है। पीएम मोदी को हटाने के वास्ते समर्थन मांगने के लिए मणि अय्यर पाकिस्तान गए थे! हमें याद है कि हाल ही में कांग्रेस नेताओं द्वारा पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगाए गए थे और बीके हरिप्रसाद ने खुलेआम पाक के लिए वकालत की थी। समय-समय पर कांग्रेस नेताओं ने पाकिस्तानी आतंकवादियों का भी बचाव किया। आज रिश्ता साफ है, कांग्रेस का हाथ पाकिस्तान के साथ!

# 2जी स्पेक्ट्रम मामले में केंद्र की याचिका स्वीकार करने से इनकार, सुप्रीम कोर्ट रजिस्ट्री का फैसला

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

2जी स्पेक्ट्रम मामले में सुप्रीम कोर्ट के फैसले में संशोधन की केंद्र सरकार की मांग को झटका लगा है। दरअसल सुप्रीम कोर्ट रजिस्ट्री ने केंद्र की याचिका को खारिज कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट रजिस्ट्री ने केंद्र की याचिका को गलत धारणा पर आधारित और स्पष्टीकरण की आड़ में सुप्रीम कोर्ट के फैसले की समीक्षा कराने की कोशिश करार दिया। सुप्रीम कोर्ट ने साल 2012 में दिए अपने एक आदेश में कहा था कि देश के प्राकृतिक संसाधन नीलामी के जरिए ही आवंटित किए जा सकते हैं। इसी फैसले में केंद्र ने संशोधन की मांग की थी।

### अपील कर सकती है सरकार

सुप्रीम कोर्ट के नियम एक्सबी के नियम पांच के मुताबिक सुप्रीम कोर्ट का रजिस्ट्री विभाग याचिका लेने से इनकार कर सकता है। इस नियम के मुताबिक रजिस्ट्रार कोई उचित कारण न होने, या निंदनीय मामला होने के आधार पर याचिका लेने से इनकार कर सकता है। हालांकि याचिकाकर्ता इस तरह के आदेश के खिलाफ 15 दिनों के भीतर अपील कर सकता है।



*** याचिकाकर्ता इस तरह के आदेश के खिलाफ 15 दिनों के भीतर अपील कर सकता है**

### क्या है पूरा मामला

सुप्रीम कोर्ट ने 2 फरवरी 2012 को दिए अपने एक आदेश में 2जी स्पेक्ट्रम के विभिन्न कंपनियों को दिए लाइसेंस निरस्त कर दिए थे, जो ए राजा के बतौर टेलीकॉम मंत्री रहते दिए गए थे। साथ ही कोर्ट ने कहा था कि देश के प्राकृतिक संसाधनों का आवंटन नीलामी के जरिए हो सकता है। अब बीती 22 अप्रैल को अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमानी ने मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और जस्टिस जेबी पारदीवाला की पीठ के समक्ष एक अपील की। जिसमें 2जी स्पेक्ट्रम मामले में सुप्रीम कोर्ट के 2012 के फैसले में संशोधन की मांग की गई। अटॉर्नी जनरल ने मामले को जल्द सूचीबद्ध करने की भी मांग की। केंद्र सरकार ने गैर व्यवसायिक उद्देश्यों के लिए 2जी स्पेक्ट्रम की नीलामी में छूट देने की मांग की। एनजीओ पब्लिक इंटरेस्ट लिटिगेशन ने केंद्र की याचिका का विरोध किया। इसी एनजीओ की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने 2012 का फैसला दिया था।



### अखंड दया धाम भव्य आश्रम का भूमि पूजन संपन्न

*** महामंडलेश्वर स्वामी विनय स्वारूपानंद ने की अध्यक्षता**

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। हरिद्वार**

आज अखण्ड दया धाम आश्रम का पावन भूमि पूजन का धार्मिक उत्सव हरिद्वार मे विभिन्न प्रांतो से पधारे महामंडलेश्वरों के पावन उपस्थिति में विधि विधान से किये गये पूजन के साथ संपन्न हुआ। उक्त धार्मिक उत्सव में महामंडलेश्वर स्वामी भास्करानंद गिरि के पावन मुखार बिंदु से भागवत कथा सात दिनों तक अनवरत चलती रहे सभी भक्तो समेत सभी संतो ने रसास्वादन किया। उक्त धार्मिक उत्सव की अध्यक्षता श्री रामानुग्रह आश्रम कानपुर के परमाध्यक्ष महामंडलेश्वर स्वामी 1008 श्री विनयस्वारूपनंद सरस्वती जी ने किया। महामंडेलश्वर स्वामी विनयस्वारूपा नंद सरस्वती जी ने अध्यात्म पर सविस्तार प्रकाश डाला! उक्त धार्मिक उत्सव का आयोजन महामंडलेश्वर स्वामी भास्करानंद गिरि जी ने किया था। उक्त पतित पावन भूमि पूजन उत्सव में आचार्य महामंडलेश्वर महा निर्वाणी अखाड़ा के स्वामी विश्वात्मानंद सरस्वती, स्वामी आनंद चेतन सरस्वती, अखाड़ा परिषद के सचिव रवीन्द्र पुरी ,युग पुरुष स्वामी परमानंद गिरि, महामंडलेश्वर स्वामी चिदंबरानंद सरस्वती, महामंडलेश्वर स्वामी अभयानंद सरस्वती, महामंडलेश्वर स्वामी प्रणवानंद सरस्वती, महामंडलेश्वर स्वामी चन्द्रेश्वर गिरि, हरिद्वार के प्रसिद्ध संत एवम् भक्तजनों का विशाल समूह उपस्थिति रहा!

# डीसीडब्ल्यू के 223 कर्मचारी हटाए

## स्वाति मालीवाल बोलीं, नौ साल से काम कर रहे थे, उस समय क्यों नहीं किया

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**



दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने गुरुवार को बड़ी कार्रवाई की। उन्होंने दिल्ली महिला आयोग से 223 कर्मचारियों को तत्काल प्रभाव से हटाने का आदेश दे दिया। आरोप है कि डीसीडब्ल्यू की तत्कालीन अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने नियमों के खिलाफ जाकर बिना अनुमति के इन कर्मचारियों की नियुक्ति की। स्वाति मालीवाल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर एलजी पर हमला बोला। स्वाति मालीवाल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि दिल्ली महिला आयोग ने कई काम किये हैं। एलजी कह रहे हैं कि सभी संविदा कर्मियों को बर्खास्त करें क्योंकि नियुक्तियां अवैध हैं। अगर ऐसा हुआ तो डीसीडब्ल्यू बंद हो जायेगा। 90 कर्मचारियों में से केवल आठ लोग नियमित कर्मचारी हैं, जबकि बाकी संविदा कर्मचारी हैं, जो तीन महीने के अनुबंध पर काम कर रहे हैं। रोज 500 महिला आती हैं तो काम कैसे होगा। दिल्ली में रोज महिलाओं के खिलाफ अपराध होते हैं। दिल्ली महिला आयोग में एसिड अटैक पीड़िता भी काम करती हैं। जिन महिलाओं पर जुल्म हुआ है, वे काम करती हैं। उन्होंने आगे कहा कि लड़ाई मुझ से है। दिल्ली महिला आयोग को बंद न करें। दिल्ली में ऐसा काम करना है कि महिला की तरफ कोई भी बुरी नजर से नहीं देख पाएगा। छह माह से वेतन नहीं मिलता है। नौ माह से स्टाफ की मांग कर रहे हैं। दिल्ली महिला आयोग कानूनी सलाह लेगा। दिल्ली महिला आयोग मंजूरी कैसे लेगा। टीम की जरूरत है। स्टाफ तो देना चाहिए। ये एसिड अटैक वाले ही स्टाफ हैं। उन्हें पता है कि दर्द क्या होता है। पिछले नौ साल से काम कर रहे थे। उस समय क्यों नहीं किया था।

### स्वाति मालीवाल ने सोशल मीडिया पर कही यह बात

स्वाति मालीवाल ने एक्स पर लिखा, एलजी साहब ने डीसीडब्ल्यू के सारे कॉन्ट्रैक्ट स्टाफ को हटाने का एक तुगलकी फरमान जारी किया है। आज महिला आयोग में कुल 90 स्टाफ है जिसमें सिर्फ आठ लोग सरकार द्वारा दिये गये हैं, बाकी सब तीन-तीन महीने के कॉन्ट्रैक्ट पर हैं। अगर सब कॉन्ट्रैक्ट स्टाफ हटा दिया जाएगा, तो महिला आयोग पर ताला लग जाएगा। ऐसा क्यों कर रहे हैं ये लोग? खून पसीने से बनी है ये संस्था। उसको स्टाफ और सरंक्षण देने की जगह आप जड़ से खत्म कर रहे हो? मेरे जीते जी मैं महिला आयोग बंद नहीं होने दूंगी। मुझे जेल में डाल दो, महिलाओं पर मत ज़ुल्म करो!

# पूर्व पीएम देवेगौड़ा के पोते की बढ़ीं मुश्किलें गिरफ्तारी के लिए लुकआउट सर्कुलर जारी



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। बंगलूरू**

कर्नाटक की राजनीति में हलचल मची हुई है। कई महिलाओं से यौन शोषण के आरोप झेल रहे पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा के पोते प्रज्ज्वल रेवन्ना की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। अब उनकी गिरफ्तारी के लिए लुकआउट सर्कुलर जारी किया गया है। इसकी जानकारी खुद गृह मंत्री जी परमेश्वर ने गुरुवार को दी।

### सात दिन का समय मांगा

प्रज्ज्वल ने मामले की जांच कर रहे विशेष जांच दल (एसआईटी) के समक्ष पेश होने के लिए सात दिन का समय मांगा है। इस पर परमेश्वर ने कहा कि 24 घंटे से ज़्यादा समय देने का कोई प्रावधान नहीं है। गृह मंत्री ने कहा, जैसे ही यह पता चला कि प्रज्ज्वल रेवन्ना विदेश गए हैं, लुकआउट नोटिस जारी कर दिया गया है। हमने सभी बंदरगाहों और हवाई अड्डों को लुकआउट नोटिस के बारे में सूचित कर दिया है।

### एक और महिला ने दी शिकायत

एक महिला ने प्रज्ज्वल और उनके पिता पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। इस पर मंत्री ने कहा कि एक और पीड़िता सामने आई है। उसने शिकायत दर्ज कराई है। पीड़िता के बयान दर्ज कर लिए गए हैं। उन्होंने आगे कहा कि एक और महिला ने शिकायत दर्ज कराई है, जिसका विवरण अभी साझा नहीं कर सकता।

### पीएम मोदी को शर्म से झुका लेना चाहिए सिर

पूर्व केंद्रीय मंत्री और कांग्रेस नेता डॉक्टर वीरप्पा मोइली ने कहा, हम एक राजनेता के रूप में शर्मिंदा हैं। वह सबसे बड़ी सजा के हकदार हैं। नारा है बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, मुझे लगता है कि पीएम मोदी को अपना सिर शर्म से झुका लेना चाहिए।

### यह है मामला

बता दें कि 33 वर्ष के प्रज्ज्वल रेवन्ना पूर्व प्रधानमंत्री और जेडीएस सुप्रीमो एचडी देवगौड़ा के पोते और विधायक व पूर्व मंत्री एचडी रेवन्ना के बेटे हैं। उनके खिलाफ कई महिलाओं के साथ यौन शोषण के आरोप लगाए गए हैं और कई इससे जुड़े कई वीडियो वायरल हो गए हैं। राज्य सरकार ने इस मामले में एसआईटी का गठन किया है। प्रज्ज्वल कर्नाटक की हासन लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रहे हैं, जहां 26 अप्रैल को मतदान हुआ है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक जैसे ही सांसद से जुड़े वीडियो सामने आने लगे, वह वोटिंग खत्म होने के बाद वह देश छोड़कर भाग गए।

# केंद्र के नियंत्रण में नहीं सीबीआई, पश्चिम बंगाल मामले में सुप्रीम कोर्ट में बोली सरकार

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्र सरकार ने गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट में कहा कि सीबीआई पर केंद्र का नियंत्रण नहीं है। दरअसल पश्चिम बंगाल सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर दावा किया है कि सीबीआई ने कई मामलों में जांच के लिए राज्य सरकार की मंजूरी नहीं ली है। पश्चिम बंगाल सरकार ने संविधान के अनुच्छेद 131 के तहत केंद्र के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में मुकदमा दायर किया है। जिसमें आरोप लगाया गया है कि राज्य द्वारा सीबीआई को दी गई सामान्य सहमति वापस लेने के बावजूद भी संघीय एजेंसी एफआईआर दर्ज कर राज्य के मामलों की जांच कर रही है। संविधान का अनुच्छेद 131 केंद्र और राज्यों के अधिकारक्षेत्र से संबंधित है। केंद्र सरकार की तरफ से सुप्रीम कोर्ट में पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ को बताया कि संविधान का अनुच्छेद 131 संविधान के सबसे पवित्र क्षेत्राधिकार में से एक है और इसके प्रावधानों का गलत इस्तेमाल नहीं किया जा सकता। मेहता ने कहा कि राज्य सरकार के मुकदमे में जिस मामले के बारे में बताया गया है, वह भारत सरकार ने दायर नहीं किया है।

# अंधाधुंध निजीकरण से आरक्षण छीन रही मोदी सरकार: राहुल

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**



लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के मतदान से पहले कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने आरक्षण को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर जनकर निशाना साधा है। उन्होंने पीएम मोदी पर दलितों, आदिवासियों और पिछड़े वर्गों से गुपचुप तरीकों से आरक्षण छीनने का आरोप लगाया है। कांग्रेस नेता ने कहा कि पीएम मोदी आंख बंद करके निजीकरण को लागू कर पिछड़े वर्गों से आरक्षण छीन रहे हैं। राहुल गांधी ने कहा कि उनकी पार्टी सार्वजनिक क्षेत्र में उद्यमों को मजबूत करने और कर्मचारियों के लिए नौकरी के दरवाजे खोलने की गारंटी देती है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा, ÷पीएम मोदी के चुनाव प्रचार का मंत्र आरक्षण हटाना है। न रहेगा बांस, न बजेगी बांसुरी। इसका मतलब है कि न रहेगी सरकारी नौकरी, न मिलेगा आरक्षण।÷ उन्होंने आगे कहा, ÷मोदी सरकार आंख बंद करके निजीकरण को लागू कर गुपचुप तरीके से पिछड़े वर्गों से आरक्षण छीन रही है। राहुल ने आगे कहा, ÷2013 में सार्वजनिक क्षेत्र में 14 लाख स्थायी पद थे, जो 2023 तक आते आते सिर्फ 8.4 लाख ही बचे। बीएसएनएल, सेल, बीएचईएल जैसे टॉप पीएसयू को बर्बाद कर लगभग छह लाख पक्की नौकरियां सिर्फ सर्वजनिक क्षेत्र से ही खत्म कर दी गई। ये वही पद हैं जहां आरक्षण का लाभ मिलता। सरकारी कार्यों को ठेके पर देकर रेलवे जैसे संस्थानों में जो नौकरियां बैक डोर से खत्म की जा रही हैं उनकी तो कोई गिनती ही नहीं है।

# डीपफेक वीडियो सर्कुलेशन केस: दिल्ली हाईकोर्ट बोला, चुनाव के दौरान हम कोई निर्देश नहीं दे सकते, इसे आयोग पर छोड़ते हैं

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

लोकसभा चुनाव के दौरान नेताओं के डीपफेक वीडियो के सर्कुलेशन के खिलाफ याचिका पर 2 मई को दिल्ली हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। इस दौरान एक्टिंग चीफ जस्टिस मनमोहन सिंह ने कहा कि चुनाव के बीच में कोर्ट कोई निर्देश नहीं दे सकता। इसलिए हम इसे चुनाव आयोग पर छोड़ते हैं। हमें उन पर भरोसा है। हाईकोर्ट वकीलों के एक संगठन की याचिका पर सुनवाई कर रहा था। इसमें इलेक्शन कमीशन को निर्देश दिए जाने की मांग की गई थी कि वह चुनाव के दौरान फेक वीडियो के सर्कुलेशन पर रोक लगाए। यह याचिका गृह मंत्री अमित शाह के फेक वीडियो को लेकर दिल्ली पुलिस में एफआईआर दर्ज होने और तेलंगाना के मुख्यमंत्री समेत कई लोगों को पूछताछ के लिए समन देने के बाद लगाई गई थी। कोर्ट ने संगठन से कहा कि चुनाव आयोग में जाएं और अपना पक्ष रखें। आयोग 6 मई तक इस पर निर्णय लेगा और उचित कदम उठाएगा। एडवोकेट जयंत मेहता ने कहा था कि हम इस मामले में जल्दी सुनवाई की अपील इसलिए कर रहे हैं, क्योंकि आम चुनाव चल रहे हैं और बड़ी संख्या में डीपफेक वीडियो सर्कुलेट हो रहे हैं। इस मामले में हमने इलेक्शन कमीशन को भी प्रतिनिधि बनाया है। अब सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के पास शिकायत का निवारण करने वाले अधिकारी हैं, क्या याचिकाकर्ताओं ने उनसे बात की है?

### फेक वीडियो हटा दिए गए, एफआईआर भी दर्ज: आयोग

सुनवाई के दौरान चुनाव आयोग ने कोर्ट को बताया कि अमित शाह, राहुल गांधी, आमिर खान और रणवीर सिंह के वीडियो हटा दिए गए हैं और एफआईआर भी दर्ज की गई हैं। कोर्ट ने यह भी कहा कि जिन अकाउंट्स से बार-बार फर्जी वीडियो पोस्ट हो रहे हैं, उनके खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए और उनके नाम भी सार्वजनिक किए जाने चाहिए।

# खड़गे का मोदी को लेटर, मेनिफेस्टो पर डिबेट की चुनौती

## कांग्रेस अध्यक्ष बोले, लोग आपको सांप्रदायिक भाषण देने वाले पीएम के रूप में याद करेंगे



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने लगातार दूसरे गुरुवार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेटर लिखा है। खड़गे ने 2 मई को लिखे लेटर में पीएम मोदी को कांग्रेस और भाजपा के चुनावी मेनिफेस्टो पर डिबेट की चुनौती दी है। खड़गे ने लेटर में लिखा- आपने एनडीए के सभी उम्मीदवारों को पत्र लिखकर बताया है कि उन्हें वोटरों से क्या बात करनी है। चिट्ठी के लहजे से लगता है कि आपमें बहुत हताशा और चिंता है। यह आपको ऐसी भाषा का इस्तेमाल करने के लिए प्रेरित कर रही है, जो प्रधानमंत्री पद को शोभा नहीं देती। खड़गे ने तीन पन्नों के लेटर में कहा- चुनाव के बाद लोग आपको एक ऐसे प्रधानमंत्री के रूप में याद करेंगे, जो हार से बचने के लिए झूठ से भरे सांप्रदायिक भाषण देते थे। बेहतर होगा कि नफरत भरे भाषण देने के बजाय आप पिछले दस सालों में अपनी सरकार के काम पर वोट मांगें।

### खड़गे बोले, वोटर्स खुद मेनिफेस्टो पढ़ और समझ सकते हैं

खड़गे ने आगे लिखा- वोटर्स इतने समझदार हैं कि कांग्रेस ने अपने मेनिफेस्टो में क्या लिखा है और किन गारंटी का वादा किया है, वह खुद पढ़ और समझ सकते हैं। हमारी गारंटी इतनी सरल और स्पष्ट है कि हमें उन्हें समझाने की जरूरत नहीं है। हमारा मेनिफेस्टो न्याय की बात करता है। हम समाज के सभी वर्गों के लिए विकास कैसे लाएंगे, मेनिफेस्टो में इसका जिक्र है। कांग्रेस आपको या भाजपा के किसी भी व्यक्ति को हमारे साथ दोनों पार्टियों के मेनिफेस्टो पर बहस करने की चुनौती देती है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) (नेशनल हेडः कमलेश फाइटर) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)